नई दिल्ली
मंगलवार, 11 मार्च 2025
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष,
द्वादशी वर्ष : 28, अंक : 331
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 34
न्यून. 18

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## मस्क बोले- एक्स पर साइबर हमला किसी संगठन या देश का हाथ



**नई दिल्ली।** जानेमाने उद्योगपति एलन मस्क के स्वामित्व वाली माइक्रोब्लॉगिंग साइट 'एक्स' पर सोमवार को बड़ा साइबर हमला हुआ। इस साइबर हमले की वजह से 'एक्स' के सर्वर सोमवार को तीन बार ठप पड़ गए। सबसे लंबा आउटेज रात पौने नौ बजे के आसपास देखा गया। यूजर्स को 'एक्स' पर पोस्ट करने और लॉगिन करने में दिक्कतें आईं। करीब दो घंटे की आउटेज ▸▸ शेष पेज 5 पर

### शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने संसद में दिया जवाब

# केंद्रीय विद्यालयों में 'दाखिले' के लिए सांसद कोटे को फिर शुरू करने का कोई प्रस्ताव नहीं

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय विद्यालयों में फिर से सांसद कोटा शुरू किए जाने की अटकलों पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने संसद में जवाब दिया है। सोमवार को उन्होंने एक लिखित जवाब में कहा कि केंद्रीय विद्यालयों में दाखिले के लिए सांसद कोटा को फिर से शुरू करने का कोई प्रस्ताव फिलहाल सरकार के विचाराधीन नहीं है। उन्होंने अपने जवाब में कहा कि केंद्रीय विद्यालय संगठन ने सांसद कोटा सहित कुछ विशेष प्रावधानों को वापस ले लिया, जो कक्षा की स्वीकृत सीट संख्या के अतिरिक्त था और छात्रों की शिक्षा को प्रभावित कर रहा था। प्रधान ने आगे कहा कि यह कोटा कक्षा की स्वीकृत सीट संख्या से अतिरिक्त था और इसलिए बेहतर छात्र-शिक्षक अनुपात (पीटीआर) को बनाए रखते हुए प्रणाली में गुणात्मक परिवर्तन लाने और राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के दृष्टिकोण के अनुरूप वांछित शिक्षण परिणाम प्राप्त करने के लिए इन्हें समाप्त कर दिया गया। था।

### क्यों बंद किया गया था कोटा?

1 बेहतर छात्र-शिक्षक अनुपात (पीटीआर) को बनाए रखते हुए प्रणाली में गुणात्मक परिवर्तन लाने

2 राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के दृष्टिकोण के अनुरूप वांछित शिक्षण परिणाम प्राप्त करने के लिए

### केंद्रीय विद्यालयों में क्या था सांसद कोटा?



जब तक यह कोटा था तो एक सांसद को किसी केंद्रीय विद्यालय में 10 बच्चों के दाखिले के लिए सिफारिश करने का विशेषाधिकार प्राप्त था। यहां तक कि जिलाधिकारी को भी प्रायोजक प्राधिकरण कोटे के तहत 17 छात्रों के प्रवेश के लिए सिफारिश करने की शक्ति थी। लोकसभा के 543 और राज्यसभा के 245 सदस्य इस कोटे के तहत एक साल में कुल 7,880 बच्चों के दाखिले की सिफारिश कर सकते थे, लेकिन 2022 में केंद्र सरकार ने इस कोटे को खत्म कर दिया था।

### कोटा खत्म होने से पहले कितने होते थे एडमिशन?




यह कोटा खत्म होने से पहले सांसदों की सिफारिश पर केंद्रीय विद्यालयों में बच्चों के एडमिशन सीमित संख्या से ऊपर पहुंच जाते थे। आंकड़ें बताते हैं कि वर्ष 2018-19 में सांसद कोटे के तहत कुल 8,164 एडमिशन हुए थे। इसी तरह वर्ष 2019-20 में एमपी कोटे से 9411 एडमिशन हुए, तो वहीं 2020-21 में कुल 12,295 बच्चों के दाखिले हुए। हालांकि, साल 2021-22 में एमपी कोटे के तहत कुल 7301 एडमिशन हुए।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पीएचडी छात्रों के लिए बढ़ाई 62% फेलोशिप



**नई दिल्ली।** पीएचई दिल्ली स्टेट यूनिवर्सिटी में शुमार ट्रिपल आईटी दिल्ली ने पीएचडी छात्रों के लिए खुशखबरी दी है। संस्थान ने पीएचडी फेलोशिप की धनराशि बढ़ा दी है। दिल्ली की इंद्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि पीएचडी फ़ेलोशिप 62 फीसदी तक पीएचडी फेलोशिप बढ़ा दी है।

### पुरस्कार समारोह में नहीं थे पीसीबी प्रतिनिधि



**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रतिनिधि को चैंपियंस ट्रॉफी के पुरस्कार समारोह में नहीं बुलाए जाने पर विवाद बढ़ गया है। पीसीबी आईसीसी से इस बात का विरोध दर्ज करेगा कि दुबई में समारोह के दौरान उसके सीईओ और चैंपियंस ट्रॉफी के टूर्नामेंट निदेशक सुमैर अहमद को अनदेखा किया गया।

### शूटिंग के दौरान ऋतिक के पैर में लगी चोट



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर ऋतिक रोशन घायल हो गए हैं। वॉर 2 की शूटिंग के सेट पर वो हादसे का शिकार हो गए। उनके पैर में चोट लगी है, जिस वजह से फिल्म की शूटिंग भी फिलहाल टल गई है। ऋतिक और जूनियर एनटीआर स्टारर 'वॉर 2' साल की मच-अवेटेड बॉलीवुड रिलीज में से एक है। इसके बारे में अपडेट का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं।

### बोले केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, बेईमान तमिलनाडु सरकार छात्रों के भविष्य को बर्बाद कर रही है

# तीन भाषा नीति पर लोकसभा में सत्ता पक्ष विपक्ष के बीच हंगामा, स्थगित हुई कार्यवाही

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

बीते कुछ वक्त से तीन भाषा नीति को लेकर केंद्र और तमिलनाडु सरकार के बीच जारी तनातनी की झलक सोमवार को लोकसभा में प्रत्यक्ष रूप से देखने को मिली। बजट सत्र के दूसरे चरण के पहले दिन केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सुबह प्रश्नकाल के दौरान सदन में प्रदेश सरकार की बेहद तीखे शब्दों में आलोचना करते हुए उसे पूरी तरह से बेईमान करार दे दिया। उन्होंने कहा, तमिलनाडु की सरकार ने शुरुआत में केंद्र की पीएमश्री योजना को लागू करने पर सहमति जताई थी। लेकिन बाद में वह अपने ही किए हुए वादे से साफ मुकर गई। इसके बाद सदन में मौजूद तमिलनाडु की सत्ताधारी पार्टी द्रमुक के सांसदों ने जमकर विरोध किया। इसी हंगामे के बीच लोकसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही को लगभग 11.30 बजे से लेकर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। द्रमुक सांसद दयानिधि मारन ने मीडिया से बातचीत में धर्मेंद्र प्रधान के केंद्र की उक्त योजना को लागू करने के दावे को खारिज करते हुए कहा कि उन्होंने झूठ बोला है कि तमिलनाडु की सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के क्रियान्वयन के लिए उस पर हस्ताक्षर करने की सहमति प्रदान कर दी है। राज्य ने अभी तक ऐसा नहीं किया है।



### स्टालिन ने एक्स पर पलटवार करते हुए कहा अहंकारी राजा की तरह व्यवहार कर रहे प्रधान

#### स्टालिन ने प्रधान को बताया अहंकारी राजा

उधर, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने मामले पर एक्स पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने अपनी पोस्ट में प्रधान के बयान की आलोचना करते हुए लिखा कि वह एक अहंकारी राजा की तरह बोल रहे हैं। उन्होंने तमिलनाडु के लोगों का अनादर किया है। उन्हें अनुशासित किए जाने की आवश्यकता है।

#### तमिलनाडु के नेता केवल राजनीति कर रहे



केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने अपने बयान में तमिलनाडु की द्रमुक सरकार पर आरोप लगाया कि वो इस मामले में जिस तरह से राजनीति कर रहे हैं। उससे केवल वो छात्रों का भविष्य बर्बाद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनका एकमात्र उद्देश्य सिर्फ भाषाई अवरोध पैदा करना है। जो कि पूरी तरह से अलोकतांत्रिक है।

#### तीन भाषा नीति पर नहीं दी सहमति

*द्रमुक सांसद ने कहा कि तमिलनाडु की सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति और तीन भाषा नीति पर सहमति प्रदान नहीं की है। हमारा यही तर्क है कि जब उत्तर भारत में पढ़ने वाले छात्र केवल एक अलग भाषा सीखते हैं तो दक्षिण भारत के छात्रों के लिए तीन भाषाएं क्यों होनी चाहिए? हम हिंदी के विरोध में नहीं हैं। अगर कोई छात्र हिंदी सीखना चाहता है तो वह उसे सीख सकता है। मगर इसे अनिवार्य रूप से लागू नहीं किया जाना चाहिए।*

## 'शालीन' स्टालिन ने केंद्र के खिलाफ बाहें चढ़ाई, धर्मेंद्र प्रधान की शैली पर उठाए सवाल

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

विपक्षी तेवर पहले पश्चिम बंगाल से आकार लेता नजर आया फिर दिल्ली के मार्फत शह और मात का खेल चला। और कब विपक्षी एकता की धुरि बन रहा है केरल। केरल में विधानसभा चुनाव है। आजादी के बाद से अब तक क्षेत्रीय दल डीएमके, एआईएडीएमके ही मुख्य रूप से वहां सत्ता में रहे। कांग्रेस सांगठनिक रूप से कभी न मजबूत रही न ही कांग्रेस नेतृत्व ने कभी तमिलनाडु में मजबूत होने की कोशिश की। पहली बार है कि भाजपा के शीर्ष नेताओं ने तमिलनाडु में पूरा जोर लगाया हुआ है। इसका दबाव मुख्यमंत्री एमके स्टालिन लगातार झेल रहे हैं। यही वजह है कि उन्होंने अपने स्वभाव से इतर भाजपानीत केंद्र सरकार के खिलाफ आक्रामक रुख अख्तियार किया हुआ है। तमिल भाषा की लडाई लडने के लिए उन्होंने हिंदी और अंग्रेजी में ट्वीट करना शुरू किया है। विपक्षी गठबंधन के नेताओं के साथ बैठक कर चुनाव से पहले सूबे के डीलिमिटेशन और राष्ट्रीय भाषा में भी पठन पाठन के खिलाफ माहौल बनाने के लिए मदद की गुहार लगाई है। भाजपा ने भी डीएमके के खिलाफ लगातार घेराबंदी दिल्ली से चेन्नई तक तेज की है।



सोमवार को संसदीय सत्र के पहले दिन जैसे ही शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने तमिलनाडु के सांसदों को कथित गलत आरोपों पर घेरा, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने ट्वीट कर धर्मेंद्र प्रधान की ओर सवाल उछाल दिये। उन्होंने कहा कि देश के फेडरल सिस्टम वाली डेमोक्रेसी में केंद्र से सीधे राज्यों पर कोई फैसला नहीं थोपे जाने पर खबरदार किया है। उन्होंने डीएमके सांसदों के सवालों के पर धर्मेंद्र प्रधान के जवाब की शैली पर सवाल खडे किये। ▸▸ शेष पेज 5 पर

### तनिष्क के शोरूम में फिल्मी स्टाइल में लूट, सारे स्टाफ को बंधक बनाया

## आभूषण समेत 25 करोड़ पर मारा हाथ, स्टाफ व ग्राहकों के मोबाइल भी ले गए

एजेंसी ▸▸ आरा

भोजपुर जिले के आरा शहर में सोमवार को दिल दहला देने वाली लूट की वारदात सामने आई है। शहर के बीचों-बीच स्थित तनिष्क ज्वेलरी शोरूम में दिनदहाड़े आठ से नौ की संख्या में आए हथियारबंद अपराधियों ने पूरी दुकान को लूट लिया। करीब 30 मिनट तक शोरूम के अंदर आतंक मचाते हुए लुटेरे एक-एक स्टॉल से ज्वेलरी समेटते रहे। घटना नगर थाना क्षेत्र के गोपाली चौक स्थित तनिष्क शोरूम की है। चश्मदीदों के अनुसार सुबह करीब 10:30 बजे दो-दो की संख्या में अपराधी शोरूम के भीतर प्रवेश करते गए। जैसे ही सभी ▸▸ शेष पेज 5 पर



### इंदौर हाईकोर्ट ने भर्ती प्रक्रिया को लेकर किया बड़ा फैसला

## अभ्यर्थियों की 169.6 सेमी हाइट को माना जाए 170 सेंटीमीटर हाइट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ इंदौर

मध्यप्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने केंद्र सरकार को आदेश दिया है कि भर्ती प्रक्रिया में अभ्यर्थियों की हाइट को राउंड फिगर में लिया जाए। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस और सेंट्रल आर्म्ड फोर्स में भर्ती के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थी अरुण कलमोडिया के पक्ष में फैसला सुनाया, जिसकी हाइट 169.6 सेमी थी। हाई कोर्ट ने कहा कि इसे 170 सेमी मानकर भर्ती प्रक्रिया में शामिल किया जाना चाहिए। कलमोडिया ने दिल्ली पुलिस और सेंट्रल आर्म्ड फोर्स में भर्ती के लिए आवेदन किया था, लेकिन प्राथमिक स्तर पर हाइट ▸▸ शेष पेज 5 पर




### मुख्यमंत्री नायब सैनी ने विधानसभा में दी जानकारी

## हरियाणा एसटीएफ ने चार साल में दबोचे 1997 अपराधी

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

संगठित अपराध से निपटने के लिए गठित हरियाणा की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने वर्ष 2020 से 2024 के बीच न केवल अपहरण, कॉन्ट्रैक्ट किलिंग, जबरन वसूली, लूट और डकैती जैसे अपराध करने वाले गिरोहों पर लगाम लगाई है, बल्कि जघन्य अपराध में शामिल 542 मोस्ट वांटेड अपराधियों, 256 गैंगस्टर/गैंग सदस्यों और 1199 अन्य अपराधियों सहित कुल 1997 आरोपियों को गिरफ्तार करके बेहतरीन प्रदर्शन भी किया है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सोमवार को हरियाणा विधानसभा के चल रहे बजट सत्र के दौरान उठाए गए एक प्रश्न के उत्तर में जानकारी दे रहे थे। उन्होंने कहा कि एसटीएफ द्वारा राज्य भर में संगठित अपराध में शामिल विभिन्न गिरोहों और अपराधियों ▸▸ शेष पेज 5 पर




### बोले, पासपोर्ट के आवेदकों को वैध कारणों से ही नागरिकता प्राप्त करनी चाहिए

#### भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच ब्रिटेन चले गए थे मोदी

# वानुआतु के प्रधानमंत्री ने दिया ललित मोदी का पासपोर्ट रद्द करने का आदेश

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

ब्रिटेन छोड़कर प्रशांत महासागर के द्वीपीय देश वानुआतु में बसने की योजना बना रहे भारत के भगोड़े आर्थिक अपराधी ललित मोदी का सपना चकनाचूर हो गया है। क्योंकि वानुआतु के प्रधानमंत्री जोथम नापत ने सोमवार को अपने नागरिकता आयोग को मोदी को हाल ही में जारी किए गए पासपोर्ट को रद्द करने का आदेश दे दिया है। वानुआतु द्वारा जारी किए गए एक आधिकारिक बयान से यह जानकारी मिली है। उधर, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पिछले सप्ताह हुई मीडिया ब्रीफिंग में इस मामले पर भारत सरकार का रुख साफ करते हुए कहा था कि हमें इस बात की जानकारी है कि ललित मोदी ने बीते 7 मार्च को लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग में भारत की नागरिकता छोड़ने के लिए आवेदन किया है। जिसकी संबंधित प्रक्रिया के तहत जांच की जाएगी। इसके अलावा उनके खिलाफ आर्थिक अपराध से जुड़े हुए जो भी मामले हैं, उनके खिलाफ सरकार की कार्रवाई जारी रहेगी। यहां बता दें कि वर्ष 2010 में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पूर्व संस्थापक ललित मोदी अपने ऊपर लगे धन शोधन और भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच भारत छोड़कर ब्रिटेन चले गए थे। उन्होंने कहा कि वानुआतु की नागरिकता हासिल करना एक विशेषाधिकार है। न कि कोई अधिकार। लेकिन आवेदकों को इसे वैध कारणों से प्राप्त किया जाना चाहिए। गौरतलब है कि ललित मोदी ने वानुआतु में करीब 1.3 करोड़ रुपए के निवेश के जरिए नागरिकता ली थी। यह प्रशांत महासागर के देश में बसने का सबसे आसान रास्ता था।




#### यूं स्वतः खारिज हो जाता आवेदन

प्रधानमंत्री नापत ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मीडिया में हुए खुलासों और बीते करीब 24 घंटे में इंटरपोल ने दो बार ललित मोदी के खिलाफ अलर्ट जारी करने के भारतीय अधिकारियों के अनुरोध को ठोस न्यायिक साक्ष्यों के अभाव में रद्द कर दिया है। इंटरपोल की स्क्रीनिंग और अन्य जरूरी मानकों की जांच में हालांकि मोदी के खिलाफ किसी तरह की कोई आपराधिक दोष सिद्धि नहीं हुई है। वहीं, एक बार इस मामले में इंटरपोल द्वारा अलर्ट जारी करने के बाद ही ललित मोदी की वानुआतु की नागरिकता के लिए किया गया आवेदन स्वतः ही रद्द हो जाता।

## खबर संक्षेप

### आप विधायक ने कानून व्यवस्था को लेकर सीएम से मांगा समय

**नई दिल्ली।** दिल्ली के गाजीपुर में सोमवार सुबह एक युवक की गोली मार हत्या होने के बाद कोंडली से आम आदमी पार्टी के विधायक कुलदीप कुमार ने सीएम रेखा गुप्ता को एक पत्र लिखकर कानून व्यवस्था पर चर्चा के लिए समय मांगा है। कुलदीप कुमार ने कहा है कि दिल्ली में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और रोजाना हो रही हत्या, लूट व चोरी की घटनाओं से लोग डरे-सहमे हुए हैं। कुलदीप कुमार ने कहा है कि सोमवार सुबह 5.30 बजे गाजीपुर में हुई एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई, जिससे मेरे क्षेत्र के लोगों में डर का माहौल बना हुआ है और सभी लोग बहुत आक्रोशित हैं।

### चोरी के 52 मोबाइल के साथ एक गिरफ्तार

नई दिल्ली। पश्चिम जिले के स्पेशल स्टाफ ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी प्रमोद कुमार गुप्ता सोनीपत, हरियाणा का रहने वाला है। इसके पास से चोरी के 52 मोबाइल फोन और 15 फोन के मदरबोर्ड बरामद किए गये हैं। डीसीपी विचित्र वीर के अनुसार जानकारी मिली थी कि एक शख्स रघुबीर नगर इलाके में चोरी के मोबाइल बेचने की फिराक में घूम रहा है। जानकारी के आधार पर एसीपी ऑपरेशन अरविंद कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर राजेश मौर्य व अन्य की टीम ने रघुबीर नगर में ट्रैप लगाकर इसे पकड़ लिया। पूछताछ में वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया, जिसके बाद हुई तलाशी में उसके पास से 52 मोबाइल फोन और 15 मदरबोर्ड बरामद किए गए। उसने बताया कि वह छह साल पहले सोनीपत से दिल्ली आया था और आसानी से पैसा कमाने के लिए वह इस गोरखधंधे में शामिल हो गया।


स्थानीय लोगों ने किया प्रदर्शन...


लगा जाम...

# युवक की गोली मारकर हत्या लोगों में उबाल, हाईवे किया जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली में राष्ट्रीय राजमार्ग-24 पर फूल मंडी के पास सोमवार तड़के एक 30 वर्षीय युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक रोहित गाजीपुर गांव का रहने वाला था। सोमवार को इस घटना से गुस्साए परिजनों व स्थानीय लोगों ने एनएच 24 जाम कर दिया। इससे पूर्वी दिल्ली के ज्यादातर मुख्य मार्गों पर भीषण जाम की स्थिति दिनभर बनी रही। पुलिस ने हत्या में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। तीन की तलाश जारी है। हत्या के पीछे पैसों के लेनदेन का विवाद बताया गया है।

डीसीपी अभिषेक धानिया ने बताया कि गाजीपुर थाने के ड्यूटी कांस्टेबल को एलबीएस अस्पताल से एक कॉल प्राप्त हुई थी। बताया गया कि एक युवक को गोली लगने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। कॉल एसआई सत्य प्रकाश को मार्क की गई और वे अस्पताल पहुंचे।



■ पैसों के लेनदेन के विवाद में हुई हत्या

पूछताछ में पता चला कि मृतक रोहित पुत्र स्वर्गीय अजब सिंह को यामीन और उसके साथियों ने एनएच-24, फूल मंडी के पास गोली मारी थी। उसे हत्या के चश्मदीद आकाश द्वारा ही अस्पताल लाया गया था।

आकाश ने बताया कि वह मृतक रोहित के साथ स्कूटी पर डंपिंग यार्ड से डीजल लेकर आ रहा था। जब वे फूल मंडी कट के पास पहुंचे तो 3-4 लोग बलेनो कार में आए और रोहित को गोली मार फरार हो गये। आकाश चौधरी के बयान पर हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

### नेशनल हाईवे समेत कई मार्गों पर लगा भीषण जाम

हत्या से गुस्साएं परिजनों और स्थानीय लोगों ने एनएन24 व एनएच-9 पर जाम लगा दिया। इससे आनंद विहार रोड, स्वामी दयानंद मार्ग और कोंडली, विकास मार्ग पर लंबा जाम लग गया है। वहीं, आईपी एक्सटेंशन मंडावली भी पूरा ब्लॉक हो गया। इस दौरान मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाने की कोशिश की लेकिन गुस्साए परिजन मानने को तैयार नहीं थे। वे इंसाफ की मांग करते हुए दोपहर तक अपनी जिद पर अड़े रहे। वर्किंग डे होने की वजह से सभी सड़कों पर जाम की भयंकर स्थिति पैदा हो गई। पूरा दिन वाहन रेंगते रहे। जाम खुलवाने में पुलिस अफसरों के पसीने छूट गये।

### चार टीमों ने कुछ ही घंटों में दो आरोपी दबोचे

हत्यारों की धरपकड़ के लिये चार टीमों का गठन किया गया। इसमें एक टीम गाजीपुर थाने की, दूसरी नारकोटिक्स स्कवायड, तीसरी स्पेशल स्टाफ और चौथी एएटीएस की टीमों ने पूर्वी जिले के एडिशनल डीसीपी विनीत कुमार की देखरेख में जांच शुरू की। सबसे पहले सीसीटीवी फुटेज और एएनपीआर कैमरों की समीक्षा शुरू की गई। आरोपियों की पहचान करने के लिए मृतक और अन्य लोगों के सीडीआर का भी विश्लेषण किया गया। इसके बाद दो आरोपियों को पकड़ा गया है। इनके नाम नाजिम (40) और तालिब उर्फ तारिक (24) हैं। दोनों आरोपी गाजीपुर डेयरी फार्म की गली नंबर चार के रहने वाले हैं। तीन अन्य आरोपी अभी भी फरार हैं। सभी टीमें उनकी तलाश में जुटी है।

## पत्नी की हत्या कर हो गया था फरार, बिहार से गिरफ्तार

*नौ साल से पुलिस कर रही थी आरोपी की तलाश*



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बाहरी दिल्ली के रनहौला इलाके में पत्नी की गला रेतकर हत्या करने के मामले में नौ साल से फरार आरोपी को अपराध शाखा ने बिहार से गिरफ्तार किया है। आरोपी की गिरफ्तारी पर 25 हजार का इनाम भी घोषित किया जा चुका था। इस भगौड़े आरोपी का नाम सुनील कुमार बताया गया है।

डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार आरोपी सुनील कुमार को बिहार के शेखपुरा से गिरफ्तार किया गया है। 18 अक्टूबर 2016 को इस वारदात को अंजाम दिया गया था। रनहौला के एक कमरे में प्लास्टिक की बोरी में महिला का शव मिला था। मकान मालिक को बंद कमरे से दुर्गंध आई थी, जिसके बाद पुलिस को इसकी सूचना दी गई थी। जांच के दौरान पता चला कि इस मामले में महिला का पति सुनील मुख्य संदिग्ध है। डीसीपी ने बताया कि सुनील अपनी पत्नी की गला रेत कर हत्या करने के बाद अपनी चार साल की बेटी को लेकर फरार हुआ था। बाद में दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने मामले की नए सिरे से जांच शुरू की।

पुलिस की टीम ने कई बार अपराध स्थल का दौरा किया। कई गवाहों से पूछताछ की और क्षेत्र की भी व्यापक रूप से जांच की गई। डीसीपी ने बताया कि जांच के दौरान पता चला की सुनील बिहार में छिपा है। पुलिस ने लगातार प्रयासों के बाद सुनील को शेखपुरा से गिरफ्तार कर लिया। आगे की कानूनी कार्यवाही के लिए उसे दिल्ली लाया गया है।

### दर्जनों कॉलोनियों में रहेगी जलापूर्ति प्रभावित, डीजेबी निशुल्क टैंकरों से करेगा आपूर्ति

नई दिल्ली। दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) ने सोमवार को जरूरी सूचना जारी करते हुए बताया कि जरूरी मरम्मत के चलते वेस्ट दिल्ली की दर्जनों कालोनियों व ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। आवश्यकता होने र डीजेबी टैंकरों से निःशुल्क आपूर्ति करेगा। डीजेबी ने बताया कि मंगलवार 10 से 31 मार्च 2025 तक अलग अलग दिन विभिन्न क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। डीजेबी ने बताया कि 10 मार्च 2025 को प्रभावित होने वाले क्षेत्रों में किशनगढ़ गांव, किशनगढ़ और महरौली, भाट्टी माइंस, जी-ब्लॉक तिगड़ी, छुरिया मोहल्ला, हरिजन बस्ती मीठापुर, मोलड़बंद गांव, बीसी ब्लॉक शालीमार बाग बीपीएस, अर्जुन नगर, कृष्णा नगर, सफदरजंग एन्क्लेव, शिवालिक अपार्टमेंट, वसंत विहार क्षेत्र, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, डीडीए फ्लैट्स टू कॉलोनी मदनगिरी, द्वारका, मधु विहार, राजापुरी, सेक्टर-2 और 6 महावीर एन्क्लेव, सेक्टर-6 पी.के.टी.-1, 1 नंबर सर्कुलर टैंक, न्यू जाफराबाद डीडीए फ्लैट्स शामिल है। जबकि 11 मार्च 2025 को प्रभावित होने वाले क्षेत्रों में सेक्टर-डी-3 और डी-4 वसंत कुंज, किशनगढ़ और महरौली, राजपुर, ब्लॉक-20 डीडीए फ्लैट्स दक्षिणपुरी, पंचमुखी मंदिर, लाल कुआं, चुंगी नंबर-02, बीबी (वेस्ट) ब्लॉक शालीमार बाग बीपीएस, वेस्ट एंड कॉलोनी, आनंद निकेतन कॉलोनी, सुखदेव विहार, दक्षिणपुरी, बिंदा पुर ब्लॉक-डी पॉकेट-3 1 नंबर। सर्कुलर टैंक, मनसा राम पार्क, ककरोला, द्वारका, मटियाला, पॉकेट-डी दिलशाद गार्डन आदि शामिल है।

## अपहरण और रेप में भगौड़ा आरोपी यूपी से चढ़ा हत्थे



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अपहरण, बलात्कार, पोक्सो और तस्करी के मामले में वांछित भगौड़े अपराधी को क्राइम ब्रांच की एसआर टीम ने जालौन, यूपी से गिरफ्तार किया है। इसे फास्ट ट्रैक कोर्ट, रोहिणी द्वारा भगौड़ा अपराधी घोषित किया जा चुका था। आरोपी को पकड़ने के लिये क्राइम ब्रांच को अंडरकवर ऑपरेशन चलाना पड़ा। पुलिस टीम ने शराब की दुकान के पास स्नैक कार्ट लगाकर कई दिनों तक नजर रखी तब कहीं जाकर आरोपी हाथ आया।

डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार क्राइम ब्रांच फरार अपराधियों के खिलाफ ऑपरेशन चला रही है। इसी कड़ी में दक्षिणी रेंज, मालवीय नगर की टीम ने एक भगोड़े अपराधी अनिल (36) निवासी झांसी, यूपी को उरई, जिला जालौन यूपी के राम नगर इलाके से सफलतापूर्वक गिरफ्तार किया है। आरोपी बाहरी जिले के अपहरण, बलात्कार, पोक्सो और तस्करी अधिनियम के एक संवेदनशील मामले में वांछित था। इसमें अनिल ने अपने साथियों के साथ मिलकर दिल्ली की एक नाबालिग लड़की को बिहार में वेश्यावृत्ति के लिए बेच दिया था। गैर-जमानती वारंट के बावजूद वह पकड़ से बाहर था। इसने जमानत मिलने के बाद निहाल विहार और झांसी में अपनी संपत्तियां भी बेच दी थी। सभी पहचान दस्तावेज, मोबाइल नंबर बदल लिये थे। अपने परिवार को भी पूर्वी यूपी में भेज दिया था।

## महाराष्ट्र सदन में बम की सूचना से हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ सुरक्षा एजेंसियों ने घंटों तक सदन का चप्पा चप्पा छाना लेकिन कुछ संदिग्ध नहीं मिला

राजधानी में बम की फर्जी सूचना मिलने का सिलसिला जारी है। सोमवार दोपहर महाराष्ट्र सदन को बम से उड़ाने की धमकी मिली। सुरक्षा एजेंसियों ने घंटों तक सदन का चप्पा चप्पा छाना लेकिन कुछ संदिग्ध नहीं मिला। जानकारी के मुताबिक, महाराष्ट्र सदन में सोमवार दोपहर करीब ढाई बजे बम रखे जाने की सूचना पुलिस को मिली। सूचना पर बम स्क्वायड, स्थानीय पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंची और पूरे परिसर को खाली कराकर छानबीन शुरू की गई। जांच टीम के घंटों चले सर्च ऑपरेशन के बाद कुछ संदिग्ध नहीं मिला। इसके बाद सूचना को फर्जी करार दिया गया। पुलिस फर्जी सूचना देने वालों की जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है। गौरतलब है कि गत वर्ष से बहुताहत में शुरू हुआ फर्जी बम की सूचना का सिलसिला इस साल भी जारी है। बीते दिनों कई स्कूलों, अस्पतालों और हवाईअड्डों को बम से उड़ाने की फर्जी सूचना मिल चुकी है।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **संजीव साध, पुत्र बी.के. साध, निवासी 76, दूसरी मंजिल, पुरानी अनार कली, दिल्ली** ने **CC No. 1343/16, U/s 138 NI Act, पुलिस थाना खजूरीखास, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **संजीव साध** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **संजीव साध** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना खजूरीखास, दिल्ली** के अभियुक्त **संजीव साध** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री पंकज राय
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी –01
कमरा नं. 73, 5वीं मंजिल, उत्तर–पूर्वी जिला
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/2809/NE/2025

**उत्तर रेलवे**

**सूचना**

**दिनांक 14.03.2025 (शुक्रवार) होली** के उपलक्ष्य में दिल्ली क्षेत्र के आरक्षण कार्यालय जो कि मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक/यात्री विपणन के अधीन कार्यरत हैं, उनके कार्य करने हेतु निम्नलिखित प्रबन्ध किये गये हैं।

**(ए) आंशिक सेवा**

**(1)** आई.आर.सी.ए. भवन **(2)** दिल्ली जंक्शन व **(3)** हजरत निजामुद्दीन आरक्षण कार्यालयों में प्रातः कालीन पारी **प्रातः 8:00 बजे** से **14:00 बजे** तक आंशिक सेवाएं उपलब्ध रहेंगी, व सायंकालीन पारी (**14:00** से **20:00**) **बजे** तक के कार्यालय यथावत कार्यरत रहेंगे।

**(बी) प्रातःकालीन पारी में निम्न आरक्षण केन्द्र बन्द रहेंगे (8:00 बजे से 14:00)**

**(1)** सरोजनी नगर **(2)** लाजपत नगर **(3)** ओखला **(4)** कड़कड़डूमा **(5)** दिल्ली शाहदरा **(6)** आदर्श नगर **(7)** सब्जी मण्डी **(8)** कीर्ति नगर **(9)** तुगलकाबाद **(10)** शकूरबस्ती **(11)** रोहिणी **(12)** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान(AIIMS) **(13)** गाजियाबाद **(14)** नोएडा **(15)** अन्तर्राष्ट्रीय टूरिस्ट ब्यूरो (ITB)।

उपरोक्त सभी कार्यालय सायंकालीन पारी **(14:00 से 20:00)** तक यथावत कार्यरत रहेंगे।

**(सी) निम्नलिखित आरक्षण केन्द्र पूरे दिन बन्द रहेंगे**

**(1)** संसद भवन **(2)** प्रेस क्लब आफ इण्डिया **(3)** रेलवे बोर्ड **(4)** सुप्रीम कोर्ट **(5)** दिल्ली उच्च न्यायालय

**753/2025**


ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।**

**मु.न. 37 दिनांक 01/03/2025 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना गोहाना जिला सोनीपत।**

**गुमशुदा की पहचान**



नाम-निशांन्त ।
पिता का नाम- सुरेश कुमार।
पता - वासी गांव माहरा जिला सोनीपत ।
उम्र- 26 वर्ष ।
कद-5 फुट 7 ईन्च ।
हुलियाः रंग सांवला, मजबुत शरीर, गोल चेहरा, काले-लम्बे बाल ।
पहनावाः चैकदार कमीज नीले रंग की पैंट व पैरों में चप्पल पहने हुए है।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निशांन्त पुत्र सुरेश कुमार गांव माहरा जिला सोनीपत । दिनांक 01-03-2025 से लापता हैं। जो अब तक अपने घर वापिस नहीं आया है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।

प्रबन्धक थाना-7419410543
अनुसंधान कर्ता मो. नं.- 9468152723
कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।

पीआरडीएच-1084/11/3175/2025/32704/88/7 दि. 10.03.25


**मैनेजर और पांच ग्राहकों समेत आठ लड़कियां और छह लड़के पकड़े गए**

## स्पा सेंटर की आड़ में चल रहे सेक्स रैकेट का भंड़ाफोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आनंद विहार इलाके में स्पा और मसाज सेंटर की आड़ में चल रहे सेक्स रैकेट का स्पेशल स्टाफ, शाहदरा ने भंडाफोड़ किया है। एक मैनेजर और पांच ग्राहकों समेत आठ लड़कियां और छह लड़के पकड़े गए हैं। पुलिस इससे पहले भी आनंद विहार में कई स्पा सेंटरों पर छापा मार सेक्स रैकेट का पर्दाफाश कर चुकी है। लेकिन कुछ समय बीतने के बाद आरोपी फिर से नई जगह स्पा सेंटर खोल लेते हैं।

डीसीपी प्रशांत गौतम के अनुसार 8 मार्च को शाहदरा जिले के स्पेशल स्टाफ को सैनिक एन्क्लेव, कड़कड़डूमा, आनंद विहार में स्पा और मसाज सेंटर की आड़ में वेश्यावृत्ति रैकेट संचालित होने के बारे में सूचना मिली थी। त्वरित कार्रवाई करते हुए स्पेशल स्टाफ प्रभारी इंस्पेक्टर मुनीश कुमार के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई। सूचना की पुष्टि करने के लिए एक फर्जी ग्राहक को स्पा में भेजा गया।



अंदर जाने पर उसे दो हजार में मसाज सेवा की पेशकश की गई। बातचीत जारी रहने के दौरान, स्पा मैनेजर पीयूष ने कथित तौर पर कई महिलाओं को पेश किया और उन्हें यौन सेवाओं के लिए रेडी बताया। फर्जी ग्राहक को इन अवैध सेवाओं का लाभ उठाने के लिए अतिरिक्त दो हजार का भुगतान करने के लिए कहा गया। इस पुष्टि के बाद फर्जी ग्राहक ने टीम को संकेत दिया, जिसके बाद छापेमारी की कार्रवाई अमल में लाई गई। छापेमारी के दौरान स्पा से कुल 14 व्यक्तियों को पकड़ा गया। इनमें एक मैनेजर, पांच पुरुष ग्राहक और आठ महिलाएं शामिल हैं। पुलिस ने स्पा से कई कंडोम के पैकेट भी बरामद किए। आनंद विहार थाने की पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

इस स्पा का लाइसेंस इमरान के नाम पर जारी किया गया था, जो छापे के समय वहां पर मौजूद नहीं था। परिसर को सील करने के लिए कोर्ट में आवेदन दिया जाएगा तथा लाइसेंस रद्द करने के लिए संबंधित एसडीएम को भी सूचना भेजी जाएगी।

## खबर संक्षेप

### गर्मियों में निर्बाध जलापूर्ति की तैयारी करने में जुटी है एनडीएमसी : चहल

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) क्षेत्र में किसी भी नागरिक को जल संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा। एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने सोमवार को आयोजित एक प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के तहत, हर घर को स्वच्छ पीने का पानी प्रदान करने और 'जल जीवन मिशन' के तहत, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने आगामी गर्मी के मौसम में पानी की किल्लत से बचाव के लिए व्यापक तैयारियां की हैं। उन्होंने बताया कि 'समर एक्शन प्लान 2025' के तहत नई जल वितरण योजनाएं, अतिरिक्त जल टैंकर, पाइपलाइन सुधार और जल गुणवत्ता निगरानी जैसे ठोस कदम उठाए गए हैं।

### स्वदेशी ज्ञान परंपरा पर आयोजित हुआ अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने नई दिल्ली में आयोजित स्वदेशी ज्ञान परंपरा और धारणक्षम विकास पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया। शैक्षिक फाउंडेशन, शिवाजी कॉलेज (दिल्ली विश्वविद्यालय), और राष्ट्रीय सिंधी भाषा संवर्धन परिषद के सहयोग से यह दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और विशेषज्ञों ने भाग लिया, जिसमें 'स्वदेशी ज्ञान के धारणक्षम विकास में योगदान' पर विस्तृत चर्चा की गई। समापन सत्र में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. आर.के. मित्तल, कुलपति, डॉ. बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ, एवं प्रो. अशोक के. नागावत, दिल्ली स्किल और एंटरप्रेन्योरशिप विश्वविद्यालय, की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### दिल्ली मेट्रो के सुरक्षा सप्ताह का समापन

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) के सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का समापन सोमवार को पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। जानकारी अनुसार सुरक्षा जागरूकता सप्ताह आयोजन 4 से 10 मार्च 2025 तक डीएमआरसी परिसरों में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से किया गया। परिचालन और निर्माण दोनों में सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए नुक्कड़ नाटक, प्रस्तुतियाँ, विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान, फिल्म स्क्रीनिंग, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आदि आयोजित की गईं। गतिविधियों में कर्मचारियों की व्यापक भागीदारी देखी गई। डीएमआरसी के अनुसार सोमवार को समापन समारोह मेट्रो भवन में आयोजित किया गया। इस मौके पर डीएमआरसी के एमडी डॉ. विकास कुमार ने उन कर्मचारियों को सुरक्षा उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किए, जिन्होंने सिस्टम में सुरक्षा सुनिश्चित करने में प्रमुख भूमिका निभाई है। सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया।

### इस संगठन से एक नहीं, बल्कि सैकड़ों रेखा गुप्ता होंगी तैयार

# मुख्यमंत्री ने 'छात्रा संसद' में विद्यार्थियों से की बातचीत, बजट पर मांगे सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) केवल एक छात्र संगठन नहीं, बल्कि यह नेतृत्व निर्माण की पाठशाला है। एबीवीपी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय छात्र संसद के द्वितीय सत्र 'छात्रा संसद' के आयोजन के अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को यह संबोधन दिया। इस दौरान सीएम ने इस माह के अंत में प्रस्तुत किये जाने वाले राज्य बजट के लिए भी विद्यार्थियों से सुझाव मांगे। उन्होंने कहा कि इस मंच ने मुझे दीप पकड़ाने से लेकर दीप जलाने तक की यात्रा करवाई है। प्रत्येक छात्रा को आगे बढ़ाने और नेतृत्व का पाठ पढ़ाने का कार्य एबीवीपी ने किया है और यही कारण है कि आने वाले समय में इस संगठन से केवल एक नहीं, बल्कि सैकड़ों रेखा गुप्ता तैयार होंगी। छात्रा संसद के माध्यम से एबीवीपी एक विचार रूपी वट वृक्ष तैयार कर रही है जिसकी छांव में राष्ट्र निर्माण की नींव रखी जाएगी। मैं यह गर्व से कह सकती हूं कि मैं एबीवीपीयन हूँ। एबीवीपी के अनुसार यह आयोजन नई दिल्ली स्थित एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस छात्रा संसद में देशभर के 38 हजार से अधिक छात्राओं के व्यापक सर्वेक्षण के आधार पर चयनित 300 छात्रा प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

इस सर्वेक्षण के माध्यम से शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन और नेतृत्व से संबंधित विषयों पर गहन विमर्श करने के लिए छात्र संसद की रूपरेखा तैयार की गई। कार्यक्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर, राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के अध्यक्ष प्रो. मिलिंद मराठे, सर्वोच्च न्यायालय की अधिवक्ता मोनिका अरोड़ा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। साथ ही एबीवीपी के राष्ट्रीय महामंत्री वीरेंद्र सिंह सोलंकी, अखिल भारतीय छात्रा कार्य प्रमुख मनु शर्मा कटारिया, राष्ट्रीय मंत्री शालिनी वर्मा, दिल्ली प्रांत अध्यक्ष तपन बिहारी, केंद्रीय कार्य समिति सदस्य निव्यांग सुमेर, प्रांत सह मंत्री अपराजिता भी मंच पर उपस्थित रहीं।

एबीवीपी के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि छात्रा संसद के समापन सत्र में छात्राओं द्वारा एक मांग पत्र तैयार किया गया, जिसे शीघ्र ही सरकार और संबंधित विभागों को सौंपा जाएगा। यह संसद केवल विमर्श का मंच नहीं, बल्कि छात्राओं की जमीनी समस्याओं का समाधान निकालने और नीति निर्माण में भागीदारी सुनिश्चित करने की एक ऐतिहासिक पहल है।

#### छात्राओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से हुई चर्चा

इस छात्रा संसद में छात्राओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई और सदन के समक्ष कई महत्वपूर्ण माँगें प्रस्तुत की गईं। छात्राओं ने शिक्षा और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए कौशल विकास पाठ्यक्रमों को लागू करने, उच्च शिक्षा में छात्राओं की बढ़ती भागीदारी को देखते हुए छात्रावासों की संख्या में वृद्धि, ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों में अध्ययन करने आने वाली छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति योजना का प्रावधान, पाठ्यक्रम में वीरांगनाओं, महिला वैज्ञानिकों, खिलाड़ियों और नेतृत्त्वशील महिलाओं के योगदान को सम्मिलित करने, महिला शोधार्थियों के लिए विशेष योजना एवं अनुदान सुनिश्चित करने आदि महत्वपूर्ण विषयों पर बल दिया गया।

# महिला सशक्तिकरण के बिना सशक्त भारत की कल्पना अधूरी : विजेंद्र



- हर क्षेत्र में देश का भविष्य संवार रही हैं महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

महिला सशक्तिकरण केवल एक नारा नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसे हमें मिलकर निभाना होगा। यह बात सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने अमेटी यूनिवर्सिटी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कही।

विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि किसी भी देश की प्रगति महिलाओं के बिना संभव नहीं है। महिलाएं समाज की रीढ़ होती हैं और उनकी भागीदारी के बिना कोई भी राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत नहीं हो सकता। उन्होंने इस वर्ष की थीम 'एक्सीलरेट एक्शन' का जिक्र करते हुए कहा कि हमें लिंग समानता को तेजी से बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। यह दिवस हमें याद दिलाता है कि हमें महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा, रोजगार और नेतृत्व के अवसरों में वृद्धि के लिए लगातार प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय महिलाएं अब केवल घरों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे शिक्षा, विज्ञान, खेल, उद्यमिता, राजनीति और रक्षा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने बताया कि सरकार की विभिन्न योजनाओं और समाज में बढ़ती जागरूकता के कारण महिलाओं की स्थिति में सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले कुछ वर्षों में महिलाओं की भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिससे स्पष्ट है कि भारत अब लिंग समानता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। अपने संबोधन में उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि महिलाओं को सिर्फ समान अधिकार देना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें ऐसे अवसर भी प्रदान करने होंगे, जहां वे अपने वास्तविक सामर्थ्य को प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि हमें अपनी बेटियों को बेहतर शिक्षा देने, महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने और कार्यस्थलों पर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर प्रयास करने होंगे।

## सिरसा ने राजौरी गार्डन में पानी की उपलब्धता सुधारने के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के खाद्य एवं आपूर्ति, पर्यावरण और उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने सोमवार को दिल्ली सचिवालय में अपनी विधानसभा राजौरी गार्डन क्षेत्र में बिजली आपूर्ति और पानी की उपलब्धता से संबंधित प्रमुख मुद्दों को हल करने के लिए बीएसईएस और दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों के साथ बैठक भी की। इस बैठक में उन्होंने दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों को क्षेत्र में पानी की उपलब्धता सुधारने के निर्देश दिए वहीं बीएसईएस के अधिकारियों बीएसईएस को बिजली कटौती कम करने और अंडरग्राउड केबल का काम तेज करने के निर्देश दिए।

मंत्री सिरसा ने बीएसईएस बिजली वितरण कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठक कर बिजली आपूर्ति संबंधी मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने निर्बाध बिजली आपूर्ति की आवश्यकता पर जोर देते हुए अधिकारियों को बिजली कटौती को कम करने और आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए नई बिजली केबल और बिजली लाइनें बिछाने के चल रहे काम में तेजी लाने का निर्देश दिया। सरकार बिजली वितरण की दक्षता और विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्पित है ताकि किसी भी घर को अनावश्यक बिजली की कमी का सामना न करना पड़े। इसके अतिरिक्त, आने वाले गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए मंत्री सिरसा ने दिल्ली जल बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान रजौरी गार्डन में जल अपुर्ति सुविधाओं को और बेहतर बनाने की आवश्यकता बताई, जिससे रजौरी गार्डन में सभी नागरिकों को स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि यह प्रयास सभी निवासियों के लिए बेहतर वाटर प्रेशर के साथ स्वच्छ जल आपूर्ति सुनिश्चित करने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मंत्री ने दोहराया कि सरकार सभी निवासियों के लिए मूलभूत आवश्यकता के रूप में शुद्ध और स्वच्छ पेयजल प्रदान करने के अपने वादे को पूरा करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

## यमुना नदी में मनोरंजक नाव व पर्यटन फेरी सेवाओं के लिए केंद्रीय मंत्री की मौजूदगी में होगा समझौता

**नई दिल्ली।** दिल्ली की यमुना में वाटर ट्रांसपोर्ट का सपना व पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा विधानसभा चुनाव में किया वादा अब आकार लेने लगा है। डीडीए ने यमुना नदी में मनोरंजक नाव व पर्यटन फेरी सेवाओं के लिए परियोजना की शुरुआत करते हुए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर समारोह की घोषणा कर दी है। डीडीए द्वारा दी गई जानकारी अनुसार मंगलवार को यमुना किनारे स्थित असिता पार्क में एक समारोह में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए जाएगें। डीडीए द्वारा दी गई जानकारी अनुसार इस अवसर पर केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली के जल संसाधन मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा और दिल्ली के पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा के अलावा भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह व अन्य आला अधिकारी मौजूद होंगे।

## ईडब्ल्यूएस कोटे के तहत प्रवेश में यदि कोई अनियमितता मिले तो अभिभावक सीधे मुझे कर सकते हैं शिकायत : सूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- ईडब्ल्यूएस कोटे के तहत प्राइवेट स्कूलों में दाखिले के लिए दस्तावेजों के सत्यापन की प्रक्रिया जारी

आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) एवं वंचित वर्ग (डीजी) कोटे के तहत होने वाले प्रवेश में यदि कोई अनियमितता मिलती है तो बच्चों के अभिभावक सीधे मुझे शिकायत कर सकते हैं। यह बात सोमवार को दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कही। दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने बताया कि अगर किसी भी बच्चे के माता-पिता को दस्तावेजों के हो रहे सत्यापन में गड़बड़ी या पारदर्शिता को लेकर किसी भी तरह की कोई भी परेशानी सामने आए या फिर शिकायत हो तो ऐसे लोग सीधे शिक्षा मंत्री से संपर्क कर सकते हैं। या शिक्षा मंत्री के दफ्तर में जाकर भी अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। अगर कोई आपसे दिल्ली के प्राइवेट स्कूलों में ईडब्ल्यूएस कोटे के तहत दाखिला करवाने के नाम पर कोई भी व्यक्ति आपसे रुपए-पैसे की मांग कर रहा हो। तो भी आप सीधे शिक्षा मंत्री या फिर उनके कार्यालय में जाकर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि नर्सरी, केजी और पहली कक्षा में प्रवेश के लिए आए दो लाख से ज्यादा आवेदन में से 'ड्रॉ ऑफ लॉट्स' में कुल 44 हजार 45 बच्चों के नाम कंप्यूटराइज्ड लॉटरी में सामने आए थे।

उनका ईडब्ल्यूएस कोटे के तहत प्राइवेट स्कूलों में एडमिशन के लिए बीते 6 मार्च से डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया जारी है। शिक्षा मंत्री सूद ने बताया कि 'ड्रॉ ऑफ लॉट्स' में नाम आए कुल 44 हजार 45 बच्चों के नाम शिक्षा निदेशालय की वेबसाइट पर अपलोड होने के बाद से बड़ी संख्या में बच्चों के माता-पिता डॉक्यूमेंट लेकर वेरिफिकेशन के लिए पहुंच रहे हैं।

## निगम बजट सत्र में कांग्रेस दल की नेता ने सत्ता दल पर लगाए आरोप

### *12 हजार निगम कर्मियों को नहीं किया पक्का, हाउस टैक्स में नहीं दी गई कोई रियायत*

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की विशेष बैठक में संशोधित बजट अनुमान 2024-25 और बजट अनुमान 2025-26 पर कांग्रेस दल की नेता नाजिया दानिश ने महापौर महेश कुमार खींची के निवेदन के बाद चर्चा शुरू की। इस बजट सत्र में उन्होंने सत्ता पक्ष आम आदमी पार्टी (आप) पर विकास कार्य नहीं करने को लेकर अनेकों आरोप लगाए। नाजिया दानिश ने अपने भाषण में सत्ता पक्ष पर डीएमसी एक्ट का पालन न करना, स्थायी समिति का गठन न करना, साफ सफाई, मच्छर जनित बीमारी और सदन में हंगामा, सदन को न चला पाने सहित कई सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि निगम कर्मियों के साथ आप सरकार ने धोखा किया है। 12 हजार कर्मियों के पक्का होने और उनको दी जाने वाली तनख्वाह को लेकर भी संशय है। वित्त विभाग ने अभी तक वेतन का प्रावधान नहीं किया। इसके अलावा पार्षदों के साथ भी छल किया गया है। निगम पार्षदों के वेतन, कर्मियों को पक्का किए जाने और हाउस टैक्स में रियायत आप सरकार के सबसे बड़े झूठ रहे हैं।

#### करीब दर्जन भर योजनाएं की गई बंद

भाषण में कांग्रेस दल की नेता नाजिया ने दिल्ली नगर निगम की करीब दर्जन भर योजनाओं को बंद करने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि सरकार ने वर्ष 2019-20 के दौरान 202.40 करोड रुपये देकर शहरीकृत गांव, अनाधिकृत कॉलोनियों, पुनर्वास कॉलोनियों, बागवानी एवं पार्क, सामुदायिक भवन, धोबी घाट, नरेला नजफगढ़, महरौली टाउनशिप योजनाओं को बंद कर दिया है। इसी तरह से ट्रांसपोर्ट सेक्टर में 110 करोड़ रुपये की योजनाओं के बंद होने से दिल्ली को नुकसान उठाना पडा।

स्वास्थ्य योजना में डबल इंजन सरकार ने बेहद कम राशि जारी की है। इसी तरह से गैर योजना मद एजुकेशन में 1400 करोड़ की ग्रांट नहीं दी गई। पुनर्वास कॉलोनियों के रखरखाव के लिए केजरीवाल सरकार ने राशि जारी नहीं की।

#### निगम के राजस्व को हुई हानि

नाजिया दानिश ने कहा कि यह आप की डबल इंजन की सरकार के रहते दिल्ली का क्षेत्रीय विकास व सत्ता पक्ष की कार्यशैली केवल अनुमानों के सहारे चलता रहा है क्योंकि गत वर्ष 2024 में आप के द्वारा स्थायी समिति की समस्त शक्तियां सदन को देने का प्रस्ताव पास कर कोर्ट का रुख करना पड़ा था जिससे निगम के राजस्व को हानि हुई है। यही नहीं दो वर्षों से निगम की सत्ता में काबिज आप डीएमसी एक्ट के विरुद्ध जाकर बजट की रूपरेखा पेश की जाती रही है।

### 25 मार्च को विधानसभा में पेश होगा बजट

**नई दिल्ली।** दिल्ली की नवनिर्वाचित सरकार का पहला बजट 25 मार्च 2025 को विधानसभा में पेश किया जाएगा। इस बात की जानकारी सोमवार को दिल्ली विधानसभा सचिवालय ने दी है। विधानसभा सचिवालय से जारी बुलेटिन के अनुसार विधानसभा का बजट सत्र 24 मार्च से 28 मार्च तक चलेगा। बुलेटिन के अनुसार बजट सत्र के पहले दिन 24 मार्च को सरकारी बिजनेस होगा। 25 मार्च को दिल्ली का आम बजट पेश किया जाएगा। 26 मार्च बजट पर चर्चा की जाएगी। 27 मार्च को सदन से पारित किया जाएगा। वहीं 28 मार्च को प्राइवेट मेंबरों के बिल और संकल्प पत्रों पर चर्चा की जाएगी।

### सद्भावना के रंगों और सहयोग की मिठास से मनाए होली : रविन्द्र इंद्राज

**नई दिल्ली।** दिल्ली समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने सोमवार को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली न केवल रंगों का उत्सव है, बल्कि समाज में एकता, भाईचारे और सहयोग की भावना को और भी प्रगाढ़ करने का एक शानदार अवसर भी है। उन्होंने कहा कि सभी लोग सद्भावना के रंगों और सहयोग की मिठास से होली मनाएं। वहीं मंत्री रविन्द्र इंदाज ने मंगलवार को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक रोहिणी सेक्टर 23 के डीडीए ग्राउंड में मंगलवार को होने वाले होली मिलन कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। मंत्री रविन्द्र इंद्राज ने होली मिलन एवं कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह की तैयारियों को लेकर सोमवार को समाज कल्याण मंत्री ने निगम पार्षद गण और कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम की व्यवस्थाओं, मंच निर्माण, बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध एवं अन्य आवश्यक तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की। वहीं मंत्री रविन्द्र इंद्राज ने सभी से होली मिलन एवं कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह में सम्मिलित होने का आग्रह किया। इससे पहले रोहिणी सेक्टर 24 में उत्तरांचल धार्मिक, सामाजिक विकास संस्था के होली मिलन समारोह में संस्था सदस्यों की ओर से रविन्द्र इंद्राज सिंह का अभिनंदन किया गया।

## राजधानी में सड़कों की खराब स्थिति से निपटने तैयारी

# पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को रखरखाव, निगरानी के लिये अलग-अलग सड़कों को लेना होगा गोद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में पहली बार व्यवस्था की गयी है कि लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के वरिष्ठ अधिकारी अब शहर की अलग-अलग सड़कों/सड़क खंडों की निगरानी और उनका रखरखाव सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होंगे। इस बात की जानकारी एक वरिष्ठ अधिकारी ने दी। विभाग के एक इन वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में सड़कों की खराब स्थिति से निपटने के लिए यह निर्णय लिया गया है कि अधीक्षण अभियंता स्तर तक लोक निर्माण विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारियों को विभाग की कम से कम एक सड़क को गोद लेने के लिए नियुक्त किया जाए। अधिकारी ने कहा कि यह देखा गया है कि दिल्ली में पीडब्ल्यूडी सड़कें 'कैरीज्वे (एकतर मार्ग)', और फुटपाथ (पैदल चलने वालों के निर्मित क्षेत्र) रखरखाव जैसे मुद्दों के कारण सही हालत में नहीं हैं। इन मुद्दों से निपटने के लिए अधीक्षण अभियंता के पद तक पीडब्ल्यूडी के सभी वरिष्ठ अधिकारियों को अपनी पसंद की कम से कम एक पीडब्ल्यूडी सड़क को अपनाने का निर्देश देने और उसकी देखभाल की जिम्मेदारी सौंपने का निर्णय लिया गया है। अधिकारियों के नाम वाला एक 'एक्सेल शीट' साझा किया गया है और अधिकारियों से सात दिनों में अपनी पसंद की सड़क बताने को कहा गया है। अधिकारी ने कहा कि इसके बाद, एक अधिकारी को इसकी निगरानी करने और संबंधित कार्यान्वयन अधिकारियों को जरूरी सूचनाएं प्रदान करने के लिए एक सड़क/सड़क खंड आवंटित किया जाएगा। यह प्रतिक्रिया 'ई-मॉनिटरिंग ऐप' पर साझा की जाएगी और अनुपालन के लिए उसका अनुसरण किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य नियमित निगरानी और रखरखाव प्रयासों में वरिष्ठ अधिकारियों को शामिल करके पीडब्ल्यूडी के अधिकार क्षेत्र के तहत सड़कों की समग्र स्थिति में सुधार करना है। उल्लेखनीय है कि इस महीने के प्रारंभ में पीडब्ल्यूडी ने दिल्ली भर में 7 हजार गड्ढों को भरने के लिए 30 अप्रैल की समय सीमा तय की थी। हाल में दिल्ली विधानसभा चुनाव में सड़कों की खराब हालत एक अहम मुद्दा रही। नवगठित भाजपा सरकार में लोक निर्माण विभाग का प्रभार मंत्री प्रवेश साहिब सिंह के पास है।

### बुराड़ी में फिर तेंदुआ आने की खबर से लोगों में दहशत

**नई दिल्ली।** बुराड़ी क्षेत्र में एक बार फिर तेंदुआ आने की खबर से दहशत मची है, खासकर किसानों के बीच डर साफ देखा जा सकता है। तेंदुआ यहां जगतपुर गांव यमुना किनारे स्थित बायोडायवर्सिटी पार्क है जिसमें कई दिनों से एक बार फिर तेंदुआ देखने की खबरें फैल रही है। हालांकि तेंदुआ दिखाई देने की बात को फैलने के कई दिनों बाद भी ऐसे पुख्ता साक्ष्य नहीं मिले जिससे साबित हो सके कि इस क्षेत्र में तेंदुआ इस समय भी मौजूद है। जबकि बायोडायवर्सिटी पार्क और वन विभाग की एक संयुक्त टीम लगातार पार्क व इससे जुड़े क्षेत्रों में सघन जांच अभियान चला रही है। लेकिन सोशल मीडिया के जरिए यह खबर फैल चुकी है कि इस क्षेत्र में तेंदुआ पहुंच गया है जिससे लोग दहशत के साए में दिख रहे है। लोगों की दहशत इसलिए भी सही कही जा सकती है कि पार्क से सटे हुए जगतपुर गांव में पहले भी तेदुए ने घर में घुसकर लोगों पर जानलेवा हमला कर दिया था। यमुना बायोडायवर्सिटी पार्क दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के अंतर्गत आता है। ऐसे में बायोडायवर्सिटी पार्क में तेंदुआ दिखाई देने की खबरों के बाद प्रशासन अलर्ट है।

## खबर संक्षेप

### डीपीजी डिग्री कॉलेज में 7 दिवसीय शिविर शुरू

**गुरुग्राम** । डीपीजी डिग्री कॉलेज में सोमवार से 7 दिवसीय शिविर का शुरू हुआ। कॉलेज में एनएसएस



शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सामाजिक गतिविधियों से जोडन्ना और समाज सेवा के प्रति प्रेरित करना है। जिसके लिए यह शिविर इस्लामपुर गांव, गुरुग्राम में युवा मेरे भारत के लिए और डिजिटल साक्षरता थीम के साथ लगाया जाएगा।

### खड़ी गाड़ी से 15 लाख चोरी करने का आरोपी धरा

**गुरुग्राम** । बजघेड़ा क्षेत्र में घर में खड़ी गाड़ी से 15 लाख रुपए से भरा बैग चोरी के मामले में पुलिस



ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी से पांच लाख रुपए, तीन मोबाइल और दो लैपटॉप बरामद किए हैं। आगामी पूछताछ के लिए आरोपी को अदालत में पेश करके पांच दिन के पुलिस रिमांड लिया गया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है ताकि 10 लाख रुपयों के बारे में जानकारी मिल सके।

### मां ने बेटे को मारकर की स्वयं की आत्महत्या

**फरीदाबाद**। एक मां ने अपने बेटे को जहर देकर मार दिया। इसके बाद वह खुद भी फंदे पर लटक गई



और आत्महत्या कर ली। इस घटना की जानकारी पड़ोसी उसके घर में घुसा। उसी ने पुलिस को सूचना दी।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लिया और उन्हें पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। फोरेंसिक टीम ने मौके से सबूत जुटाए।

### धमकी देने वाला अवैध पिस्टल सहित काबू

**गुरुग्राम** । डीएलएफ फेज-1 एरिया के बंधवाड़ी में अवैध पिस्टल लेकर भाई को धमकी देने



वाले आरोपी को पुलिस ने काबू कर लिया। राजबीर का छोटा भाई सुक्कन ने बताया कि अपने बच्चों के साथ आरोपी गाली-गलौच कर रहा था। ऐतराज करने पर झगड़ा करने लगा। देर सांय सुक्कन अपने कमरे से बाहर निकला और पिस्टल लेकर राजबीर को धमकी देने लगा। राजबीर ने उसे काबू कर लिया ।

### डैबिट कार्ड बदलकर 2.03 लाख निकाले

**गुरुग्राम** । बिलासपुर थाना एरिया में जालसाज ने डैबिट कार्ड बदलकर व्यक्ति को 2,03,184




रुपए की चपत लगा दी। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। लटीरी चौधरी ने कहा कि बोहड़ाकला केनरा बैंक में अकाउंट है। 22 फरवरी को उन्होंने बेटे हजारी को कार्ड देकर भेजा। हजारी ने उन्हें 5-5 हजार रुपए निकालकर दिए । बाद में कार्ड का इस्तेमाल किया लेकिन रुपए नहीं निकले।

### खड़े कैंटर से टकराने पर युवक की मौत

**गुरुग्राम** । डीएलएफ फेज-1 एरिया में बिना इंडीकेटर दिए सड़क पर खड़े कैंटर से टकराने पर बाइक



सवार युवक की मौत हो गई। युवक एक वाईन स्टोर पर शॉप पर काम करता था और स्टोर का सामान लेकर दिल्ली के मांडी बार्डर से आ रहा था। पुलिस ने चालक पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी।कपिल प्रजापति ने कहा कि उसका बड़ा भाई पवन प्रजापति ग्वाल पहाड़ी वाइन स्टोर में जॉब करता था।

---

बीते चार माह में खनिज वाहनों की चेकिंग के दौरान 7 पर एफआईआर

# फरीदाबाद में अवैध खनन पर सख्त निगरानी राष्ट्रीय व राज्य मार्गों पर वाहनों की सघन जांच

सीएम नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार खनन विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग विभागीय स्तर पर सजगता के साथ निगरानी करते हुए आवश्यक निर्देश दे रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा सरकार खनन विभाग के माध्यम से अवैध खनन रोकने सहित खनिज वाहनों के ई रवाना बिल के आवागमन सहित हर गतिविधि पर पैनी नजर रख रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार खनन विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग स्वयं विभागीय स्तर पर सजगता के साथ मॉनिटरिंग करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे हैं। विभाग के सघन जांच अभियान के दौरान जहां अवैध खनन न हो इसके लिए नियमित यमुना नदी क्षेत्र सहित अन्य स्थानों पर फोकस किया गया है वहीं विगत चार माह के अंतराल में खनिज वाहनों की नियमित चैकिंग करते हुए नियमों की अवहेलना करने वालों पर शिकंजा कसा गया है।

**1,09,400 रुपए का वसूल किया जुर्माना**

### अवैध खनन से होने वाले नुकसान पर सजग अधिकारी



जिला खनन अधिकारी कमलेश बिधलान ने विभागीय आंकड़ों का ब्यौरा देते हुए बताया कि उनके विभाग की टीम ने सघन चैकिंग अभियान के दौरान दिसंबर 2024 से मार्च 2025 तक ई रवाना बिल के बिना चल रहे खनिज वाहनों को जब्त करते हुए 7 एफआईआर दर्ज की गई हैं। उन्होंने बताया कि इस चैकिंग अभियान के तहत खनिज वाहनों से चार माह में 1,09,400 रुपए का जुर्माना भी वसूल किया है। उन्होंने बताया कि डीसी विक्रम सिंह की देखरेख में वे स्वयं दिन रात टीम सहित जिला के राष्ट्रीय व राज्य मार्गों सहित अन्य संपर्क मार्गों पर खनिज वाहनों की जांच कर रही हैं और बिना ई रवाना बिल के मिलने वाले खनिज वाहनों पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि हरियाणा सरकार किसी भी प्रकार की गैर कानूनी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं करेगी। अवैध खनन से होने वाले नुकसान को देखते हुए सरकार पूरी सक्रियता से कार्य कर रही है।

### और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम

जिला खनन अधिकारी ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश में अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए निगरानी प्रणाली को और सशक्त बनाया है। सरकार द्वारा अवैध खनन को रोकने की प्रतिबद्धता राज्य के विकास और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। हरियाणा सरकार द्वारा जारी निर्देशों की पालना करते हुए जिला में एक साल की अवधि में 100 खनिज वाहनों पर नियमों की अवहेलना करने पर एफआईआर दर्ज हुई है । उन्होंने कहा कि यह न केवल राजस्व में वृद्धि का संकेत है बल्कि कड़ा संदेश भी है कि अवैध तरीके से खनिज वाहनों को बिना ई रवाना बिल आवागमन करने सहित अन्य अनियमितताओं पर सरकार पूरी गंभीरता से कदम उठा रही है।

---

नगर निगम चुनाव के मद्देनजर मतगणना के लिए तैयार प्रशासन

# मेयर पद सहित 46 वार्ड के पार्षदों के लिए मतों की गणना 12 मार्च को

सेक्टर 15 एपीजे स्कूल ऑडिटोरियम में हुई मतगणना को लेकर रिहर्सल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद नगर निगम चुनाव के मद्देनजर मतगणना प्रक्रिया को संपन्न कराने व पूरी पारदर्शिता के साथ परिणाम घोषित करने के लिए जिला प्रशासन कदम उठा रहा है। नगर निगम चुनाव के लिए नियुक्त सामान्य पर्यवेक्षक अनिता यादव आईएएस व जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी विक्रम सिंह की देखरेख में मतगणना प्रक्रिया के लिए टीम का सेकेंड रेंडेमाइजेशन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि बुधवार 12 मार्च को मेयर पद सहित 46 वार्ड पार्षदों की मतगणना होगी सोमवार को मतगणना के मद्देनजर नगर निगम चुनाव की सामान्य पर्यवेक्षक अनिता यादव व डीसी विक्रम सिंह ने संबंधित नोडल अधिकारियों की बैठक लेते हुए आवश्यक दिशा.निर्देश भी दिए।

### 800 के करीब पुलिसकर्मी सुरक्षा में रहेगे तैनात



जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी विक्रम सिंह ने मतगणना प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि वार्ड नंबर 1, 2, 3, 4, 41 और 46 के लिए एआरओ सहित 20 टेबल बल्लभगढ़ सेक्टर-2 स्थित श्रीमती सुषमा स्वराज राजकीय बालिका महाविद्यालय में मतगणना होगी। वहीं वार्ड नंबर 05, 06, 07, 08 और 09 के लिए एआरओ सहित 15 टेबल एनआईटी-3 स्थित डीएवी सेंटेनरी कॉलेज में, वार्ड नंबर 10, 11, 12, 13 और 15 के लिए एआरओ समेत 17 टेबल के एल मेहता कॉलेज फॉर वुमन, एनआईटी फरीदाबाद में होगी। डीसी ने बताया कि वार्ड नंबर 14, 36, 37, 38 और 39 के लिए एआरओ समेत 18 टेबल सेक्टर-16, स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में लगेंगी। वार्ड नंबर 16, 17, 18, 19 और 20 के लिए एआरओ समेत 17 टेबल सेक्टर.14 स्थित डीएवी स्कूल में, वार्ड नंबर 21, 22, 23, 24 और 29 के लिए एआरओ समेत 15 टेबल कम्युनिटी सेंटर, एसजीएम नगर फरीदाबाद में, वार्ड नंबर 25, 26, 27, 28 और 30 के लिए एआरओ समेत 15 टेबल कम्युनिटी सेंटर सेक्टर.28 में, वार्ड नंबर 31, 32, 33 34 और 35 के लिए एआरओ समेत 18 टेबल सेक्टर.16ए स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में तथा वार्ड नंबर 40, 42, 43, 44 और 45 के लिए एआरओ समेत 16 टेबल सेक्टर.14 स्थित डीएवी स्कूल में मतगणना के लिए व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

### सहायक पुलिस आयुक्त पर्यवेक्षक अधिकारी नियुक्त

पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सभी 9 मतगणना केंद्रों पर सहायक पुलिस आयुक्त स्तर के अधिकारियों को पर्यवेक्षक अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिनकी सहायता के लिए प्रत्येक मतदान केंद्र पर संबंधित क्षेत्र के दो प्रबंधक थाना फोर्स के साथ तैनात किए गए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि फरीदाबाद नगर निगम चुनाव क्षेत्र के मतों की गिनती 7 केन्द्रों पर होना सुनिश्चित किया गया है। मतगणना केंद्र पर प्रातः 8 बजे से मतगणना शुरू की जाएगी। मतगणना केंद्रों पर दो स्तरीय सुरक्षा सुनिश्चित की गई है, बाह्य सुरक्षा पर जिला पुलिस बल व आंतरिक सुरक्षा में आईआरबी पुलिस बल तैनात किया गया है। मतगणना केंद्रों पर 800 के करीब पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था के लिए नियुक्त किए गए हैं, केंद्र के चारों तरफ 100 मीटर की परिधि में प्रवेश वर्जित रहेगा। मतगणना केंद्र के अंदर किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक यंत्र मोबाइल फोन, पैजर, धूम्रपान की वस्तुएं, माचिस, लाइटर, ब्लेड, चाकू, ज्वलनशील पदार्थ व किसी भी प्रकार का हथियार पूर्णतया वर्जित रहेगा।

---

मंत्री नागर ने उद्यमियों को दी होली की शुभकामनाएं

# किसी भी देश में विकास का मुख्य आधार है उद्योग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

होली के अवसर पर फरीदाबाद आईएमटी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने भव्य समारोह का आयोजन किया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा सरकार के मंत्री राजेश नागर पहुंचे। नागर ने उद्यमियों को होली की बधाई दी और कहा कि उद्यमी किसी भी समाज के विकास का मुख्य अंग होते हैं और हमारी हरियाणा सरकार उद्योगों को बढ़ावा देने वाली सरकार है।

### भाजपा ने अंत्योदय के मंत्र को अपनाया

मंत्री राजेश नागर ने कहा कि भाजपा की सरकार में जो कहा जाता है, वह किया जाता है। इसलिए देश की जनता का विश्वास हम पर दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। इसके पीछे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियां और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की विकास के प्रति लगन प्रमुख पहलू हैं। नागर ने कहा कि भाजपा में अंत्योदय के मंत्र को माना जाता है जिसमें विकास से अछूते रह गए व्यक्ति तक भी विकास पहुंचना हमारा मुख्य उद्देश्य है।

### भरण पोषण का कारण है उद्योग

नागर ने कहा कि किसी भी देश समाज का विकास उद्योगों पर आधारित होता है। एक उद्योग लगाने वाला उद्यमी न केवल अपने रोजगार का जरिया बनाता है बल्कि अन्य अनेक लोगों के परिवारों के भी भरण पोषण करने का कारण बनता है। हमारी सरकार उद्योगों को भरपूर सहायता कर रही है। यही कारण है कि आज हरियाणा तमाम क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। आप फरीदाबाद क्षेत्र में ही हो रहे विकास कार्यों को देखेंगे तो पाएंगे की हर जरूरत की जगह पर काम जारी है। उन्होंने कहा कि समाज ही सरकार को जरूरी इनपुट देता है। इसके लिए आप भी सरकार की आंख बनें और हमें जहां भी आवश्यक करने योग्य काम हैए उसके बारे में बताएं।
नागर ने कहा कि आईएमटी में प्लॉट खरीदने, बेचने, ट्रांसफर करने आदि में व्याप्त भ्रष्टाचार को भाजपा सरकार ने समाप्त करने का काम किया है।

---

इलाज के दौरान हुई थी मौत

# पेट्रोल से आग लगाकर पत्नी की हत्या का आरोपी पति गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

थाना मुरादनगर पुलिस ने अपनी पत्नी के शरीर पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगाने और उसकी हत्या करने के मामले में पति को गिरफ्तार कर लिया है।

डीसीपी ग्रामीण एसएन तिवारी ने बताया कि 28 फरवरी को एक महिला ने थाना मुरादनगर पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी पुत्री के ऊपर उसके पति इंतखाब आलम ने पेट्रोल छिड़ककर बाथरूम में धक्का देकर आग लगाकर दरवाजा बन्द कर दिया। जिससे उसकी पुत्री भूरी उर्फ मुवाशिरा गंभीर रूप से झुलस गई। 7 मार्च को दिल्ली के अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मुरादनगर पुलिस ने आरोपी इंतखाब को गुडमंडी के सामने रावली रोड से गिरफ्तार किया । पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि शराब पीने को लेकर अपनी पत्नी से विवाद चल रहा था । जब भी मैं शराब पीकर घर आता था तो पत्नी मेरे साथ झगड़ा करती रहती थी । 25फरवरी को भी मैं जब शराब की बोतल लेकर शराब पीने के लिए अपने घर आया जैसे ही मैं घर में र शराब पीने लगा तो मेरी पत्नी मेरे साथ झगड़ा करने लगी। हमारे घर में सर्दियो में आग जलाने के लिए पेट्रोल की बोतल रखी थी तो मैंने बोतल उठाकर अपनी पत्नी भूरी उर्फ मुवाशिरा के ऊपर डाल दी तथा पास में ही रखी माचिस उठाकर दूर से ही तीली फेंक दी थी जब वह चिल्लाने लगी तो मै मौके से भाग गया था ।

---

पुलिस उपायुक्त ने संचालकों के साथ बैठक की

# शादी समारोह में रात 10 बजे के बाद डीजे व लाउड स्पीकर करने होंगे बंद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

देर रात तक डीजे व लाउडस्पीकर बजाने से विद्यार्थियों, बीमार व्यक्तियों और अन्य की परेशानी को देखते हुए पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा सभी थाना और चौकी प्रभारियों को रात्रि 10 बजे के बाद डीजे बजाने पर सख्त कार्रवाई करने के दिशा निर्देश दिए हुए हैं। पुलिस उपायुक्त सेंट्रल उषा व पुलिस उपायुक्त बल्लभगढ़ कुशलपाल सिंह ने अपने-अपने कार्यालय में गोष्ठी का आयोजन कर वाटिका, बैंकेट हॉल व अन्य समारोहों स्थल के मालिक व संचालकों के साथ बैठक कर इस आशय का निर्देशित किया ।

### डीजे की आवाज 45 डेसिबल से अधिक न हो

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मीटिंग के दौरान निर्देश दिए गए कि रात्रि के समय देर रात तक डीजे बजाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, डीजे की आवाज 45 डेसिबल से अधिक नहीं होनी चाहिए तथा रात्रि 10 उपरांत डीजे नहीं बजना चाहिए अगर वाटिका, बैंकेट हॉल व समारोह स्थल के मालिक, संचालक द्वारा निर्देशों की पालना नहीं की जाएगी तो उनके विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाएगी।
उन्होंने बताया कि मीटिंग के दौरान उपस्थित मालिक, संचालकों को वाहनों की सुरक्षा के लिए गार्ड और सीसीटीवी कैमरा लगवाना सुनिश्चित करने वाले भी निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त यह भी बतलाया गया कि वाटिका और बैंकट हॉल के सामने अगर वाहन रोड पर खड़े मिली तो चालान किए जाएंगे और वाटिका व बेंकट हॉल संचालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिस पर उनके द्वारा नियमों का पालन करने के लिए आश्वस्त किया ।

---

मंत्री गोयल ने प्रवासी राजस्थानी उद्यमियों की सराहना की

# राजस्थान एसोसिएशन ने धूमधाम से मनाया होली मिलन समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद।

राजस्थान एसोसिएशन द्वारा आयोजित भव्य 'फागण आयो रे', होली मिलन समारोह में प्रदेश के राजस्व एवं शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल ने प्रवासी राजस्थानी उद्यमियों के योगदान की सराहना की। कहा कि ये उद्यमी अब केवल प्रवासी नहीं, बल्कि हरियाणा प्रदेश के अभिन्न अंग हैं। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में खाद्य एवं आपूर्ति राज्य मंत्री राजेश नागर तथा विधायक मूलचंद शर्मा भी उपस्थित रहे।

### प्रवासी उद्यमियों का सम्मान

मंत्रियों ने औद्योगिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले अरुण बजाज, एमपी रूंगटा, आशीष जैन, एसपी अग्रवाल, गौतम चौधरी, श्याम कांकाणी, मनोज अग्रवाल, कैलाश शर्मा, शंकर खंडेलवाल और उमेश झंवर को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में वीणा म्यूजिक के कलाकारों श्वेता पारिक, सुप्रिया, दिलबर हुसैन, मेघराज मारवाड़ी एवं पार्टी ने होली के गीत, नृत्यए ठप व चंग की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिससे उपस्थित लोगों ने खूब आनंद लिया।

---

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **शहजाद उमैर, पुत्र गोहर जमाल, पता: 3213, फाटक तेलियान तुर्कमान गेट, दिल्ली** ने **FIR No.27/2021, U/s 379/411 IPC, पुलिस थाना कमला मार्केट, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **शहजाद उमैर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **शहजाद उमैर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना कमला मार्केट, नई दिल्ली** के अभियुक्त **शहजाद उमैर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **21.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री सायेशा चड्ढा**
**मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट – 08**
**कमरा नंबर 272**
**तीस हजारी कोर्टए दिल्ली**

**DP/2921/CD/2025**

**PUBLIC NOTICE**

**DHARA POWER**

**Plot No.57 Sector 18, Urban Estate, Gurgoan-122015, Haryana**
**Notice under sub-section (2) of Section 15 of the Electricity Act, 2003**

1. The person above-named, a Sole Proprietorship Firm has made an application under sub-section (1) of Section 15 of the Electricity Act, 2003 for grant of Category IV license for inter State trading in electricity in Pan India before the Central Electricity Regulatory Commission, New Delhi. The necessary details in respect of the applicant are given hereunder:

i) Authorized, issued, subscribed and paid up capital.
Sole Proprietor's capital account balance: Rs. 16,05,000,90/- (Rupees Sixteen Crores Five Lakhs and Ninety only) as per the Special Balance Sheet dated 11.02.2025.

ii) Shareholding pattern
Not Applicable

iii) Financial strength.- **MS. SEEMA TYAGI [FINANCE HEAD]**, with over 15 years of experience in Finance. Technical strength – **MR. SWAPNIL JAIN [TECHNICAL HEAD]**, is a professional with solid experience in Power system operations and Power Trading with over 14 years of techno-commercial experience of working across domains.

iv) Management Profile of the applicant including details of past experience of the applicant and/or the persons on the management of the applicant in generation, transmission, distribution and trading of electricity or similar activity.- **MR. SWAPNIL JAIN [TECHNICAL HEAD] and MS. SWATI MITTAL [SOLE PROPERIETOR]: Over 15 Years of Experience in Power system operations, planning and Regulatory compliances.**

v) Volume of electricity intended to be traded during the first year after grant of license and future plans of the applicant to expand volume of trading.- **As allowable under category IV**

vi) Geographical areas within which the applicant will undertake trading in electricity; - **Pan India**

vii) Net worth as on 31st March of three consecutive years immediately preceding the year of application or for such lesser period as may be applicable- **Rs. 4,63,89,688/- as on 31.03.2024;** and as on date of the special balance sheet accompanying the application- **Rs. 16,05,000,90/- as on 11.02.2025**.

viii) Year-wise current ratio and liquidity ratio of the applicant for three years preceding the year in which the application is made, or for such lesser period as may be applicable- **3.77 and 3.77 as on 31.03.2024;** and as on the date of the special balance sheet accompanying the application: **2.91 and 2.91 as on 11.02.2025**.

ix) (a) A statement whether the applicant is authorized to undertake trading in electricity under the Memorandum of Association or any other document.- **Yes**

(b) If so, reproduce the specific provision of Memorandum of Association or any other document authorizing trading in electricity. - **"2. OBJECTIVE AND DETAILS OF THE BUSINESS**

***Inter-state AND/ OR Intra-State Trading of Electricity**, REC & ECERT's on TEX, Procurement, designing, erection && Commissioning of Electrical systems, Consultancy, Manufacturing and repairing of special purpose test equipment, Procurement, designing, erection & commissioning of Solar Systems, Sale & purchase of Electrical & electronics instruments and equipment's and Sale & purchase of Electrical Maintenance tools, materials, and equipment."*

x) Details of cases, if any, where the applicant or any of his associates, or partners, or promoters, or Directors has been declared insolvent & has not been discharged.- **None**

xi) Details of the cases, if any, in which the applicant or any of his associates or partners or promoters or Directors has been convicted of an offence involving moral turpitude, fraud or any economic offence during the previous three years preceding the year of making the application and the year of making of applicant and the date of release of the above person from imprisonment, if any, consequent to such conviction.- **None**

xii) Whether the applicant or any of his associates, or partners, or promoters, or Directors was ever refused licence, and if so, the detailed particular of the application, date of making application, date of order refusing licence and reasons for such refusal. **NA.**

xiii) Whether the applicant has been granted a licence for transmission of electricity.- **No**

xiv) Whether an order canceling the licence of the applicant, or any of his associates, or partners, or promoters, or Directors has been passed by the Commission.-**None**

xv) Whether the applicant or any of his associates, or partners, or promoters, or Directors was ever found guilty in any proceedings for contravention non-compliance of any of the provisions of the Act or the rules or the regulations made thereunder or an order made by the Appropriate Commission, during the year of making the application or five years immediately preceding that year? - **No**

2. The application made and other documents filed before the Commission are available for inspection by any person with Mr. Sunil Kumar Jain, Executive Officer, Plot No.57 Sector 18, Urban Estate, Gurgoan-122015, Haryana, India, Mobile: +91-99995 39883 Email: sunil.jain@dharapower.com

3. The application made and other documents filed before the Commission have been posted on https://dharapower.com/

4. Objections or suggestions, if any, on the application made before the Commission may be sent to the Secretary, Central Electricity Regulatory Commission, 6th, 7th & 8th Floors, Tower B, World Trade Centre, Nauroji Nagar, New Delhi- 110029
Ph: 011-26189709, Fax: 011-20904365 within 30 days of publication of this notice, with a copy to the applicant.

5. No objections or suggestions shall be considered by the Commission if received after expiry of 30 days of publication of this notice.

**Date :** 11.03.2025
**Place:** New Delhi

**Sunil Kumar Jain**
Executive Officer

### मंदिर परिसर में चारों ओर अबीर-गुलाल की सतरंगी छटा छाई

# रंगभरी एकादशी: बांके बिहारी मंदिर में आराध्य संग भक्तों ने खेली होली

बांके बिहारी मंदिर में भक्ति और रंगों का अद्भुत समागम नजर आ रहा है। पांच दिन ऐसा ही दृश्य यहां देखने को मिलेगा।

एजेंसी ▶▶ मथुरा

ब्रजमंडल में होली की धूम जोरों पर है। रंगभरनी एकादशी के पावन अवसर से ही कान्हा की नगरी में पंच दिवसीय रंगोत्सव का शुभारंभ हो चुका है। चारों ओर भक्तों के टोलियां भक्ति और उल्लास में सराबोर होकर आनंद रस में गोते लगा रही हैं। ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में हर वर्ष की भांति इस बार भी भक्तों के बीच रंगोत्सव का अनूठा नज़ारा देखने को मिल रहा है। जैसे ही ठाकुर बांके बिहारी लाल धवल श्वेत वस्त्र धारण कर भक्तों को दर्शन देने पहुंचे, पूरा मंदिर परिसर 'रास रचैया' की जय-जयकार से गूंज उठा। सेवायत गोस्वामीजन ने भक्तों पर सोने-चांदी की पिचकारियों से टेसू के फूलों से बने प्राकृतिक रंगों की बौछार की। मंदिर परिसर में चारों ओर अबीर-गुलाल की सातरंगी छटा छाई हुई है। भक्तगण ठाकुरजी की रंग-प्रसादी में भीगकर भक्ति रस में डूब रहे हैं। सेवायतों द्वारा होली के रसिया भजनों का पारंपरिक गायन किया जा रहा है, जिससे वातावरण में भक्ति और मस्ती का अनोखा संगम देखने को मिल रहा है।

## फाल्गुन पूर्णिमा तक जारी रहेगा रंगों की बौछार



फाल्गुन शुक्ल पक्ष की एकादशी से प्रारंभ हुआ यह आनंदमयी रस वर्षण फाल्गुन पूर्णिमा तक इसी तरह जारी रहेगा। हर भक्त ठाकुरजी के साथ होली खेलने और रंग-प्रसादी का एक कण पाने को लालायित है। सेवायत गोपी गोस्वामी ने कहा कि बांके बिहारी लाल की यह होली प्रेम और भक्ति का अद्भुत संगम है। हर साल लाखों भक्त इसमें शामिल होकर ठाकुरजी के रंग में रंग जाते हैं। इस बार भी ठाकुरजी अपने भक्तों पर कृपा कर रहे हैं और हर कोई इस अलौकिक रंगोत्सव में डूबा हुआ है। भक्त इस होली में रंगने को आतुर रहते हैं।

### संभल का जिक्र कर बोले शंकराचार्य

# जहां मंदिरों के अवशेष मिलेंगे वह स्थान हिंदुओं को मिले

## मस्जिदों में जांच में खुद ब खुद मिल रहे हैं अवशेष

एजेंसी ▶▶ जमशेदपुर



द्वारकाशारदा पीठाधीश्वर जगत गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज ने कहा है कि हिंदुओं ने किसी मस्जिद पर कब्जा नहीं किया है। उन्होंने कहा कि जहां-जहां मंदिर के अवशेष मिलेंगे वो स्थान हिंदुओं का है, हमें मिलना चाहिए। झगड़े की जगह नहीं है। शंकराचार्य ने कहा कि यदि हिंदुओं ने किसी मस्जिद पर कब्जा किया है

पश्चिमाम्नाय द्वारकाशारदा पीठाधीश्वर जगत गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज ने जमशेदपुर के पास पारलीपोस स्थित विश्व कल्याण आश्रम में मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में संभल, ज्ञानव्यापी समेत मस्जिदों में मंदिरों व हिन्दू देवी-देवताओं के साक्ष्य मिले हैं। ये कानूनन व पुरातत्व विभाग द्वारा जांच में सामने आएं हैं। जहां-जहां मस्जिदों में जांच की जा रही है, वहां खुद ब खुद अवशेष मिल रहे हैं।

### महाकुंभ में हुए सनातनी एकता का दर्शन

शंकराचार्य ने कहा कि प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। महाकुंभ में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बेहतर व्यवस्था की गई थी। कहा, 29 जनवरी को भगदड़ में लोगों की मौत हुई, जो काफी दुखदाई है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में हमने सनातनी एकता का दर्शन किया। 25 देशों की जनसंख्या जितनी है, उतने लोगों ने हमारे कुंभ में डुबकी लगाई। करोड़ों श्रद्धालु बगैर निमंत्रण पहुंच अद्वितीय सनातनी समागम के साक्षी बने।

## पेज एक का शेष

### मस्क बोले-एक्स पर...

के बाद समस्या का समाधान किया गया और सेवाएं फिर से बहाल हो गईं। सेवाएं बहाल होने के बाद मस्क इस आउटेज के लिए बड़े साइबर हमले को जिम्मेदार ठहराया। इससे पहले दोपहर तीन और शाम को सात बजे भी 'एक्स' पर यह सर्वर डाउन होने की समस्या आई थी। आउटेज की वजह से उपयोगकर्ता 'एक्स' पर न तो कुछ पोस्ट कर पा रहे थे और न ही किसी की पोस्ट को देख पा रहे थे।

### 'शालीन' स्टालिन ने केंद्र...

उन्होंने दो टूक शब्दों में लिखा कि केंद्र सरकार चाहे कितना भी तमिलनाडु पर दबाव बना ले राष्ट्रीय शिक्षा नीति सूबे में लागू नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने पूछा कि राज्य के टैक्स पेयर्स का फंड केंद्र रीलीज करेगा या नहीं? राज्य में प्रस्तावित डिलिमिटेशन होने से कई संसदीय और विस सीटों पर फर्क पडेगा। ठीक उसी तरह से जिस तरह जम्मू कश्मीर का डिलिमिटेशन किया गया उसी तरह तमिलनाडु का किया जाना है। डिलिमिटेशन के फैसले पर भी डीएमके ने सियासी जामा पहनाकर विरोध किया है। विपक्षी दलों से सहयोग मांगा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)में चूंकि हिंदी में पठन पाठन भी कराना तय होगा इसीलिए मुख्यमंत्री को लगता है तमिल भाषा में हिंदी या अंग्रेजी का घुसपैठ हुआ तो सत्ता पर डीएमके की पकड भविष्य में ढीली हो सकती है। राज्य सरकार के अडियल रुख की मुखालफत भाजपा कर रही है। लोकसभा में भाजपा के तेजतर्रार सांसद निशिकांत दुबे ने सोमवार को डीएमके सांसदों पर राजनीति से प्रेरित होकर हिंदी और संस्कृत का विरोध किये जाने पर आपत्ति दर्ज की। उन्होंने कहा कि तमिल सबसे पुरानी भाषा है लेकिन उससे भी प्राचीन भाषा संस्कृत है। आज भी तमिलनाडु के मंदिरों में संस्कृत में ही पूजा का विधान है। ऐसे में डीएमके सांसदों का भाषा पर विरोध उचित नहीं। वे इस बार के विस चुनाव में हार के डर से मोर्चाबंदी कर रहे हैं।

### आभूषण समेत ...

अंदर इकट्ठा हो गए, उन्होंने अपने चेहरे पर मास्क पहन हथियार निकाल लिए और पूरे स्टाफ को कब्जे में ले लिया। इसके बाद स्टॉल-दर-स्टॉल कीमती ज्वेलरी को बड़े बैगों में भरना शुरू कर दिया।

**दो घंटे के अंदर पुलिस की बड़ी कार्रवाई... लुटेरों से मुठभेड़, तीन झोले में आभूषण बरामद:** बिहार पुलिस एक्शन में है। आरा में तनिष्क शोरूम से लूट कांड के करीब दो घंटे बाद ही दो अपराधियों को पुलिस ने घेर लिया। घिरते देख अपराधियों ने फायरिंग की तो मुठभेड़ के बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। तीन झोले में ज्वेलरी बरामद हुई है। पुलिस द्वारा जारी प्रेस रिलीज के अनुसार लूट को अंजाम देने के बाद अपराधी डोरीगंज के रास्ते छपरा की ओर भाग रहे थे। लूट के दो घंटे के अंदर बड़ी कार्रवाई कर बड़हरा थाना पुलिस ने बबुरा छोटीपुल के पास उन्हें रोकने की कोशिश की। तीन बाइक पर सवार छह अपराधियों में से एक ने पुलिस पर फायरिंग कर दी, जिसके जवाब में पुलिस की कार्रवाई में दो अपराधी घायल हो गए। उनकी पहचान सारण जिले के दिघवारा निवासी विशाल गुप्ता (पिता भुनेश्वर प्रसाद) और सेमरा गांव, सोनोर के प्रदीप कुमार (पुत्र कुणाल कुमार) के रूप में हुई है। घटना के मुख्य आरोपियों की पहचान की जा रही है और शेष फरार अपराधियों की तलाश के लिए एसआईटी का गठन किया गया है।

**पूर्णिया के तनिष्क शोरूम में भी हुई थी करोड़ों की लूट:** इससे पहले 26 जुलाई 2024 को पूर्णिया के तनिष्क शोरूम में हुई बड़ी लूट ने भी राज्यभर में खलबली मचा दी थी। घटना दिन के करीब 12 बजे हुई थी, जब चार से छह की संख्या में अपराधी शोरूम में घुसे और हथियार के बल पर करोड़ों के जेवरात लूट लिए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार भागने के दौरान एक अपराधी की बाइक असंतुलित होकर गिर गई, लेकिन वह तुरंत संभलकर फरार हो गया। उसकी पिस्तौल भी सड़क पर गिर गई, जिसे एक ई-रिक्शा चालक मौके से उठाकर ले भागा। पुलिस इस मामले में दो से तीन करोड़ की लूट की बात कह रही थी, जबकि शोरूम कर्मियों ने करीब 20 करोड़ की लूट का दावा किया था।

### अभ्यर्थियों की...

170 सेमी से कम होने के कारण उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया। अभ्यर्थी ने इस फैसले को भर्ती एजेंसी के समक्ष चुनौती दी और तर्क दिया कि 2015 में जारी सेना और आर्म्ड फोर्स भर्ती नियमों के अनुसार 0.5 सेमी तक की कमी को नजरअंदाज किया जा सकता है।

केंद्र सरकार की दलील और हाई कोर्ट का फैसला: केंद्र सरकार ने कोर्ट में अपना पक्ष रखते हुए कहा कि आवेदक का आवेदन पहले ही खारिज किया जा चुका है और यदि वह अन्य चरणों को पास कर लेता तो हाइट के मुद्दे पर विचार किया जा सकता था। हालांकि, हाई कोर्ट ने सरकार के तर्क को खारिज करते हुए साफ किया कि भर्ती प्रक्रिया में हाइट को राउंड फिगर में लिया जाना चाहिए।

**भर्ती प्रक्रिया में बदलाव से लाखों अभ्यर्थियों को फायदा:** हाई कोर्ट के इस आदेश से उन हजारों अभ्यर्थियों को राहत मिलेगी, जिन्हें मामूली हाइट की कमी के कारण भर्ती प्रक्रिया में अयोग्य घोषित कर दिया जाता है। अब सेना, पुलिस और अर्धसैनिक बलों की भर्ती में 0.5 सेमी तक की हाइट की कमी को राउंड फिगर में मानकर भर्ती प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा। मध्यप्रदेश हाई कोर्ट का यह फैसला उन उम्मीदवारों के लिए एक बड़ी राहत है जो मामूली हाइट की कमी के कारण अपनी योग्यता साबित नहीं कर पाते।

### हरियाणा एसटीएफ...

पर लगातार बड़े पैमाने पर कार्रवाई की जा रही है। एसटीएफ ने 2020 में 325 अपराधियों को, 2021 में 227 को, 2022 में 388 को, 2023 में 421 को और 2024 में 636 अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके अंजाम तक पहुंचाया है। मोस्ट वांटेड अपराधियों और गैंगस्टरों को पकड़ने के साथ साथ, एसटीएफ ने काबू किए अपराधियों के कब्जे से 217 पिस्तौल, 7 रिवॉल्वर, 272 देसी पिस्तौल, 47 मैगजीन और 2,000 से अधिक कारतूस सहित बड़ी मात्रा में अवैध हथियार भी बरामद किए हैं।

**दादूपुर नलवी नहर पर उच्च न्यायालय का कोई आदेश नहीं:** मुख्यमंत्री सैनी ने स्पष्ट किया कि पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा दादूपुर नलवी नहर के निर्माण के संबंध में कोई भी आदेश पारित नहीं किया गया है। मुख्यमंत्री हरियाणा विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दौरान दादूपुर नलवी नहर के निर्माण के संबंध में पूछे गए प्रश्न पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही संवेदनशील विषय है और इस पर विपक्ष द्वारा राजनीति भी लगातार हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष के सदस्यों के समय ही इस नहर के संबंध में एक्ट भी पारित किया गया था। उन्होंने कहा कि महाधिवक्ता, हरियाणा ने माननीय उच्च न्यायालय के फैसले पर अपनी राय दी है कि यह मामला भारत के सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष एसएलपी दायर करके चुनौती देने योग्य है। एसएलपी की तैयारी प्रक्रियाधीन है और महाधिवक्ता, हरियाणा से इसकी जांच कराने के बाद इसे जल्द ही प्रस्तुत किए जाने की संभावना है।

### भाजपा विधायक: 'होली में न निकलें मुसलमान'

# बयान से भड़कीं राबड़ी, मोदी को कर दिया चैलेंज

एजेंसी ▶▶ पटना

होली पर मुसलमानों को घर से बाहर न निकलने की नसीहत देने वाले भाजपा विधायक हरिभूषण बलौच पर बिहार विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी भड़क गईं। कहा कि ऐसे लोगों को बिहार की जनता सबक सिखाएगी और बिहार से भगाने का काम करेगी। जनता इन्हें बिहार के साथ-साथ देश से भी भगाने का काम करेगी। वहीं पीएम नरेंद्र मोदी को चुनौती देते हुए कहा कि अगर हिम्मत है तो बिहार से और देशभर से मुसलमानों को भगाने का काम करें। इससे पहले भाजपा विधायक हरिभूषण बलौच ने कहा था कि साल में जुम्मा की नमाज 52 बार , जबकि होली साल में एक बार आती है। ऐसे में मुस्लिम समाज के लोग होली के दिन अपने घरों से बाहर नहीं निकलें। अगर घर से बाहर निकलते हैं तो बड़ा दिल दिखाएं, उनके ऊपर अबीर गुलाल लगता है तो उसका विरोध नहीं करें। जिसके बाद से बलौच के बयान पर सियासत तेज हो गई है। वहीं राजद के एमएलसी कारी शोएब ने कहा कि बिहार में सभी धर्म के लोग होली मिल-जुलकर मनाते है।




रेलयात्री कृपया ध्यान दें!



## होली विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

होली त्यौहार–2025 के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का दिल्ली क्षेत्र के स्टेशनों से तिथिवार संचालन निम्नानुसार हैः–

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| **दिनांक 11.03.2025 (मंगलवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | |
| 04012 | दिल्ली जं. | 19:30 | दरभंगा | 16:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर जं., नरकटियागंज, रक्सौल, बैरगनिया, सीतामढी और जनकपुर रोड स्टेशन। |
| 04062 | दिल्ली जं. | 23:55 | पटना जं. | 16:40 | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा और दानापुर स्टेशन |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन और अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन। |
| 04404 | दिल्ली जं. | 20:40 | रींगस जं. | 04:10 | दिल्ली सराय रोहिल्ला, दिल्ली कैंट, गुड़गांव, पटौदी रोड, रेवाड़ी जंक्शन, महेंद्रगढ़, लोहारू, झुंझुनू और सीकर जंक्शन स्टेशन। |
| 02436 | नई दिल्ली | 08:30 | पटना जं. | 20:10 | गाजियाबाद, अलीगढ़, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर और आरा स्टेशन। |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर और पटना जंक्शन स्टेशन। |
| 04070 | आनन्द विहार (ट.) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, पडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., बख्तियारपुर जं. एवं बिहारशरीफ जं. के स्टेशन। |
| 04030 | आनन्द विहार (ट.) | 09:00 | मुज़फ्फरपुर जं. | 06:00 | मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जंक्शन, गोंडा जंक्शन, गोरखपुर, कप्तानगंज जंक्शन, नरकटियागंज जंक्शन, सगौली जंक्शन और बापूधाम मोतिहारी स्टेशन। |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जंक्शन, गोंडा जंक्शन, बस्ती, गोरखपुर जंक्शन, कप्तानगंज जंक्शन, बगहा, नरकटियागंज जंक्शन, रक्सौल जंक्शन, बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, दरभंगा जंक्शन, सकरी जंक्शन, झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल और गढ़ बरुआरी स्टेशन। |
| 04016 | आनन्द विहार (ट.) | 00:30 | सीतामढ़ी | 02:00 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ, रायबरेली, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, वाराणसी जं., औंरिहार, गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जं. और मुजफ्फरपुर जं. (रिवर्सल) स्टेशन। |
| 05204 | आनन्द विहार (ट.) | 09:20 | मुज़फ्फरपुर जं. | 05:00 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, पं. उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर जंक्शन और हाजीपुर जंक्शन स्टेशन। |
| **दिनांक 12.03.2025 (बुधवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | |
| 04062 | दिल्ली जं. | 23:55 | पटना जं. | 16:40 | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा और दानापुर स्टेशन |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन और अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन। |
| 09004 | दिल्ली जं. | 13:05 | मुंबई सेन्ट्रल | 13:30 | दिल्ली कैंट, गुड़गांव, रेवाडी जं., अलवर, बांदीकुई जं., गांधीनगर जयपुर, जयपुर जं., किशनगढ़, अजमेर जं., ब्यावर, मारवाड़ जं., फालना, पिंडवाड़ा, आबू रोड, पालनपुर जं., महेसाणा जं., साबरमती बीजी, वडोदरा जं., उधना जं., वलसाड, वापी और बोरीवली स्टेशन। |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:40 | सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र जं., अंबाला कैंट, ढंडारी कलां, जालंधर कैंट, पठानकोट कैंट, जम्मू तवी और शहीद कैप्टन तुषार महाजन स्टेशन। |
| 04068 | नई दिल्ली | 14:00 | भागलपुर | 13:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., बख्तियारपुर जं., मोकामा, हाथीदह जं., लक्खीसराय जं., किउल जं., अभयपुर, जमालपुर जं. और सुल्तानगंज स्टेशन। |
| 02436 | नई दिल्ली | 08:30 | पटना जं. | 20:10 | गाजियाबाद, अलीगढ़, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर और आरा स्टेशन। |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर और पटना जंक्शन स्टेशन। |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जंक्शन, गोंडा जंक्शन, बस्ती, गोरखपुर जंक्शन, कप्तानगंज जंक्शन, बगहा, नरकटियागंज जंक्शन, रक्सौल जंक्शन, बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, दरभंगा जंक्शन, सकरी जंक्शन, झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल और गढ़ बरुआरी स्टेशन। |
| 05306 | आनन्द विहार (ट.) | 22:10 | छपरा | 22:50 | इटावा, कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जंक्शन, गोंडा जंक्शन, मनकापुर जं., बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, कप्तानगंज जं., पडरौना, तमकुही रोड, थावे जंक्शन और सीवान जंक्शन स्टेशन। |
| **दिनांक 13.03.2025 (बृहस्पतिवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | |
| 04024 | दिल्ली जं. | 19:30 | वाराणसी जं. | 09:45 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, लखनऊ, रायबरेली जंक्शन और मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन स्टेशन। |
| 04026 | दिल्ली जं. | 23:05 | रक्सौल जं. | 19:00 | गाजियाबाद, हापुड, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा जंक्शन, गोरखपुर और नरकटियागंज जंक्शन स्टेशन। |
| 04062 | दिल्ली जं. | 23:55 | पटना जं. | 16:40 | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा और दानापुर स्टेशन। |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन और अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन। |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | गया जं | 01:50 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं.दीनदयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम और डेहरी–ऑन–सोन स्टेशन। |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जं. | 22:00 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र जं., सोनपुर, हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर , जं., समस्तीपुर जं., दलसिंहसराय, बरौनी जं., बेगुसराय, खगड़िया जं. और मानसी जंक्शन स्टेशन। |
| 02436 | नई दिल्ली | 08:30 | पटना जं. | 20:10 | गाजियाबाद, अलीगढ़, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर और आरा स्टेशन। |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर और पटना जंक्शन स्टेशन। |
| 04014 | नई दिल्ली | 10:30 | जयनगर | 15:15 | मुरादाबाद जं., बरेली जं., लखनऊ, रायबरेली जं., अमेठी, मां बेल्हा देवी धाम, वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर पाटलिपुत्र, हाजीपुर जंक्शन, मुजफ्फरपुर जंक्शन, समस्तीपुर जंक्शन, दरभंगा जंक्शन और मधुबनी स्टेशन |
| 04028 | आनन्द विहार (ट.) | 23:55 | जोगबनी | 03:00 | गाजियाबाद, मुरादाबाद जं., बरेली जं., शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगू सराय, खगड़िया जं., नौगछिया, कटिहार जं., पूर्णिया, अररिया और फोर्बसगंज स्टेशन। |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जंक्शन, गोंडा जंक्शन, बस्ती, गोरखपुर जंक्शन, कप्तानगंज जंक्शन, बगहा, नरकटियागंज जंक्शन, रक्सौल जंक्शन, बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, दरभंगा जंक्शन, सकरी जंक्शन, झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल और गढ़ बरुआरी स्टेशन। |
| 05114 | आनन्द विहार (ट.) | 16:00 | छपरा | 14:00 | मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, बुढ़वल, गोंडा जंक्शन, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जंक्शन, कप्तानगंज जंक्शन, पडरौना, तमकुही रोड, थावे जंक्शन, दिघवा दुबौली, मशरख और छपरा कचहरी स्टेशन। |
| 03012 | आनन्द विहार (ट.) | 00:30 | हावड़ा | 30:00 | टूंडला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, धनबाद, आसनसोल, दुर्गापुर, बर्द्धमान और बैंडेल स्टेशन। |
| 01708 | आनन्द विहार (ट.) | 18:05 | जबलपुर जं. | 10:00 | गाजियाबाद, अलीगढ़ जंक्शन, टूंडला जंक्शन, इटावा जंक्शन, गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जंक्शन, शंकरगढ़, मानिकपुर जंक्शन, सतना, मैहर और कटनी स्टेशन। |
| 08761 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 12:30 | दुर्ग | 13:50 | मथुरा जंक्शन, आगरा कैंट, वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी), सागर, दमोह, कटनी मुरवारा, उमरिया, शहडोल, अनुपपुर जंक्शन, पेंड्रा रोड, उसलापुर और रायपुर जंक्शन स्टेशन। |

रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

हरिभूमि
# सहेली






होली सिर्फ रंगों का पर्व नहीं है, यह जीवन में उत्साह-उमंग और नई खुशियां भरने वाला, रिश्तों में स्नेह-प्रेम के रंग सजाने वाला पर्व भी है। स्त्रियों के लिए तो यह पर्व और भी ज्यादा महत्व रखता है, क्योंकि वे परिवार-समाज में मधुरता बनाए रखने में विश्वास करती हैं, इस लिहाज से उनके लिए होली का पर्व बहुत अच्छा अवसर है।

# होली लेकर आई खुशियों के रंग

आवरण कथा

सरस्वती रमेश

होली के रंगों में जीवन का उल्लास होता है, तरंग होती है। इसीलिए फाग के गीत भी होंठों पर अनायास आ जाते हैं। कानों में ढोल-मंजीरे की झंकार गूंजने लगती है, लोग थिरक उठते हैं। आंखों के आगे अबीर, गुलाल उड़ने लगता है। होली में तन-मन रंगों से भीगकर सतरंगा हो जाता है। हम सौभाग्यशाली हैं, जो हमारे पास रंगों का एक ऐसा अनोखा और प्यारा पर्व है। लेकिन बात वास्तव में तब बनेगी, जब ऐसे रंगमय, स्नेहमय, प्रेममय और संगीतमय त्योहार की रंगत को हम जीवन में उतारें। अपने घर-परिवार, रिश्ते-नाते सबको प्रेम के रंग में रंगकर दूसरों के साथ किसी प्रकार की कड़वाहटों और मनमुटाव को दूर करें। सबके प्रति सकारात्मक भाव रखें।

## स्त्री जीवन है विविध रंगों की रंगोली



देखा जाए तो स्त्रियों का जीवन विविध रंगों से बनी एक खूबसूरत रंगोली है। क्योंकि इनकी दुनिया रंगों के खूबसूरत मेल से ही बनती है। मायका, ससुराल, परिवार, मातृत्व, रिश्ते-नाते, आस-पड़ोस और सामाजिक जिम्मेदारियां, ये सब स्त्री-जीवन के इंद्रधनुष में सजे रंग ही तो हैं, जिसे वे जीती हैं। हर रंग की अपनी अहमियत है, भूमिका है, चमक है। कोई एक रंग भी फीका पड़ जाए तो स्त्रियों के जीवन के साथ ही, परिवार के हर सदस्य पर इसका प्रभाव पड़ता है। हर किसी के जीवन में कठिनाइयां और पीड़ाएं आती हैं। इसलिए स्त्री अपने जीवन के इंद्रधनुषीय रंगों को सहेजकर रखती है। हर हाल में उसकी चमक बनाए रखने की कोशिश करती है। फिर चाहे आर्थिक जिम्मेदारियों से जुड़ा स्वावलंबन का रंग हो या फिर घर के बड़े-बुजुर्गों की सेवा का रंग, स्त्री कभी पीछे नहीं हटती है। रंगों से मिलने वाली ऊष्मा को स्त्री स्वयं तो धारण करती ही है, अपने परिवार के सदस्यों को आपस में जुड़ने का मार्ग भी प्रशस्त करती चलती है।

## साथ का महत्व बताती है होली

होली का त्योहार हमारे जीवन में व्याप्त सारी कड़वाहटों को दूर करने के लिए आता है। यह पर्व हमें परिवार के साथ का असली महत्व बताता है। जब परिवार की सारी स्त्रियां, पुरुष और बच्चे मिलकर गुझिया, मिठाइयां, पापड़, नमकीन बनाते हैं। घर की स्त्रियां साथ मिलकर होली पूजन के लिए जाती हैं, एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए रंग-गुलाल लगाती हैं, तभी होली अपने असली मधुर रूप में दिखती है। इस तरह सबके साथ स्नेह-प्रेम के रंग में भीगने के बाद स्त्री-पुरुष हर कोई मन की सारी कड़वाहट भूल जाता है। परिवार, आस-पड़ोस में हुए मनमुटाव, तनातनी सब रंगों में धुल जाते हैं। जीवन की परेशानियों से मुकाबला करने के लिए हम नई ऊर्जा से सराबोर हो उठते हैं। हंसता-गाता मन, जीवन जीने के लिए हमारे भीतर नई उमंगें भर देता है। इसी को तो कहते हैं जीवन में विविध रंग भरने वाली होली, अपनेपन के अहसास से भरने वाली होली।



## कम न हो खुशियों की बौछार

होली के रंग जीवन में उजास भरते हैं। हम स्त्रियों का रंगों से इस उजास को जीवन में उतारना बहुत जरूरी है। कारण, वर्तमान समय में एक स्त्री की भूमिका बहुत विस्तृत हो चुकी है। इसलिए उसे तरह-तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में एक स्त्री के लिए अपने मन को सकारात्मक विचारों के रंग से सराबोर रखना, जीवन में उल्लास की रंगीन बौछारों की नमी बनाए रखना, परिवार में उमंग-तरंग बनाए रखना बहुत जरूरी है। जीवन में हर्ष और अपनों के बीच आत्मीयता का भरपूर रंग हो तो जीवन हंसी-खुशी कट जाता है, जिंदगी आसान हो जाती है। बाधाएं हमें आगे बढ़ने से रोक नहीं पातीं। ऐसे में खुशियों को सेलिब्रेट करने के मौके बार-बार आते हैं। परिवार के हर सदस्य का जीवन, तरह-तरह के रंगों में रंगकर खूबसूरत और जीवंत हो जाता है।

## खुशियों के रंग कभी न हों फीके

उड़ता गुलाल और रंगों में रंगे खिलखिलाते चेहरों को देखकर हर किसी का मन खुशी से झूम उठता है। अपनी रोज-रोज की नीरस दिनचर्या से ऊबी घर की स्त्रियां होली के बहाने ही सही, थोड़ी मस्ती, थोड़ा धमाल करके हंसी की फुहारों से तरोताजा हो जाती हैं। दरअसल, होली बचपन के खिलंदड़ेपन को फिर से जीने का अहसास है। यह अहसास मन में जीने की उमंग भरता है। तभी तो होली के रंग आज भी उतने ही चटख हैं, जितने पहले हुआ करते थे। होली का संदेश भी यही है कि हमारे जीवन में खुशियों के रंग कभी फीके न हों।

आइए, हम भी होली के अवसर पर प्रेम-स्नेह की रंगी फुहारों में भीगकर उमंगित-तरंगित हों, जीवन में नए रंग भरें। सबको होली की शुभकामनाएं...

# रंगों को समझें रंगों में उतरें

होली पर्व का निहितार्थ देखा जाए तो बहुत गहरा है। यह पर्व यही कहता है कि दूसरे के रंगों में रंगने के साथ उनको अपने रंग में भी रंगो। मतलब हम एक-दूसरे को आत्मसात करें, रंगों के बहाने अपने रिश्तों में प्रेम-स्नेह घोलें, प्रगाढ़ बनाएं। होली का पर्व हमें प्रकृति से भी जोड़कर हमारे जीवन में उत्साह-उमंग भरता है, ऊर्जावान बनाता है।

पर्व निहितार्थ

चेतना झा



***अंबर ने ओढ़ी है तन पर चादर नीली-नीली/ हरित धरित्री के आंगन में सरसों पीली-पीली/ सिंदूरी मंजरियों से है अंबा शीश सजाए/ रोलीमय संध्या ऊषा की चोली है/ तुम अपने रंग में रंग लो तो होली है।***

हरिवंश राय बच्चन की ये कितनी सारगर्भित पंक्तियां हैं। कभी अपने रंग को पहचानना तो कभी औरों के रंग में रंग जाना, कभी अपने रंग में सराबोर कर देना, जिंदगी की सार्थकता इसी में है। होली तो बहाना है, रंगों को समझने का, रंगों में उतरने का।

**प्राकृतिक रंगों का आनंद:** कभी काम का बहाना तो कभी समस्याओं का रोना, सच तो यह है कि सूर्योदय-सूर्यास्त के समय धरती-आसमान के सुंदर रंगों से हम अंजान हो रहते हैं। प्रकृति ने कितने खूबसूरत रंगों से सजा रखी है धरती। कहीं दूर तक नीला आसमान, तो कहीं पेड़ों की हरितिमा। पक्षियों के पंखों से फूलों की पंखुड़ियों तक कितने सुंदर और विलक्षण रंग हैं। पलाश-टेसू से ट्यूलिप-यलो एलडर तक। प्रकृति के कैनवस पर फैले इन रंगों को समझने, उस पर मुग्ध होने के लिए दौड़ती-भागती जिंदगी में कुछ पल ठिठकना जरूरी है। रंगों का त्योहार होली हमें यही संदेश देता है। इस साल हम कुछ इसी संकल्प के साथ मनाएं होली कि जिंदगी से प्रकृति के रंगों को दूर नहीं होने देंगे। अपनी जिंदगी में रंग बटोरेंगे तो अपनों की जिंदगी में भी रंग बिखेरेंगे। कभी थोड़ा ठहर कर किसी अनजान की उदास जिंदगी में भी चुटकी भर रंग भरने की कोशिश करेंगे हम। यकीनन ये रंग हमारी जिंदगी में सुकून बिखेरेंगे।



**समझें रंगों का अर्थ:** रंगों का हमारे दिलोदिमाग पर कितना असर पड़ता है, यह विज्ञान साबित कर चुका है। प्रकृति का हर रंग कुछ कहता ही नहीं, बहुत कुछ करता भी है। जैसे सफेद रंग को ही लें तो यह शांति की बात कहता है। अगर परिवेश में सफेद रंग की कमी होती है तो अशांति पसरती है। उसी तरह लाल रंग जोश-उमंग का रंग है। लाल वस्त्र पहने लोग आम लोगों की अपेक्षा खुद के भीतर अधिक जोश का आभास कराते हैं। रंगों के जानकारों का कहना है कि परिवेश में लाल रंग की कमी आलस्य और जड़ता को जन्म देती है। अगर आपको क्रोध अधिक आता है तो अपने कपड़ों, दीवारों के रंग, चादर, पर्दों के रंगों में नीला रखिए। रंग विशेषज्ञों का कहना है कि नीले रंग की कमी से क्रोध अधिक आता है। उपाय भी बताते हैं कि शांत जगह पर आंखें बंद कर बैठ जाएं और अनुभव करें कि चारों ओर नीलिमा फैली है। दूर तक फैले नीले आसमान को बंद आंखों से मुग्ध होकर निहारिए। यकीनन मन को शांति-सुकून मिलेगा।

**रिश्तों को करें तरोताजा:** जीवन में होली का महत्व कई रंगों से सजा है। यह उत्सव सामाजिक-पारिवारिक संबंधों को तरोताजा करने का एक खूबसूरत बहाना है। देखिए न, होली पकवानों को बनाने और अपनों को खिलाने का त्योहार है। मिलने-मिलाने का त्योहार है। निर्मल होकर दूसरों के रंग में रंगने और खुद के रंग से दूसरों को सराबोर कर देने का खूबसूरत मौका है। तो इस होली बचपन की तरह निर्मल होकर उत्सव मनाने का प्रयास करें। खाना-खिलाना तो अपनी जगह है, अबकी बचपन की तरह जी भर के रंग खेल कर देखिए। निराशा परे छटेगी। हताशा पर उमंग का रंग चढ़ेगा। यकीनन, आपके भीतर एक नई ऊर्जा भरेगी। रंग खेलने से केवल आपका शरीर ही रंगों से सराबोर नहीं होता, भीतर भी रंग हमारे आवेगों और मन को तरंगित करते हैं।

हेयर केयर

ललिता गोयल

# तब रंगों से आपके बाल नहीं होंगे खराब

होली पर रंगों से खेलने में मजा तो खूब आता है। लेकिन अगर सावधानी न बरती जाए तो रंग खेलने के बाद बालों से रंग छुड़ाने में बहुत परेशानी होती है। इससे बालों को बहुत नुकसान भी होता है। आजकल मार्केट में मिलने वाले रंग और गुलाल में कई केमिकल्स मौजूद होते हैं, जिससे बाल रूखे-बेजान हो जाते हैं। ऐसे में जरूरी है कि होली खेलने से पहले बालों की सही तरीके से केयर की जाए।

**प्रॉपर ऑयलिंग:** इस बात का ध्यान रखें कि होली पर रंग खेलते समय आपके बाल सूखे न रहें। दरअसल, मार्केट में मिलने वाले अधिकतर रंगों में केमिकल मिले होते हैं। ऐसे रंग अगर सूखे बालों में पड़ जाएं तो इससे वो कमजोर होने लगते हैं। इसलिए अपने बालों को नुकसान होने से बचाने के लिए सरसों, बादाम, जैतून या नारियल का तेल जरूर लगाएं। होली खेलने से एक घंटे पहले बालों में तेल लगाएं। इससे स्कैल्प के ऊपर एक प्रोटेक्टिव लेयर बन जाती है, बालों को पोषण मिलता है और स्कैल्प में कलर्स एब्जॉर्ब भी नहीं होते हैं। इससे रंग खेलने के बाद शैंपू करने पर आसानी से रंग निकल जाता है। बालों को खराब होने से बचाने के लिए तेल घर पर भी बनाया जा सकता है। यह तेल गुड़हल के फूल, नारियल तेल और लौंग को मिलाकर पकाकर बनाया जाता है। इस तेल से मसाज करने से बालों की कंडीशनिंग होती है, जड़ें मजबूत होती हैं।



**बांधकर रखें:** होली खेलते समय बालों को खुला ना छोड़ें। खुले बालों में रंग ज्यादा एब्जॉर्ब होता है, जिससे सिर की त्वचा पर एलर्जी हो सकती है।

**ढंककर रखें:** होली खेलने से पहले बालों को बांधने के साथ कैप लगा लें। स्कार्फ या दुपट्टे से भी बालों को ढंक सकती हैं। ऐसा करने से स्कैल्प डैमेज नहीं होगा और स्किन तक कलर नहीं पहुंचेगा। इससे बालों को एक्स्ट्रा प्रोटेक्शन भी मिलेगी।

होली पर रंग खेलने से पहले ही नहीं रंग खेलने के बाद भी बालों की देखभाल की जरूरत होती है।

**शैंपू-कंडीशनर लगाएं:** रंग, बालों को रूखा और बेजान करते हैं। इसके साथ ही केमिकल वाले रंग से सर की स्किन पर एलर्जी या ड्राइनेस हो सकती है। इससे बचने के पहले बालों को साफ पानी से अच्छी तरह धोएं और उसके बाद केमिकल फ्री शैंपू का इस्तेमाल करें। इससे ऊपरी परत से रंग हट जाएगा। इसके बाद शैंपू करें और फिर कंडीशनर लगाएं। इससे बालों में लगा रंग हट जाएगा। अगर सूखे रंगों से होली खेली है तो खेलने के बाद बालों को ब्रश कर लें।

**(हेयर एक्सपर्ट डॉ. महिमा से बातचीत पर आधारित)**

डाइट सजेशन

डॉ. अदिति शर्मा
न्यूट्रिशनिस्ट-कोलंबिया एशिया हॉस्पिटल, एनसीआर

होली के अवसर पर तरह-तरह के व्यंजन खाए-खिलाए जाते हैं। लेकिन डाइट को लेकर कॉन्शस रहना जरूरी है। जरा सी लापरवाही से आप बीमार भी हो सकती हैं। किन बातों का रखें ध्यान, जानिए।

# होली के उमंग में डाइट का रखें ध्यान

होली के मौके पर लोग खूब खाते-पीते हैं, खुशियां मनाते हैं। लेकिन इस दौरान खान-पान में होने वाली जरा-सी लापरवाही आपकी हेल्थ को बिगाड़ सकती है। ज्यादा मिर्च-मसाले और घी-तेल वाले व्यंजन खाने से एसिडिटी, फूड प्वॉइजनिंग, ब्लड शुगर और बीपी बढ़ने जैसी समस्याएं आमतौर पर देखी जाती हैं। इसलिए होली के अवसर पर यह बहुत जरूरी है कि खान-पान के मामले में आप पूरी सजगता बरतें और संतुलित आहार लें।

**तला-भुना और मीठा खाने से बचें:** होली के अवसर पर लोग गुझिया, पकौड़े, कचौरी, मिठाइयां और मैदे से बने व्यंजन खूब खाते हैं। इससे अपच, गैस, एसिडिटी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसकी वजह से कई बार कोलेस्ट्रॉल भी बढ़ जाता है। अधिक मीठे के सेवन से शुगर लेवल भी बढ़ सकता है। इन समस्याओं से बचने के लिए ऐसी गरिष्ठ चीजों का सेवन संतुलित मात्रा में करें।

**देर तक खाली पेट न रहें:** त्योहार के दौरान काम की व्यस्तता की वजह से कई महिलाएं लंबे समय तक खाली पेट रहती हैं। इससे उन्हें गैस, एसिडिटी जैसी समस्याएं परेशान कर सकती हैं। ऐसी समस्याओं से बचने के लिए कुछ घंटे के अंतराल पर नट्स, ड्राई फ्रूट्स और भुने चने जैसे हेल्दी स्नैक्स खा सकती हैं। भुने मखाने का सेवन भी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसलिए त्योहार के दौरान काम-काज के बीच जब भी हल्की भूख लगे, तो समय निकाल कर भुने मखाने का सेवन कर सकती हैं।



**पर्याप्त मात्रा में पीएं पानी:** होली के अवसर पर अधिकतर लोग तली-भुनी चीजें तो अधिक मात्रा में खाते हैं, पर उस अनुपात में पानी नहीं पीते हैं। इससे उनका शरीर डीहाइड्रेट हो जाता है। इस समस्या से बचने के लिए भरपूर मात्रा में पानी पीएं। पानी के अलावा आप जूस, छाछ, लस्सी, नीबू पानी जैसे तरल पदार्थ का सेवन भी कर सकती हैं। फलों का जूस भी पी सकती हैं।

**तेल-घी दोबारा न करें यूज:** त्योहार के अवसर पर कुछ भी डीप फ्राई करना हो तो उसके लिए कड़ाही में उतना ही तेल या घी डालें, जिससे तलने के बाद वो खत्म हो जाए। एक बार फ्राई के लिए यूज किए गए तेल को बार-बार गर्म करके उसका यूज करने से उसमें कार्बन मोनोऑक्साइड नामक गैस बनती है, जो सेहत के लिए नुकसानदायक होती है। इसलिए तेल या घी का दोबारा यूज न करें।



होली के दौरान खान-पान के मामले में अगर आप यहां बताई गई बातों का ध्यान रखेंगी तो आप और आपकी फैमिली को हेल्थ संबंधी कोई प्रॉब्लम नहीं होगी।

**प्रस्तुति: विनीता**

### इन बातों का रखें ध्यान

- त्योहार के दौरान बाजार में मिलावटी डिशेज भी मिलती हैं, जो सेहत के लिए बहुत नुकसानदायक होती हैं। बाजार से रेडीमेड डिशेज खरीदने के बजाए, घर पर ही बनाएं।
- एल्कोहल, भांग जैसी नशीली चीजों से दूर रहें। इनके बजाए, लस्सी, ठंडाई, कांजी पिएं। ये पाचन के लिए भी फायदेमंद होते हैं।
- कई बार लोग लापरवाही में रंग लगे हाथों से खाना शुरू कर देते हैं। इससे फूड पॉइजनिंग का खतरा रहता है। ऐसी समस्या से बचने के लिए कुछ भी खाने से पहले अच्छी तरह हाथ धोना न भूलें।
- अगर आपने दिन में ज्यादा खा लिया है तो रात को सूप, सलाद और सैंडविच जैसी हल्की-फुल्की चीजों का ही सेवन करें।

भावनाएं

# पिया के संग पहली होली

शादी के बाद पिया के संग पहली होली का अहसास बहुत ही प्यारा होता है। अगर परिवार का भी साथ हो तो ये अहसास और ज्यादा प्यारे और मधुर हो जाते हैं। फिल्म एक्ट्रेस कियारा आडवाणी और अंकिता लोखंडे **सहेली** को बता रही हैं, शादी के बाद उनकी पहली होली कैसी रही? साथ ही यह भी बता रही हैं कि इस बार उनकी होली पर क्या स्पेशल प्लानिंग है?

## विक्की ने जब मुझे फूलों से बने रंगों से रंग दिया था : अंकिता लोखंडे



**शादी से** पहले मैं जितनी सीरियस रहती थी, विक्की से शादी होने के बाद उतनी ही मस्तीखोर हो गई हूं। अगर मैं कहूं कि फिल्मी अदाओं के साथ मस्ती-मजाक करती हूं तो कहना गलत नहीं होगा। मेरे पति विक्की ने मुझे इतना प्यार और सम्मान दिया कि मैं अपने आपको राजकुमारी समझती हूं। शादी के बाद पहली होली मैंने अपने ससुराल बिलासपुर में मनाई थी। वहां बहुत ही रीति-रिवाज के साथ होली का पर्व मनाया जाता है। उस वक्त मेरे लिए यह सब बहुत ही नया था, लेकिन मेरी सासू मां और ससुराल वालों ने मुझे इतना प्यार दिया कि मेरे लिए वह होली यादगार हो गई। खासतौर पर विक्की ने मुझे फूलों से बने रंगों से रंग दिया था। शादी के बाद पहली होली मैंने विक्की के साथ फुल रोमांटिक स्टाइल में मनाई थी, यह होली मेरे लिए सबसे यादगार रही। क्योंकि विक्की भी मुझसे बहुत प्यार करते हैं, इसलिए होली पर उन्होंने मुझे रंग लगाने और मेरे नखरे उठाने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। आज भी हम लोग होली बहुत जोरदार ढंग से मनाते हैं। विक्की को पार्टी का बहुत शौक है। इसलिए वह हर होली पर स्पेशल पार्टी का अरेंजमेंट करते हैं, जिसमें हमारी फैमिली वाले और सारे दोस्त शामिल होते हैं। इस साल भी हम होली को धूमधाम से मनाएंगे। अबकी हम होली दो बार मनाएंगे, एक तो कलर्स के कुकिंग शो 'लाफ्टर शेफ' के सेट पर, दूसरी अपने घर पर।



## पूरे परिवार के साथ धूमधाम से मनाएंगे होली : कियारा आडवाणी



**होली का** त्योहार मेरे लिए किसी बड़े जश्न से कम नहीं है। फरवरी में हमारी शादी हुई थी। उसके अगले महीने ही मार्च में होली का त्योहार था, जो मैंने अपने ससुराल और पति के साथ मनाया था। होली की सुबह मैंने सबसे पहले सिद्धार्थ को रंग लगाया था, वह भी तब जब वह गहरी नींद में सो रहे थे। सिद्धार्थ ने उठने के बाद जब अपने चेहरे पर रंग लगा देखा तो उन्हें समझते देरी नहीं लगी कि यह रंग मैंने ही लगाया है। इसके बाद उन्होंने भी मुझे रंग दिया। उस दिन मैंने और सिद्धार्थ ने बहुत जमकर होली खेली थी। इस साल भी हम पूरे परिवार के साथ धूमधाम से होली मनाएंगे। मैं और सिद्धार्थ होली के मौके पर एक अच्छी पार्टी अरेंज करेंगे, जिसमें हमारे दोस्त और रिश्तेदार शामिल होंगे।



प्रस्तुति : आरती सक्सेना

### एनर्जी इन्वेस्टर समिट कार्यक्रम में कई प्रमुख कंपनियों ने किए एमओयू साइन

# तीन लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में एनर्जी इन्वेस्टर समिट कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में सीएम विष्णुदेव साय शामिल हुए। यह समिट सुबह 11:30 बजे शुरू हुआ। जिसमें ऊर्जा क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों के साथ कई महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। इस समिट में उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद हैं। छत्तीसगढ़ एनर्जी इंवेस्टर्स समिट में कई बड़ी कंपनियों ने 3 लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश का ऐलान किया है। इस निवेश से राज्य में परमाणु, थर्मल, सौर और पंप्ड स्टोरेज जैसे क्षेत्रों में बिजली उत्पादन के नए प्रोजेक्ट शुरू होंगे। इससे न केवल उद्योगों को फायदा मिलेगा। बल्कि, आम लोगों को भी सस्ती और निरंतर बिजली मिल सकेगी।

सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि, छत्तीसगढ़ में ऊर्जा के क्षेत्र में यह निवेश राज्य की बिजली उत्पादन क्षमता को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देकर हरित भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगा। हमारा लक्ष्य है कि छत्तीसगढ़ न केवल ऊर्जा में आत्मनिर्भर बने, बल्कि पूरे देश के लिए एक ऊर्जा हब के रूप में स्थापित हो। छत्तीसगढ़ पहले से ही 30,000 मेगावाट बिजली का उत्पादन कर रहा है, जो देश के औसत से ज्यादा है। अब हर व्यक्ति को 2048 किलोवाट-घंटे बिजली मिल रही है, जिससे राज्य की ऊर्जा जरूरतें पूरी हो रही हैं। परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में एनटीपीसी ने 80,000 करोड़ रुपये की लागत से 4200 मेगावाट क्षमता का न्यूक्लियर पावर प्रोजेक्ट लगाने की योजना बनाई है। इससे छत्तीसगढ़ में परमाणु ऊर्जा से बिजली उत्पादन की शुरुआत होगी। थर्मल पावर क्षेत्र में भी बड़े निवेश की घोषणा हुई है।

## अदानी 66 हजार 720 करोड़ करेगा खर्च



अदानी पावर 66,720 करोड़ रुपये खर्च कर कोरबा, रायगढ़ और रायपुर में 1600-1600 मेगावाट के तीन थर्मल पावर प्लांट लगाएगा। जिंदल पावर रायगढ़ में 1600 मेगावाट बिजली उत्पादन के लिए 12,800 करोड़ रुपये का निवेश करेगा, जबकि सरदा एनर्जी रायगढ़ में 660 मेगावाट क्षमता के प्लांट के लिए 5,300 करोड़ रुपये लगाएगी। इसके अलावा, सरकारी कंपनियां एनटीपीसी और सीएसपीजीसीएल 41,120 करोड़ रुपये की लागत से 4500 मेगावाट बिजली उत्पादन करेंगी।

## प्रमुख निवेश और योजनाएं

- . परमाणु ऊर्जाः साफ और कुशल ऊर्जा उत्पादन के लिए 80,000 करोड़ का निवेश।
- ताप विद्युतः राज्य की ताप विद्युत क्षमता को मजबूत करने के लिए 1,07,840 करोड़।
- सौर ऊर्जाः सौर ऊर्जा परियोजनाओं के विस्तार के लिए 10,000 करोड़।
- पीएम कुसुम योजनाः किसानों के बीच सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए 4,100 करोड़।
- . पंप्ड स्टोरेज परियोजनाएं (**PSP**): ग्रिड स्थिरता के लिए ऊर्जा भंडारण में 57,046 करोड़।
- . क्रेडा सौर पहलः सौर ऊर्जा विस्तार के लिए 3,200 करोड़।
- पीएम सूर्य योजनाः राष्ट्रीय सौर छत परियोजना के तहत 6,000 करोड़।
- सरकारी भवनों में सौर ऊर्जाः सरकारी इमारतों में सौर ऊर्जा अपनाने के लिए 2,500 करोड़।
- बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (**BESS**): ऊर्जा भंडारण क्षमता बढ़ाने के लिए 2,600 करोड़।
- . पावर ट्रांसमिशन नेटवर्कः बिजली पारेषण नेटवर्क को उन्नत करने के लिए 17,000 करोड़।
- . **RDSS** (वितरण क्षेत्र योजना): वितरण बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए 10,800 करोड़।

### जनजातीय विद्यार्थियों के लिए मेडिकल कॉलेज सहित अन्य प्रोफेशनल कोर्स की निःशुल्क कोचिंग शुरू होगी

# झाबुआ जिले में जल प्रदाय के लिए अनास नदी को नर्मदा नदी से जोड़ने की योजना का होगा परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जनजातीय विद्यार्थियों के लिए मेडिकल कॉलेज सहित अन्य प्रोफेशनल कोर्स की निःशुल्क कोचिंग शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज खोलने की नीति में बदलाव किया गया है। इसमें सबसे पहले जनजातीय बहुल अंचल में मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने झाबुआ जिले में जल प्रदाय के लिए अनास नदी को नर्मदा नदी से जोड़ने की योजना के परीक्षण के निर्देश दिए। उन्होंने ओंकारेश्वर, उज्जैन और झाबुआ में धर्मशाला निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने झाबुआ में कालका मंदिर से एम-2 होटल तक सड़क निर्माण की भी घोषणा की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ओंकारेश्वर से होते हुए झाबुआ पहुंचे थे। वहां वे भगोरिया व अन्य कार्यक्रमों में शामिल हुए। मुख्यमंत्री का महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने जनजातीय अंचल की झुलड़ी एवं साफा पहनाकर स्वागत किया। साथ ही प्रतीक तीर-कमान भेंट कर अभिनन्दन किया।

### झाबुआ में भगोरिया पर्व में शामिल होकर सीएम ने लिया आनंद

ओंकारेश्वर, उज्जैन और झाबुआ में धर्मशाला निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराई जाएगी



### मुख्यमंत्री डॉ. यादव भगोरिया गैर में शामिल हुए



*मुख्यमंत्री डॉ. यादव भगोरिया गैर में शामिल हुए। इसमें 250 से अधिक ढोल-मांदल की टोलियां शामिल हुईं। ये सभी सांस्कृतिक नृत्य करते हुए कार्यक्रम स्थल की ओर रवाना हुए। मुख्यमंत्री कार्यक्रम स्थल पर ढोल-मांदल लिए नृत्य करते हुए दलों के साथ भगोरिया की मस्ती में झूम उठे। उन्होंने भील महासम्मेलन का भारत माता, क्रांतिसूर्य टंट्या भील, राणा पुंजा एवं शबरी माता के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ शुभारंभ किया।*

### *सीएम का तीर-कमान एवं कुलदेवी की टोकरी भेंट कर किया स्वागत*



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को पानसेमल के पारंपरिक लोक उत्सव भगोरिया हाट में कहा कि जनजातीय संस्कृति में भगोरिया का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि हमारे त्यौहार और संस्कृति हमारी परम्परा को दर्शाते हैं। मुख्यमंत्री ने जनजातीय वेशभूषा पहनकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ विशेष रूप से सजी हुई गाड़ी में भगोरिया मेले का आनंद लिया। मुख्यमंत्री ने सभी को भगोरिया एवं होली की शुभकामनाएं दी। भगोरिया हाट में मुख्यमंत्री डॉ. यादव का जनप्रतिनिधियों ने तीर-कमान एवं कुलदेवी की टोकरी भेंट कर अभिनंदन किया।मुख्यमंत्री ने उनके स्वागत में आए स्थानीय ढोल-मांदल बजाने वाले समूहो की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक समूह को 5-5 हजार रुपए प्रदान करने की घोषणा की।



## कविता का दूसरा 'ॐ शांति साहित्य गौरव सम्मान आशा पाण्डेय को

**नई दिल्ली।** महिला दिवस के अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित हंसराज कॉलेज में 'ॐ शांति साहित्य मेमोरियल, दिल्ली' के तत्वावधान में 'सम्मान समारोह एवं काव्य गोष्ठी' का गरिमामयी आयोजन हुआ। मेमोरियल के अध्यक्ष सुविख्यात कवि-दोहाकार नरेश शांडिल्य ने अपने पिता स्व. ओम प्रकाश शर्मा एवं माता स्व. शांति देवी की स्मृति में वर्ष 2024 में 'ॐ शांति साहित्य गौरव सम्मान' प्रदान करने की शुरुआत की थी। इसी कड़ी में इस वर्ष 2025 का दूसरा सम्मान उदयपुर, राजस्थान निवासी सुप्रसिद्ध कवयित्री आशा पाण्डेय ओझा 'आशा' को प्रदान किया गया। कविता विधा में स्तरीय अवदान के लिए कवयित्री आशा पाण्डेय 'ओझा' को अंगवस्त्र, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र और 11000 की राशि से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में दिल्ली, गुड़गाँव, गाजयिाबाद, नोएडा, फरीदाबाद आदि से 50 से अधिक जानेमाने कवि, साहित्यकार और कविता प्रेमी उपस्थित रहे व अनेक कवियों ने अपनी रचनाओं का पाठ भी किया। मंचासीन अतिथियों के अलावा सभागार में गणमान्य लोगों में डॉ. विकास शर्मा, डॉ. सरोज कुमारी, डॉ. भावना शर्मा, सत्या त्रिपाठी, शिव कुमार त्रिपाठी, शशिकांत, डॉ. रंजना अग्रवाल, प्रेम बिहारी मिश्र, अशोक कश्यप, आलोक पाण्डेय, आशमा कौल, मनोज कामदेव, देवेन्द्र खन्ना, सुरेन्द्र शर्मा, अवेद्य आलोक, स्मिता श्रीवास्तव, उमाशंकर शुक्ल, अशोक मिश्र, शाइस्ता शकील हैदर, रवीन्द्र भारद्वाज, रोहित आनन्द, कुमार सुबोध, सुषमा भंडारी, शैलजा सिंह, रमन कांत, दिनेश दीक्षित, अश्विनी शर्मा, पुष्पांजलि शांडिल्य, प्रवेश पाराशर, पुनीत शर्मा, चेतना शर्मा, जगमोहन सैनी, मणिशंकर कुमार आदि के अतिरिक्त परिजन एवं मित्रगण उपस्थित रहे।

## ई-टेंडर की नीलामी से आबकारी को हुआ सीधा 100 करोड़ का फायदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए भोपाल जिले की 4 समूहों में बंटी 87 शराब दुकानों की टेंडर प्रक्रिया रविवार सुबह खत्म हो गई है। इसमें इसमें समूह 1, 2 और 4 की दुकानों का ठेका सोम ग्रुप की कंपनियों ने हासिल किया है। वहीं, एक अन्य समूह- 3 का ठेका लल्ला शिवहरे गुरप ने लिया है। इधर, जिले के शराब कारोबार में सोम ग्रुप का वर्चस्व बढ़ गया है। उसके पास 62 दुकानों के ठेके हैं, जबकि लल्ला ग्रुप के पास सिर्फ 27 दुकानें रहेगी। इधर, छोटे ठेकेदार जिले से बाहर हो गए हैं। जिला आबकारी कंट्रोलर एचएस गोयल के मुताबिक, 4 समूहों की शराब दुकानों की रिजर्व प्राइस 1073.72 करोड़ रुपए रखी गई थी। ई-टेंडर और नीलामी के जरिए ये ठेके 1193.28 करोड़ रुपए में गए हैं, जो रिजर्व प्राइस से 11.35 प्रतिशत अधिक है।

### कौन सा ठेका, किसके पास ?

- बीपीएल-1 समूह का ठेका सोम ग्रुप की कंपनी केंटेबरी टेडर्स ने 303.17 करोड़ यानी आरपी से 1.55 प्रतिशत अधिक पर ई टेंडर के जरिए लिया है। समूह में 19 दुकानें शामिल है।
- बीपीएल-2 समूह का ठेका सोम ग्रुप की कंपनी रिचमोंडशाइन ट्रेडर्स ने नीलामी में आरपी 295.41 करोड़ के तुलना में 352.18 करोड़ (19.21 प्रतिशत) ज्यादा में लिया। इसमें 16 दुकानें शामिल हैं।
- बीपीएल-3 समूह का ठेका फर्म रिपोर ने नीलामी में आरपी 264.53 करोड़ की तुलना में 321.28 करोड़ (21.45 प्रतिशत ज्यादा) में लिया। इस समूह में 25 दुकानें शामिल हैं।
- बीपीएल- 4 समूह का ठेका सोम ग्रुप की कंपनी साउथवर्क टेडर्स ने ई-टेंडर के जरिए आरपी 211.92 करोड़ के मुकाबले 210.60 करोड़ (0.62 प्रतिशत ज्यादा) में लिया है। इस समूह में 27 दुकानें शामिल हैं।

### *दुकानें नीलाम*

*चार समूह की सभी 87 दुकानें ई-टेंडर और नीलामी में बिक गई हैं। अब कोई भी दुकान का निष्पादन शेष नहीं है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के जिले के शराब ठेके आरक्षित मूल्य से 11.13 प्रतिशत अधिक में गए हैं। यह वर्ष 2024-25 के लिए निर्धारित वार्षिक मूल्य से 33.36 प्रतिशत (लगभग रुपए 297 करोड़) अधिक रहा।*

*दीपम रायचुरा, सहायक आबकारी आयुक्त, भोपाल*

भोपाल के भदभदा रोड स्थित कृषि प्रशिक्षण केंद्र में प्रांत अभ्यास वर्ग

## डॉ. राजेश शर्मा आरोग्य भारती मध्यभारत प्रान्त के अध्यक्ष बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आरोग्य भारती मध्य भारत प्रान्त के प्रांतीय अभ्यास वर्ग का आयोजन भोपाल के राज्य कृषि विस्तार प्रशिक्षण संस्थान, भदभदा रोड भोपाल में किया गया।

प्रांतीय अभ्यास वर्ग में मध्यभारत प्रान्त के 20 से अधिक जिलों से कार्यकर्ताओं व पाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रान्त की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमे वरिष्ठ ऑर्थोपेडिक एवं स्पाइन सर्जन व नर्मदा अस्पताल समूह के प्रमुख डॉ. राजेश शर्मा को सर्वसम्मति से मध्यभारत प्रान्त का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। ज्ञात हो कि डॉ. राजेश शर्मा एक ऑर्थोपेडिक व स्पाइन सर्जन है एवं रोड व हाई वेलोसिटी ट्रॉमा के विशेषज्ञ हैं। पिछले 30 से अधिक वर्षों से अधिक समय से मध्यभारत में अपने चिकित्सा संस्थानो के माध्यम से सेवा में रत हैं।

### *अनेक सत्र हुए आयोजित*

*डॉ. शर्मा के सनातन स्वास्थ्य चिंतन के मॉडर्न मेडिसिन के परिपेक्ष्य में चिंतन पर गहन अध्ययन व कार्य को ध्यान में रखकर अध्यक्ष का दायित्व दिया गया। अभ्यास वर्ग में अनेक सत्रों का आयोजन हुआ। उद्घाटन सत्र को आरोग्य भारती के राष्ट्रीय सह संगठन सचिव डॉ. मुरली कृष्ण, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्यभारत प्रान्त के सह संघचालक डॉ. राजेश सेठी, पालक अधिकारी जगमीत सिंह नामधारी और मध्यप्रदेश शासन के स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने संबोधित किया।*

## किसान न्याय योद्धा अभियान शुरू

**भोपाल।** कांग्रेस ने प्रदेश भर में किसान न्याय योद्धा अभियान की शुरुआत की। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का कहना है कि किसानों के हक की लड़ाई लड़ने गांव-गांव में योद्धा बनाए जाएंगे। हर जिले में 1000 किसान न्याय योद्धा बनने पर किसान न्याय यात्रा निकली जाएगी। किसान न्याय योद्धा को सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा। इस अभियान को मजबूती देने प्रदेश में समिति बनाई गई है। इसका संयोजक राहुल राज, राम मनोहर बरुआ और कुलदीप पटेल को बनाया गया है।



## प्रो पूनम ने अपनी पुस्तक, योगी के यूपी में स्त्री सशक्तिकरण मुख्यमंत्री को भेंट की

**नई दिल्ली।** अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नई दिल्ली स्थित यूपी सदन में जेएनयू की प्रो. पूनम कुमारी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपनी पुस्तक '**Breaking The Barriers: Women Empowerment in Yogi's Uttar Pradesh**' भेंट की। भेंट की। इस संदर्भ में मुख्यमंत्री योगी से पुस्तक के बारे में चर्चा भी हुई। इस दौरान उत्तर प्रदेश के शिक्षाविद्, पत्रकार, उच्चाधिकारी एवं अन्य महत्वपूर्ण लोग उपस्थित थे। प्रो पूनम ने बातचीत में बताया कि यह एक शोधपरक पुस्तक है जिसमें उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण के प्रयासों और सकारात्मक पहल को समझने की कोशिश की गई है। योगी जी के कुशल नेतृत्व और उनकी दूरदर्शिता से प्रदेश में हुए सकारात्मक और अवसंरचनात्मक बदलावों को पुस्तक में तथ्यों के साथ दर्शाया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत@2047 को साकार करने में उत्तर प्रदेश की क्या भूमिका रहने वाली है? विगत वर्षों में उत्तर प्रदेश में महिला सशक्तिकरण का स्वरूप क्या रहा है? इन सभी विषयों को पुस्तक में आँकड़े के साथ प्रस्तुत किया गया है। योगी सरकार की नीतियां प्रदेश में इतनी कारगर साबित हुई हैं कि महज 8 वर्षों में ही महिलाओं की सहभागिता न सिर्फ बढ़ी है वरन में वर्क फॉर्स में और इकोनॉमिक ग्रोथ में भी उनकी एक महत्वपूर्ण उपस्थिति दर्ज हो रही है। कम समय में उनको अपने उद्योग के लिए ऋण राज्य सरकार उपलब्ध करा रही है, स्वास्थ्य बीमा हो या महिला सुरक्षा हो सभी में एक आमूलचूल सकारात्मक परिवर्तन हुआ है।

### होली पर्व के मौके पर सुरक्षा को लेकर पुलिस अलर्ट

## चप्पे-चप्पे पर पुलिस का पहरा देर रात तक चल रही चैकिंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में पुलिस होली को लेकर अलर्ट मोड पर है। देर रात तक चेकिंग अभियान चला रही है। पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के निर्देश पर देर रात जिले के कई जगहों पर नाकाबंदी कर अवैध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी गई। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शराब पीकर वाहन चलाने, अवैध शराब और नशीली चीजों की तस्करी और बाकी गैरकानूनी गतिविधियों को रोकना था।

पुलिस ने जिले के अंबेडकर चौक बलौदाबाजार, नाका नंबर 01 भाटापारा, तिल्दा अंडरब्रिज चौक सिमगा, हडहापारा चौक कसडोल, बस स्टैंड गिधौरी, वीर नारायणपुर मोड चौक सोनाखान, खरतोरा नाका थाना पलारी और सुहेला तिगड्डा में नाकाबंदी कर जांच की। नाकाबंदी के दौरान शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले 14 लोगों को पकड़ा गया, जिनके वाहन जब्त कर उन्हें न्यायालय में पेश किया जाएगा। यातायात नियमों के उल्लंघन के मामलों में 333 व्यक्तियों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने रात में आने-जाने वाले वाहनों और यात्रियों की गहन जांच की। उनसे देर रात बाहर निकलने के कारण पूछे और सुरक्षा सुनिश्चित की। यह अभियान सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और कानून व्यवस्था बनाए रखने में कारगर साबित हुआ।

## सड़क किनारे पड़े मिले गोवंश के मांस के टुकड़े



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिमगा

छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले के ग्राम बनसांकरा मार्ग में बड़ी मात्रा में सड़क किनारे गायों के मांस बोरियों में भरे मिले। आशंका जताई जा रही है कि, गाय मांस की तस्करी की जा रही थी लेकिन किसी कारण से तस्करों ने इन्हें सड़क पर फेंक दिया। जब गौ सेवकों को इसकी सूचना मिली तो उन्होंने गायों के मांसों को एकत्रित किया और सिमगा पुलिस को सौंपा। उन्होंने थाना प्रभारी को आवेदन देकर मामले की जांच कर तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उल्लेखनीय है कि, सिमगा क्षेत्र कबीर साहेब के अनुयायियों का प्रमुख केंद्र है। यहां दामाखेड़ा में हर साल लाखों की संख्या में भक्त आते हैं और बड़े मेले का आयोजन किया जाता है। आस्था को ठेस पहुंचाने से लोग आक्रोशित हैं और उन्होंने मांस बिक्री कर गौवंश की तस्करी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। कुछ दिनों पहले ही जिला प्रशासन ने विशेष पहल करते हुए हड्डी गोदाम को सील करवाया था। इसके बाद फिर से यहां पर गायों के मांस के अवशेष मिले हैं।

**बलौदाबाजार के ग्राम बनसांकरा मार्ग की घटना, हिन्दू संगठनों में आक्रोश**

### सीएम ने ट्वीट किया, नक्सलवाद के कुचक्र में फंसे लोग मुख्यधारा से जुड़ रहे

## 18 लाख के तीन नक्सलियों ने किया सरेंडर




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ लगातार हो रहे एनकाउंटर से नक्सलियों के पैर उखड़े हुए हैं। केंद्र और राज्य सरकार की ओर से मार्च 2026 तक नक्सलियों का खात्मा करने के संकल्प लेने की वजह से नक्सली भयभीत हैं। ऐसे में वो मुख्यधारा में शामिल राज्य सरकार की पुनर्वास नीति का लाभ उठा रहे हैं। इसी क्रम में गरियाबंद जिले में 18 लाख के तीन इनामी नक्सलियों ने सरेंडर किया है। छत्तीसगढ़ शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर गरियाबंद जिले में 18 लाख के इनामी 3 नक्सलियों ने आत्मसर्मपण किया है। इन तीन नक्सलियों ने सुरक्षा बलों के सामने आत्मसर्मपण किया है।

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

निविदा सं. 46245351A के लिए भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए कार्यरत वरिष्ठ सामग्री प्रबंधक द्वारा ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण इस प्रकार है:–

| | |
|---|---|
| 1. | **कार्य का नाम** : Micro Controller Based electronic speed Indicating Recording System for tower wagon as per RDSO specification: MP 0.3700-07 Rev.07 Aug-2017 |
| 2. | **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 63,72,000/- |
| 3. | **मात्रा** : 30 set |
| 4. | **निविदा की बोली प्रस्तुत(जमा) करने की तिथि एवं समय** : 31.03.2025 (11:00 Hrs.) |
| 5. | **निविदा दस्तावेजों को खोलने की तिथि एवं समय** : 31.03.2025 (11:00 Hrs.) |
| 6. | **वेबसाइट की विवरण, जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है: www.ireps.gov.in** |

**टिप्पणी:** (I) ई–निविदा प्रणाली में शामिल होने के लिए निविदादाता को भारतीय रेलवे ई–प्रापण प्रणाली (IREPS) साइट अर्थात **www.ireps.gov.in** पर पंजीकृत होना चाहिए।
(II) सभी नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
(III) कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं है।

**सं.: 46245351A दिनांक: 06.03.2025** **756/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# धमकी देकर देश को दहशत में डालने वालों पर नकेल जरूरी

भारत की विभिन्न धमकी मिलने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। कभी स्कूल, कभी रेलवे स्टेशन तो कभी एयरलाइंस की फ्लाइटों को बम से उड़ाने की धमकी मिलना आम बात हो गई है। कौन भूल सकता है जब बीते साल अक्टूबर में एक साथ 95 फ्लाइटों को बम से उड़ाने की धमकी मिली, जिससे पूरे देश में दहशत फैल गई। अब सोमवार को एक बार फिर मुंबई से न्यूयॉर्क जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट एआई 119 को बम से उड़ाने की धमकी मिली। 8 घंटे 37 मिनट की उड़ान के बाद फ्लाइट को मुंबई डायवर्ट कर दिया गया। फ्लाइट में 19 क्रू मेंबर्स समेत 322 यात्री सवार थे। फ्लाइट के वॉशरूम में एक नोट मिला, जिसमें बम की धमकी दी गई थी। सुरक्षा प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए रास्ते से ही विमान को वापस मुंबई लाने का फैसला किया गया। विमान 10:25 बजे मुंबई पहुंचा। जब तक जांच पूरी नहीं हुई यात्रियों, सुरक्षा एजेंसियों समेत देश के बड़े हिस्से में दहशत का माहौल रहा। न जाने कौन फैला रहा है इस तरह की दहशत। देश की प्रत्येक एयरलाइन की घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को एक सप्ताह के भीतर बम से उड़ाने की धमकियां मिली हैं। इससे खलबली मचना स्वाभाविक है। इससे दहशत तो फैलती ही है साथ में हवाई यात्रा का टाइम टेबल गड़बड़ा जाता है। कितनी ही फ्लाइट जांच के लिए रोक दी जाती हैं। यात्रियों को भारी असुविधा होती है। वे समय पर अपने गंतव्य पहुंच नहीं पाते या कनेक्टिंग फ्लाइट मिस कर जाते हैं। इन धमकियों के पीछे कौन है और उसका क्या उद्देश्य है? अनेक एजेंसियां इसका पता लगाने के लिए प्रयासरत हैं, लेकिन इसके पीछे कुछ खास नहीं निकल पा रहा है। सोशल मीडिया और ई-मेल के माध्यम से विमान में धमाका करने की धमकी देना आम बात होती जा रही है। आखिर ये कितने शातिर लोग हैं जो इतने दिनों से जांचकर्ताओं की पकड़ में नहीं आए। उड़ान में खलल डालकर उसे रोक देना उनका उद्देश्य मालूम पड़ता है। उनकी धमकी वाकई गंभीर है या खोखली इसका अंदाजा कैसे लगाया जाए। कुछ धमकियां तो ऐसी उड़ान को लेकर थीं जो पूरी हो चुकी थीं। वैसे तो हर उड़ान के पहले विमान और उसके सिस्टम की पूरी तरह जांच की जाती है फिर भी धमकी को हल्के में नहीं लिया जा सकता। ऐसी धमकियां विमानन क्षेत्र की मजबूती की परीक्षा ले रही हैं। केंद्रीय जांच एजेंसियों को ऐसे शरारती तत्वों को यथाशीघ्र खोज निकालना होगा। इस तरह का अपराध करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। ऐसी धमकियां देने वाले में सिरफिरे, मानसिक रुग्ण के अलावा कोई ऐसा यात्री भी हो सकता है जो उड़ान में विलंब करवाना चाहते हैं। यह भी देखना होगा कि ऐसी धमकी के पीछे कोई एक व्यक्ति है या कोई समूह! कॉल या ई-मेल कहां से आया, इसका तुरंत पता लगाकर शरारती तत्व को पकड़ा जाना चाहिए। साइबर सुरक्षा एजेंसियां ऐसा कर सकती हैं। अनेक डिजीटेक टूल हैं जिनसे पता लगाया जा सकता है कि कौन से शरारती तत्व यह करतूत कर रहे हैं। सोशल मीडिया कंपनियों के पास भी पता लगाने के संसाधन हैं कि कौन से फेक अकाउंट से इस तरह की धमकियां दी जा रही हैं। यह भी संभव है कि इस तरह की धमकी बाहर देश से आ रही हों। जांच एजेंसियों पर इस पर भी नकेल कसने की जरूरत है। इस मामले को अब सरकार को टॉप प्रायरिटी में रखते हुए इसकी सघन जांच करानी चाहिए, ताकि भारत की एयरलाइंस और लोगों को इससे छुटकारा मिल सके।

# प्रदूषित नदियों पर सियासत नहीं समाधान की जरूरत



विचार
डॉ. संजय शुक्ला

भारत जैसे धार्मिक मान्यता वाले देश में नदियां सदैव ही आस्था का केंद्र रही हैं लेकिन अब यह सियासी रार और विवाद का जरिया भी बन रहा है। बीते दिनों प्रयागराज में देश की सर्वाधिक धार्मिक महत्व वाली गंगा के तट पर संपन्न महाकुंभ के दौरान इस नदी में डुबकी लगाने की परंपरा और इसके पानी की शुद्धता पर काफी राजनीतिक आरोप - प्रत्यारोप हुआ। महाकुंभ के दौरान ही केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड 'सीपीसीबी' के एक रिपोर्ट ने इस विवाद में घी डालने का काम किया जिसमें बताया गया कि प्रयागराज में गंगा और यमुना के पानी में अपशिष्ट जल प्रदूषण 'फेकल कोलिफॉर्म' का स्तर स्नान के लिए उपयुक्त नहीं है।

बोर्ड के इस रिपोर्ट पर खूब सियासी तलवार भांजे गए लेकिन उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री और उत्तरप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने सीपीसीबी के रिपोर्ट को एक सिरे से खारिज कर दिया। दूसरी ओर देश के अनेक विश्वविद्यालयों के साइंटिस्ट और पर्यावरणविद् भी केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के इस रिपोर्ट पर बंटे नजर आए। अलबत्ता राजनीति से इतर इस बात में कोई संदेह नहीं है बल्कि देश में गंगा-यमुना सहित अधिकांश नदियों का पानी मानव स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित नहीं है। केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड के एक रिपोर्ट के मुताबिक प्रदूषण की वजह से देश की 328 नदियों का पानी सेहत के लिहाज से हानिकारक है। इन नदियों के पानी में मानव स्वास्थ्य के लिए खतरनाक अमोनिया, हाइड्रोजन सल्फाइड, नाइट्रेट, क्रोमियम, लेड जैसे घातक रसायन और कोयला, चूना ,तांबा और लोहा जैसे हैवी मेटल्स पाए गए हैं। देश की प्रदूषित नदियों की सूची में छत्तीसगढ़ के महानदी, शिवनाथ, हसदेव, खारुन और इंद्रावती आदि नदियां शामिल हैं।

गौरतलब है कि भारत में धार्मिक मान्यता के अनुसार महाकुंभ की परंपरा हजारों वर्षों से रही है लेकिन इस महाकुंभ में जिस तरह से राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला चला उसने इस महापर्व की आस्था और मर्यादा को भी चोट पहुंचाया है। देश में जारी कमंडल और मंडल-2 की राजनीति के मद्देनजर यह महाकुंभ धार्मिक ध्रुवीकरण और तुष्टिकरण के सियासत में उलझते नजर आई। आलम यह था कि जहां एक ओर एक राजनीतिक पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने अपने आपको इस महापर्व से दूर रखा तथा इसके किसी भी चूक पर सियासी वार का मौका नहीं छोड़ा वहीं दूसरी ओर दक्षिणपंथी पार्टी और संगठन महाकुंभ के राजनीतिक लाभ लेने से नहीं चुके। इंटरनेट क्रांति के वर्तमान दौर ने महाकुंभ और गंगा के प्रदूषण पर मचे रार को खूब हवा दिया। सोशल मीडिया पर इस महापर्व के बारे में तमाम सच्ची- झूठी खबरें, फोटो और वीडियो वायरल किए गए जिस पर सरकार ने भी सख्ती दिखाया लेकिन नतीजा सिफर रहा।



हाल ही में संपन्न दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान यमुना का प्रदूषण एक बार फिर से चुनाव का मुद्दा बना। भाजपा और कांग्रेस जहां यमुना के दूषित पानी और प्रदूषण पर आम आदमी पार्टी 'आप' के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल पर लगातार हमलावर रही वहीं दूसरी ओर अरविंद केजरीवाल ने भी हरियाणा के भाजपा सरकार पर यमुना के पानी में जहर मिलाने का आरोप जड़ दिया। गौरतलब है कि हर साल उत्तर भारतीयों के प्रमुख पर्व 'छठ पूजा' के दौरान दिल्ली की जीवनरेखा यमुना की सफेद झागदार तस्वीरें देश ही नहीं वल्कि दुनिया के मीडिया में सुर्खियां बटोरती है। विडंबना है कि हमारे सियासी दल हर चुनाव में यमुना की इस बेबसी पर घड़ियाली आंसू बहाकर वोट बटोरने का साधन बनाती है लेकिन आज तक कोई भी सरकार यमुना का भाग्य नहीं बदल पाई।

मोक्षदायिनी गंगा जिस पर देश की 40 फीसदी आबादी निर्भर है के पानी को जहाँ माइक्रोप्लास्टिक दूषित कर रही है तो यमुना में रासायनिक प्रदूषण के कारण केवल झाग ही दिखाई देते हैं। माइक्रोप्लास्टिक में सिंगल यूज प्लास्टिक के जहरीले केमिकल शामिल होते हैं जो सेहत के लिए काफी नुकसानदायक होते हैं। देश में सदियों से गंगा और यमुना ही नहीं बल्कि सभी नदियों के प्रति आस्था और सम्मान का भाव रहा है। इन्हें नदियों के तट पर कुंभ, महाकुंभ , धार्मिक और सांस्कृतिक मेले-मड़ाईयों का आयोजन होते रहा है तो मनुष्य के जन्म से लेकर मृत्युपर्यंत सभी कर्मकांड नदियों के गोद में ही होता है। यह कहना बेमानी नहीं होगी कि मानव सभ्यता का विकास इन्हीं नदियों के तट पर हुआ है लेकिन इन नदियों के प्रति सर्वाधिक असभ्यता और अनुदारता आज का सभ्य समाज प्रदर्शित कर रहा है।

विचारणीय है कि पहाड़ों और जंगलों के गोद से निकलने वाली गंगा और यमुना शुभ्र और धवल होती है लेकिन यही नदियाँ मैदानी इलाकों में आती है तो आधुनिक सभ्यता और मशीनी विकास का कचरा समेट कर कालिमा में बदल जाती है। आलम यह कि प्रयागराज आते-आते मोक्षदायिनी गंगा का जल आचमन के लायक भी नहीं रह जाता है। इधर सरकारों के तमाम कोशिशों और योजनाओं के बावजूद गंगा दिनोंदिन मैली होती जा रही है। दरअसल इसके पृष्ठभूमि में प्रमुख कारण सरकारों और प्रशासनिक अमले में दृढ़ इच्छाशक्ति का आभाव, सफाई योजनाओं में भ्रष्टाचार व गुणवत्ता में कमी और सामुदायिक सहभागिता तथा जागरूकता में कमी है। बहरहाल गंगा-यमुना सहित अन्य नदियों में बढ़ते प्रदूषण के लिए इन नदियों के किनारे बढ़ती आबादी, शहरीकरण, उद्योग, कृषि में प्रयुक्त होने वाले कीटनाशक और उर्वरक, अपशिष्ट जल का प्रवाह और धार्मिक व सामाजिक आचरण जिम्मेदार हैं।

बहरहाल ऐसा नहीं है कि देश की सरकारों ने मैली होती नदियों की सफाई की सुध नहीं ली लेकिन नतीजा आशाजनक नहीं है। साल 1985 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने गंगा की सफाई के लिए पहला गंगा एक्शन प्लान लागू किया, साल 2009 में यूपीए सरकार ने राष्ट्रीय गंगा नदी बेसिन अथॉरिटी बनाई गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली एनडीए सरकार ने अपने पहले कार्यकाल में 'नमामि गंगे' जैसी महत्वाकांक्षी योजना का आगाज किया था। अलबत्ता योजना के अंतर्गत अभी तक जितना काम हुआ है वह उत्साहवर्धक नहीं है और न ही सरकार के दावों के अनुरूप है।

अलबत्ता क्या हम ऐसे भारत की कल्पना कर सकते हैं जहां नदियां न हों गंगा और यमुना न हों, जहां क्षिप्रा और नर्मदा न हो, जहां गोदावरी और ब्रम्हपुत्र न हो, जहां महानदी और शिवनाथ न हो। बिलाशक यह कल्पना बेमानी है लिहाजा नदियों पर सियासत नहीं बल्कि इन्हें साफ रखने की दिशा में सोचना होगा। आखिरकार नदियों के कल-कल में ही जीवन का कल यानि भविष्य है। बहरहाल मरती नदियां कैसे जी उठती है? इसका उदाहरण लंदन की टेम्स नदी है जिसे 'डेड रिवर' घोषित कर दिया गया था जिसमें जलीय जीव-जंतु भी जीवित नहीं रह सकते थे लेकिन ब्रिटेन सरकार और समाज की दृढ़ इच्छाशक्ति ने इस नदी को दुनिया का सबसे सुंदर और साफ नदी का तमगा दिला दिया।

यह उदाहरण भारत के लिए भी प्रेरणा बन सकता है बशर्ते देश के राजनीतिक दल नदियों पर सियासत का कीचड़ फेंकने की जगह समाधान की दिशा में विचार करें। सरकारों का भी दायित्व है कि वह नदियों के सफाई के लिए लागू एक्शन प्लान के भ्रष्टाचार मुक्त और समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति प्रदर्शित करे वहीं नागरिक समाज का भी दायित्व है कि वह नदियों के प्रति उदार और स्व- अनुशासित हों तभी देश की नदियां अविरल और निर्मल होंगी।

## सियासत
आलोक शुक्ला



# प्रस्तावित लोकसभा क्षेत्रों के परिसीमन को लेकर टकराव

भारत में इस समय 2026 में प्रस्तावित लोक सभा क्षेत्रों के परिसीमन पर काफी टकराव चल रहा है। परिसीमन एक संवैधानिक अनिवार्यता है, परन्तु दक्षिण भारत में इसका भारी विरोध हो रहा है। भारत का संविधान कहता है कि प्रत्येक व्यक्ति के वोट का मूल्य एक बराबर होना चाहिए। इसीलिए लोक सभा और राज्यों की विधान सभाओं में जनसंख्या के आधार पर सीटों की संख्या का निर्धारण किया जाता है। परिसीमन के द्वारा अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए सीटों का आरक्षण भी किया जाता है। भारत में वर्ष 1951, 1962 एवं 1972 में परिसीमन किया गया था। इसके अनुसार एक लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में लगभग 10 लाख की जनसंख्या है। आपातकाल के दौरान संविधान (42 वां संशोधन) अधिनियम, 1976 पारित हुआ जिसके द्वारा वर्ष 2000 के बाद की जनगणना तक के लिए लोक सभा में सीटों की संख्या को फ्रीज़ कर दिया गया। सन् 2002 में वाजपेयी की सरकार ने लोक सभा सीटों की संख्या पर फ्रीज़ को 2026 तक के लिए बढ़ा दिया था। प्रस्तावित परिसीमन को लेकर सबसे बड़ी चिंता यह है कि इससे दक्षिण भारत के राज्यों में लोक सभा की सीटें कम हो जाएंगी। दक्षिण का प्रतिनिधित्व कम हो जाएगा और राष्ट्रीय निर्णयों में उनकी भूमिका कम होती जाएगी। दक्षिण में उत्तर की तुलना में विकास अधिक हुआ है। दक्षिण की प्रति व्यक्ति आय अधिक है, स्वास्थ्य, शिक्षा और अधोसंरचना सभी क्षेत्रों में दक्षिण अधिक विकसित है। इसी कारण दक्षिण में जनसंख्या नियंत्रण बेहतर हुआ है और वहां की जनसंख्या अनुपातिक रूप से उत्तर की अपेक्षा बहुत कम हो गई है। केन्द्रीय करों की वसूली में दक्षिण का अनुपात उत्तर की तुलना में कहीं अधिक है। दक्षिण को लगता है कि यह उनके साथ अन्याय है। उनका कहना है कि दक्षिण के राज्य कब तक उत्तर की अक्षमता का बोझ उठाते रहेंगे। लोक सभा में दक्षिण का प्रतिनिधित्व वर्तमान में 24% है, वह इस परिसीमन के बाद घटकर 19% हो जाएगा। हाल ही में नागपटनम में तामिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने इसी बात को रेखांकित करने के लिए लोगों से अधिक बच्चे पैदा करने का आह्वान तक कर डाला। गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट कहा है कि परिसीमन से दक्षिण भारत के किसी भी राज्य की एक भी सीट कम नहीं होगी। परन्तु उनकी बात का कोई खास असर दक्षिण भारत के राज्यों में नहीं हो रहा है। उन्हें लगता है कि भी जनसंख्या के आधार पर किए गए परिसीमन में दक्षिण के राज्यों की सीटों में आनुपातिक कमी आएगी।

2026 के जनसंख्या प्रोजेक्शन के आंकड़ों के आधार पर अनुमान है कि इस परिसीमन से उत्तर प्रदेश की सीटों की संख्या वर्तमान 80 से बढ़कर 143 हो जाएंगी और बिहार की सीटों की संख्या वर्तमान 40 से बढ़कर 79 होगी। वहीं तमिल नाडु की वर्तमान 39 सीटों में केवल 10 सीटों की ही वृद्धि होगी। तामिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने 5 मार्च को परिसीमन के मुद्दे पर एक सर्वदलीय बैठक बुलाई थी जिसमें 60 से अधिक दलों ने भाग लिया। भारतीय जनता पार्टी ने इस बैठक का बहिष्कार किया। इस बैठक में दक्षिण के राज्यों को 2026 की जनसंख्या के आधार पर प्रस्तावित परिसीमन का विरोध करने के लिए संगठित होने का आह्वान किया गया और 1971 की जनगणना के आधार पर परिसीमन करने की मांग की गई। भारत में 2011 की जनगणना के बाद कोई जनगणना नहीं हुई है। 2021 की जनगणना कोविड महामारी के कारण स्थगित कर दी गई थी। इस कारण हमारे पास जनसंख्या के आधिकारिक आंकड़े ही नही हैं। अभी तक सरकार ने इस बात की घोषणा नहीं की है कि अगली जनगणना कब होगी। कई पार्टियां जातिगत जनगणना की मांग भी कर रही हैं। नए परिसीमन का संबंध लोक सभा में महिला आरक्षण के लागू होने से भी है। नए संसद भवन में 888 सीटें बनाई गई हैं। यह भी इस बात का संकेत है कि नए परिसीमन में लोक सभा की सीटें बढ़ने की संभावना है। लंबे समय के सुधारों के रूप में भारत को शायद वित्तीय शक्तियों के विकेंद्रीकरण के बारे में भी सोचना होगा। केन्द्र द्वारा एकत्रित किए जाने वाले करों में राज्यों का हिस्सा बढ़ाने पर भी विचार करना चाहिए। ऐसा करने से लोक सभा में कम प्रतिनिधित्व वाले राज्यों को भी अपने विकास का पूरा मौका मिलेगा और वे शायद परिसीमन की कुछ कम चिंता करेंगे। संवैधानिक विशेषज्ञ और सभी राजनीतिक दल यदि मिलकर इस समस्या का हल खोजेंगे, तो कोई न कोई हल ज़रूर मिलेगा। टकराव और अलगाव की राजनीति से देश का भला नहीं हो सकता।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# करेंगे दान तो बनेंगे समृद्ध और खुशहाल!



संकलित
**दर्शन**

एक विवेकशील प्राणी होने के नाते मनुष्य से त्याग की अपेक्षा स्वाभाविक है। वास्तव में मानव का पूर्ण विकास ही त्याग द्वारा संभव है। जो दूसरे के लिए जितना अधिक त्याग कर सकता है, वह उतना ही महान समझा जाता है। राजा हरिश्चंद्र को हम आज भी उनके त्याग के लिए ही तो स्मरण करते हैं। महर्षि दधीचि ने तो एक विराट लक्ष्य के लिए अपनी देह का ही त्याग कर दिया था। वास्तव में हमारे समृद्ध इतिहास में कई विभूतियां तो केवल अपनी त्याग भावना के लिए ही विख्यात हुई हैं। त्याग की भावना का विकास करने के लिए सभी धर्मों में दान की महिमा बताई गई है। कहा जाता है धन का दान करने से धन शुद्ध होता है। आवश्यक नहीं है कि मात्र धनी व्यक्ति ही दान करने में सक्षम हैं, क्योंकि उनके पास किसी वस्तु का अभाव नहीं है। दान की भावना जाग्रत होने पर आप पाएंगे कि आपके पास भी एक अक्षय भंडार है। मात्र धनदान या अन्नदान ही दान नहीं है। हो सकता है कोई व्यक्ति धनहीन हो, परंतु उसके पास एक स्वस्थ एवं निरोग शरीर हो। क्या ऐसे लोगों के लिए श्रमदान विकल्प नहीं है? उनके आसपास कितने अशक्त लोग मिल जाएंगे, जिनकी वे अपनी शारीरिक ऊर्जा से सेवा कर सकते हैं। किसी के कार्य में हाथ बंटा लेना भी श्रमदान है। विद्यादान या ज्ञानदान को तो उत्तम में सवरेत्तम माना गया है। किसी निर्धन बच्चे को निःशुल्क पढ़ा देना भी तो दान ही है। आप किसी भी प्रकार से अभावग्रस्त की सहायता कर सकते हैं, शरीर, मन, बुद्धि, धन और भाव सब उपकरण हैं।


# जब कोई झूठा आरोप लगे तो धैर्य न छोड़ें



संकलित
**प्रेरणा**

द्वारका में एक सूर्य भक्त था सत्राजित। उसे सूर्य देव ने स्यमंतक नाम की चमत्कारी मणि दी थी। ये मणि रोज बीस तोला सोना उगलती थी। एक दिन श्रीकृष्ण ने सत्राजित से कहा कि आप ये मणि राजकोष में देंगे तो इससे मिले धन से प्रजा की अच्छी देखभाल हो सकेगी। सत्राजित ने श्रीकृष्ण को मणि देने से मना कर दिया। इस घटना के कुछ दिन बाद सत्राजित के भाई प्रसेनजित ने मणि चुरा ली। प्रसेनजित मणि लेकर जंगल में भाग गया। जंगल में एक शेर ने प्रसेनजित को मार दिया और खा गया। मणि जंगल में ही गिर गई। सत्राजित को जब प्रसेनजित और अपनी मणि नहीं मिली तो उसने श्रीकृष्ण पर आरोप लगा दिया कि कृष्ण ने ही मेरी मणि चुराई है और मेरे भाई की हत्या कर दी है। श्रीकृष्ण पर चोरी और हत्या का कलंक लग गया। श्रीकृष्ण आरोप को गलत साबित करने के लिए जंगल की ओर चल दिए। जंगल में श्रीकृष्ण को शेर के पैरों के निशान दिखे।श्रीकृष्ण समझ गए कि प्रसेनजित को शेर ने मार दिया है और मणि यहीं कहीं गिर गई है। श्रीकृष्ण मणि खोजते हुए एक गुफा में पहुंच गए। गुफा में जामवंत रहते थे। श्रीकृष्ण ने मणि मांगी तो जामवंत ने नहीं दी। इसके बाद दोनों का युद्ध हुआ। युद्ध में श्रीकृष्ण जीत गए। इसके बाद जामवंत ने मणि श्रीकृष्ण को दे दी और अपनी पुत्री जामवंती का विवाह भी भगवान के साथ कर दिया। द्वारका लौटकर श्रीकृष्ण ने वह मणि जामवंत से लेकर सत्राजित को दे दी और पूरी सच्चाई बता दी।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अनिद्रा रोग की जकड़ में 2037 का भारत

पाश्चात्य जीवन शैली की नकल में वर्तमान भारतीय संस्कृति इतनी भ्रष्ट व बेईमान हो चुकी है कि भरोसा नाम की कोई चीज ही नहीं बची। भारत सारी दुनिया में विश्व गुरु बनने की राह पर प्रगतिशील है, मगर विकास यात्रा के नाम पर विदेशों का कचरा भी भरा जा रहा है। इस बदलते हुए वातावरण में आदमी का जीवन स्तर पहले से ज्यादा बेहतर हुआ, मगर हम असली-नकली का अंतर करने में फेल हो रहे हैं। हर माल का डुप्लीकेट पहुंच गया है। आज के दौर में हर इनसान का आहार तक नकली हो गया है, फिर धर्म की रक्षा कौन करेगा? नई-नई बीमारियां फैल रही हैं, कोरोना के बाद अब आशंका है कि अनिद्रा की बीमारी वैश्विक महामारी का रूप धारण कर लेगी। वर्ष 2037 तक भारत भी इससे प्रभावित होगा, अतः इसकी रोकथाम के लिए अभी से कारगर योजना का निर्माण शुरू हो जाना चाहिए। *-प्रकाश सोलंकी, गरियाबंद*

## करंट अफेयर


# उ. कोरिया ने समुद्र में दागी कई बैलिस्टिक मिसाइलें



दक्षिण कोरिया की सेना ने दावा किया है कि उत्तर कोरिया ने सोमवार को कई बैलिस्टिक मिसाइलें समुद्र में दागी है। दक्षिण कोरिया और अमेरिका के संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू होने के कुछ घंटों बाद यह मिसाइलें दागी गयीं। उत्तर कोरिया इस अभ्यास को अतिक्रमण के पूर्वाभ्यास के तौर पर देखता है। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने बताया कि उत्तर कोरिया के ह्वांगहे प्रांत से मिसाइल दागी गयीं, लेकिन उन्होंने यह खुलासा नहीं किया कि मिसाइलें कितनी दूर तक गईं। दक्षिण कोरिया और अमेरिकी सैन्य बलों ने अपना वार्षिक फ्रीडम शील्ड कमांड पोस्ट अभ्यास शुरू किया है जो ग्यारह दिनों तक चलेगा। हालांकि, इससे पहले दक्षिण कोरिया की वायुसेना के दो लड़ाकू विमानों की गलती से नागरिक क्षेत्र में बमबारी करने की घटना के कारण लाइव-फायर प्रशिक्षण को रोक दिया गया था। दक्षिण कोरिया ने इस मामले की जांच की। उत्तर कोरिया ने इन सैन्य अभ्यासों की कड़ी निंदा करते हुए एक सरकारी बयान में इसे खतरनाक बताया।

## ऑफ बीट

# सिक्स-पैक एब्स हासिल करना कठिन क्यों है



बहुत से लोग कुछ ऐसा हासिल करने की उम्मीद में जिम जाना शुरू करते हैं, जिसे लंबे समय से स्वास्थ्य और फिटनेस के पैमाने के रूप में देखा जाता रहा है और वह हैं सिक्स-पैक एब्स अर्थात पेट की उभरी हुई मांसपेशियां। किसी भी मांसपेशी के निर्माण के लिए, आपको उच्च प्रोटीन युक्त आहार खाने के साथ-साथ नियमित रूप से वजन प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है। वजन प्रशिक्षण मांसपेशी प्रोटीन संश्लेषण नामक प्रक्रिया को बढ़ावा देकर काम करता है। चूंकि प्रोटीन हमारी मांसपेशियों के निर्माण खंड हैं, मांसपेशी प्रोटीन संश्लेषण यह सुनिश्चित करता है कि पुराने प्रोटीन जो टूट जाते हैं और हटा दिए जाते हैं, उन्हें बदलने के लिए लगातार नए प्रोटीन बनाए जा रहे हैं। जब आप प्रोटीन युक्त भोजन खाते हैं तो मांसपेशियों में प्रोटीन संश्लेषण भी बढ़ जाता है। लेकिन यदि आप पहले से कुछ वजन प्रशिक्षण करते हैं, तो यह वृद्धि अधिक होगी और यदि आपने कोई व्यायाम नहीं किया है तो उसकी तुलना में लंबे समय तक रहेगा। यदि आप वजन प्रशिक्षण करते हैं और प्रति भोजन कम से कम 20 ग्राम प्रोटीन खाते हैं, तो यह मांसपेशी प्रोटीन संश्लेषण को अधिकतम करता है।

## ट्रेंड

### रक्षा क्षेत्र में प्रतिबद्धता



लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट एमके1ए के लिए पहला रियर फ्यूज़लेज हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को सौंपा गया। यह रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत की प्रगति और रक्षा क्षेत्र में सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।
-राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री

### पौधरोपण में योगदान दें



प्रतिदिन पौधरोपण के संकल्प के क्रम में आज भोपाल स्थित स्मार्ट सिटी पार्क में पौधा रोपा। पेड़-पौधे प्रकृति की अनमोल धरोहर व पर्यावरण के संरक्षक हैं। आप भी विभिन्न अवसरों पर पौधरोपण कर धरती को हरा-भरा बनाने में योगदान दें।
-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री

### वोटर लिस्ट में गड़बड़ी



महाराष्ट्र की वोटर लिस्ट में गड़बड़ियों को लेकर मेरी प्रेस कॉन्फ्रेंस को एक महीने से अधिक हो गया है। मगर पारदर्शिता को लेकर चुनाव आयोग से हमने जो मांगें की थीं, वो अब तक पूरी नहीं की गई हैं। सवाल आज भी वैसे ही बने हुए हैं।
-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### भारतीय टीम को बधाई



भारतीय क्रिकेट टीम ने फाइनल में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए न्यूजीलैंड को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी को जीतकर मां भारती का मान बढ़ाया है। इस ऐतिहासिक सफलता के लिए पूरी टीम को बधाई!
-विजेंदर सिंह, बॉक्सर

**अपने विचार**
हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

**रेलवे में महिला कर्मचारी**

| | |
|---|---|
| लोको पायलट | 2,162 |
| ट्रेन मैनेजर (गार्ड) | 794 |
| स्टेशन मास्टर | 1699 |
| पर्यवेक्षक | 2,360 |
| कर्मचारी | 12,362 |
| टिकट चेकर | 4,446 |
| पॉइंट्समैन | 4,430 |

# भारतीय रेल में एक लाख से अधिक महिलाएं संभाल रहीं बखूबी अपनी जिम्मेदारी

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पिछले 10 वर्षों में भारतीय रेलवे में महिला कर्मचारियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। महिला कर्मचारियों की यह कुल संख्या 1.13 लाख को पार कर गई है, जो कुल वर्कफोर्स का 8.2 प्रतिशत है। यह संख्या 2014 में 6.6 प्रतिशत थी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रेलवे नेटवर्क में प्रमुख परिचालन नौकरियों में महिलाएं बड़ी भूमिका निभा रही हैं। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, वर्तमान में 2,162 महिलाएं लोको पायलट के रूप में काम कर रही हैं, जबकि 794 महिलाओं ने ट्रेन मैनेजर (गार्ड) की भूमिका निभाई है। इसके अलावा, पूरे भारत में 1,699 महिला स्टेशन मास्टर तैनात हैं।





- बीते 10 साल में महिला कर्मचारियों की बढ़ी संख्या
- रेलवे के कुल वर्कफोर्स में 8.2 प्रतिशत महिलाओं का योगदान
- वर्ष 2014 में मात्र 6.6 प्रतिशत ही महिला कर्मचारी थीं

### स्टेशन मास्टर की संख्या में पांच गुना वृद्धि

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारतीय रेलवे में महिला लोको पायलट और स्टेशन मास्टर की संख्या में पांच गुना वृद्धि हुई है। परिचालन भूमिकाओं के अलावा, महिलाएं प्रशासनिक और रखरखाव क्षेत्रों में भी महत्वपूर्ण प्रभाव डाल रही हैं। भारतीय रेलवे में 12,362 महिला कार्यालय कर्मचारी और 2,360 महिला पर्यवेक्षक हैं।

### महिलाएं यात्री सेवाओं में भी सक्रिय रूप से शामिल

ट्रैक रखरखाव में, जो परंपरागत रूप से पुरुष प्रधान क्षेत्र रहा है, अब 7,756 महिलाएं ट्रेनों के सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही हैं। महिलाएं यात्री सेवाओं में भी सक्रिय रूप से शामिल हैं, जिनमें से 4,446 टिकट चेकर के रूप में और 4,430 देश भर के रेलवे स्टेशनों पर 'पॉइंट्समैन' के रूप में काम कर रही हैं।

**दुनिया के सबसे बड़े नियोक्ताओं में से एक है रेलवे :** इसके अलावा, भारतीय रेलवे ने जेंडर इंक्लूजिविटी में विश्वास बढ़ाने के लिए सभी महिला टीमों के साथ कई रेलवे स्टेशनों का संचालन किया है। इनमें माटुंगा, न्यू अमरावती, अजनी और गांधीनगर रेलवे स्टेशन शामिल हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि भारतीय रेलवे, जो दुनिया के सबसे बड़े नियोक्ताओं में से एक है, जिसके विशाल नेटवर्क पर 12.3 लाख से अधिक कर्मचारी काम करते हैं, महिलाओं को सशक्त बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

### होली पर 1450 अतिरिक्त ट्रेनें चलाएगा रेलवे

महाकुंभ के बाद होली के मद्देनजर यात्रियों को उनके घर तक पहुंचाने के लिए रेलवे कमर कस ली है। इस बीच रेलवे बोर्ड में सूचना एवं प्रचार के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने होली के त्योहार के मद्देनजर भीड़ प्रबंधन और अतिरिक्त ट्रेनों के बारे में जानकारी दी। दिलीप कुमार ने कहा कि देश में होली का त्योहार बहुत खास है। इस त्योहार पर लोग भारी संख्या में अपने-अपने घर जाते हैं और इसी को ध्यान में रखते हुए हमने तैयारी की है। इस साल होली के अवसर पर हमने 1450 ट्रेनें चलाने की अधिसूचना जारी कर दी है। ये ट्रेनें देश के अलग-अलग हिस्सों से चलेंगी। नई दिल्ली, आनंद विहार, अहमदाबाद जैसी जगहों से भी ट्रेनें अधिसूचित की गई हैं। पिछले साल हमने देखा कि होली के मौके पर पश्चिम भारत और नई दिल्ली के आसपास के इलाकों से बड़ी संख्या में लोग बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश जाते हैं।

## खबर संक्षेप

### पंजाब:परीक्षा में पूछ डाले पार्टी से जुड़े 2 सवाल

**चंडीगढ़।** कक्षा 12वीं के बोर्ड एग्जाम में बच्चों से मौजूदा सत्ता पक्ष की पार्टी से जुड़े दो सवाल पूछे गए। जिस पर विपक्ष ने आपत्ति जताई है। विपक्ष ने सरकार को भी पत्र लिखने की बात कही है। पंजाब बोर्ड ने परीक्षा में बच्चों के सामने दो सवाल पेपर में दिए। पहला सवाल आम आदमी पार्टी की स्थापना कब हुई थी? जबकि दूसरा सवाल आम आदमी पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों का वर्णन करें।" इन सवालों को लेकर विपक्ष ने सरकार पर बोर्ड को अपने इशारों पर नचाने का आरोप लगाया है।



### फरवरी में घरेलू वेज थाली की कीमत 1% घटी

**नई दिल्ली।** भारत में एक घरेलू वेजिटेरियन थाली की कीमत फरवरी में (सालाना आधार पर) 1% घटकर 27.2 रुपए हो गई। पिछले साल फरवरी 2024 में वेज थाली की कीमत 27.5 रुपए थी। कैपिटल मार्केट कंपनी क्रिसिल ने अपने फूड प्लेट कॉस्ट के मंथली इंडिकेटर में इस बात की जानकारी दी। क्रिसिल ने अपनी 'आरआरआर राइस रोटी रेट' रिपोर्ट में बताया कि वेजिटेरियन थाली की कीमत जनवरी की तुलना में फरवरी में 5% घटी है। जनवरी में वेज की कीमत 28.7 रुपए थी।



### शबाना को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

**बेंगलुरु।** यहां आयोजित 16वें अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कावेरी निवास पर दिग्गज भारतीय अभिनेत्री शबाना आजमी को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया। पुरस्कार के रूप में उन्हें 10 लाख रुपए का चेक भी दिया गया। इस खास मौके पर मशहूर कवि, गीतकार और शबाना के पति जावेद अख्तर भी मौजूद थे। सीएम ने सोशल मीडिया पर शबाना और जावेद की कुछ तस्वीरें शेयर की।



**जश्न को जंग में बदला : महू हिंसा मामले में पुलिस का बड़ा एक्शन**

# जामा मस्जिद क्षेत्र को किया सील, अब तक 13 दबोचे गए, सब पर लगाया जाएगा एनएसए

*प्रशासन ने किसी भी स्थिति से निपटने के लिए वज्र वाहन और अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया है। कलेक्टर ने कहा कि किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा और हिंसा के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महू/इंदौर

महू में रविवार रात चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की जीत का जश्न मना रहे लोगों और एक अन्य पक्ष के बीच हिंसा भड़क गई। जुलूस निकाल रहे लोगों और मस्जिद के पास मौजूद लोगों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि एक-दूसरे पर लोग पत्थरबाजी करने लगे। लोगों ने अपनी जान बचाने के लिए वाहन छोड़कर मौके से भागे। इसके बाद उपद्रवियों ने गाड़ियों और दुकानों में आगजनी शुरू कर दी। हालात बेकाबू होते देख पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया। साथ ही जामा मस्जिद क्षेत्र को सील कर दिया। अभी मौके पर स्थिति सामान्य है। शहर में सन्नाटा पसरा है। पुलिस ने वीडियो फुटेज और गवाहों के बयान के आधार पर एक दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लिया है। दरअसल, भारतीय टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड को हारकर खिताब जीता। इसके बाद महू शहर में रात के समय जीत का जश्न मनाने के लिए कई स्थानों पर जुलूस निकाले जा रहे थे।

### चैंपियंस ट्रॉफी के जीत के जुलूस पर की गई मस्जिद से पत्थरबाजी

- घटना के विरोध में सोमवार को शहर की अधिकांश दुकानें बंद रहीं
- उपद्रवियों ने गाड़ियों और दुकानों में आगजनी कर दी थी
- पुलिस ने वीडियो फुटेज और गवाहों के बयान पर की कार्रवाई



रात में भीड़ ने वाहनों को आग के हवाले कर दिया



**शहर के काजी ने हिंदू पक्ष पर लगाया आरोप...**

### वज्र वाहन और अतिरिक्त पुलिस बल तैनात

इसी दौरान जब एक जुलूस जामा मस्जिद के सामने से गुजरा, तो वहां पर मौजूद कुछ लोगों ने वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारों का विरोध किया। इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह ने बताया कि पुलिस ने एफआईआर दर्ज करते हुए अब तक 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं, कुछ संदिग्धों पर एनएसए (नेशनल सिक्योरिटी एक्ट) के तहत आरोप लगाए जाएंगे। इस घटना के विरोध में सोमवार को शहर की अधिकांश दुकानें बंद रहीं। प्रशासन ने किसी भी स्थिति से निपटने के लिए वज्र वाहन और अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया है।

### 'भारतमाता की जय' के नारे का पत्थर फेंककर विरोध

नारों को लेकर हुए दोनों पक्षों के बीच विवाद धीरे-धीरे बढ़ता गया और जल्द ही झड़प का रूप ले लिया। देखते ही देखते लोग एक-दूसरे पर पथराव करने लगे, जिससे इलाके में भगदड़ मच गई। इस दौरान कुछ असामाजिक तत्वों ने गाड़ियों और दुकानों में आग लगा दी, जिससे स्थिति और बेकाबू हो गई। अचानक हुई पत्थरबाजी में चार लोग घायल हो गए हैं। जिला कलेक्टर ने इसकी पुष्टि की है। घटना के बाद इलाके में तनाव बढ़ गया। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन ने तुरंत पुलिस बल को तैनात किया और हालात को नियंत्रण में लेने के लिए जामा मस्जिद क्षेत्र में बैरिकेडिंग कर दी।

### नारेबाजी के साथ मस्जिद में फेंका गया सुतली बम

शहर के काजी मोहम्मद जाबिर ने कहा कि हिंदू पक्ष ने शुरुआत की थी। ये गलत बात है कि वह सिर्फ भारत माता के नारे लगा रहे थे, इसके अलावा और भी नारे लग रहे थे। काजी ने कहा कि एक सुतली बम मस्जिद में डाला गया। उसके बाद हंगामा हुआ। 10-15 मिनट हम लोगों को समझाते भी रहे। प्रशासन ने भी बात की लेकिन इसके बाद पीछे से पथराव होने लगा। काजी मोहम्मद जुबेर ने कहा कि मस्जिद पर सुतली बम फेंका था, इसलिए कोई मुसलमान मस्जिद छोड़कर नहीं गया। वह खुद सुबह 4बजे तक मस्जिद में रहे थे।

**लोकसभा में राहुल गांधी ने की मांग**

# वोटर लिस्ट पर सवाल उठ रहे, इस पर चर्चा होनी चाहिए



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बजट सत्र के दूसरे भाग के पहले कई मुद्दों पर सत्ता पक्ष और विपक्ष में जमकर बहस देखने को मिली है। वहीं लोकसभा में बोलते हुए कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने एक मांग रखी कि पूरे देश में वोटर लिस्ट पर सवाल उठ रहे हैं। सभी विपक्षी दल वोटर लिस्ट पर सवाल उठा रहे हैं। अब पूरा विपक्ष बस यही कह रहा है कि वोटर लिस्ट पर चर्चा होनी चाहिए। राहुल गांधी ने मामले में कहा कि हम आपकी टिप्पणी को स्वीकार करते हैं कि सरकार मतदाता सूची नहीं बनाती है। लेकिन हम इस मुद्दे पर चर्चा की मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि देश भर में मतदाता सूची पर सवाल उठाए जा रहे हैं। महाराष्ट्र समेत हर राज्य में विपक्ष ने एक स्वर में सवाल उठाए हैं। वहीं इस मामले में राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने कहा चुनाव आयोग सरकार के हाथ में है। अगर लोकतंत्र ऐसे ही चलता रहा और चुनाव आयोग सरकार के लिए पैरवी करता रहा तो जो नतीजे आएंगे वो आपके सामने हैं।

### मतदाता सूची में कुछ खामियां हैं:टीएमसी

इससे पहले, तृणमूल कांग्रेस के सदस्य सौगत रॉय ने कहा कि मतदाता सूची में कुछ खामियां हैं और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने कहा है कि मुर्शिदाबाद और बर्दवान संसदीय क्षेत्रों और हरियाणा में एक ही ईपीआईसी (चुनावी फोटो पहचान पत्र) संख्या वाले मतदाता मौजूद हैं। टीएमसी ने कहा कि तृणमूल का एक प्रतिनिधिमंडल मतदाता सूची पर चिंताओं को उठाने के लिए नवनियुक्त मुख्य चुनाव आयुक्त से मिल रहा है। उन्होंने मतदाता सूचियों में व्यापक संशोधन की भी मांग की, खास तौर पर अगले साल पश्चिम बंगाल और असम में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले।

### आयोग जवाब दे: सौगत रॉय

सौगत रॉय ने दावा किया कि कुछ गंभीर खामियां हैं। महाराष्ट्र के मामले में यह बात कही गई है, जहां मतदाता सूचियों में गड़बड़ी की गई थी। हरियाणा में भी इस बात की ओर ध्यान दिलाया गया। अब वे पश्चिम बंगाल और असम में भी घुसने की कोशिश कर रहे हैं, जहां अगले साल चुनाव होने हैं। तृणमूल नेता ने कहा कि पूरी मतदाता सूचियों में व्यापक संशोधन किया जाना चाहिए। चुनाव आयोग को देश को जवाब देना चाहिए कि सूचियों में कुछ गलतियां क्यों हुईं।

# लोकसभा में गूंजा सीतापुर में पत्रकार की हत्या का मामला

## मनोज तिवारी ने की दिल्ली में पूर्वांचल भवन बनाने की मांग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के सांसद मनोज तिवारी ने सोमवार को लोकसभा में सरकार से राजधानी दिल्ली में एक पूर्वांचल भवन बनाए जाने की मांग की। शून्यकाल में इस मुद्दे को उठाते हुए तिवारी ने दावा किया कि दिल्ली में करीब 45 प्रतिशत आबादी पूर्वांचल मूल के लोगों की है और दिल्ली के विकास में इनका बड़ा योगदान है। समाजवादी पार्टी के सांसद आनंद भदौरिया ने उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले में एक पत्रकार की हत्या का मुद्दा सोमवार को लोकसभा में उठाया और इस घटना की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से कराने का आग्रह किया। कांग्रेस के कई सदस्यों ने केरल में 'आशा' कार्यकर्ताओं के आंदोलन का विषय सोमवार को लोकसभा में उठाया और केंद्र सरकार से आग्रह किया कि बैठक बुलाकर मामले का समाधान किया जाए। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल, शशि थरूर, वीके श्रीकंदन और शफी परम्बिल ने शून्यकाल में इस मुद्दे को उठाया।

■ **सीबीआई जांच की मांग**





### साइबर धोखाधड़ी में 107 करोड़ का नुकसान

सरकार ने लोकसभा में बताया कि चालू वित्त वर्ष में दिसंबर 2024 तक कार्ड, ऑनलाइन माध्यमों से और डिजिटल भुगतान धोखाधड़ी के कारण लोगों को कुल 107 करोड़ का नुकसान हुआ। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि पूरे वित्त वर्ष 2023-24 (अप्रैल-मार्च) में इस तरह की धोखाधड़ी से 177 करोड़ का नुकसान हुआ।

### स्नान के लिए उपयुक्त था गंगा का पानी: केंद्र

केंद्र सरकार ने सोमवार को लोकसभा में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की एक नयी रिपोर्ट का हवाला दिया और कहा कि हाल में संपन्न महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में त्रिवेणी संगम पर गंगा का पानी स्नान के लिए उपयुक्त था। सरकार ने यह भी कहा कि उसने 2022-23, 2023-24 और 2024-25 (9 मार्च तक) में गंगा की सफाई के लिए राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) को कुल 7,421 करोड़ रुपये प्रदान किए हैं।

**दीक्षांत समारोह में पहुंची राष्ट्रपति**

# रोजगार पाने की बजाए रोजगार पैदा करने वाले बनें युवक : मुर्मू

एजेंसी ▶▶ हिसार



राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने सोमवार को हरियाणा के हिसार स्थित गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के छठे दीक्षांत समारोह में उपस्थित विद्यार्थियों, डिग्री व गोल्ड मेडल पाने वाले विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने विद्यार्थी वर्ग से आग्रह किया कि वे शिक्षा हासिल करके रोजगार पाने की मानसिकता को बदलें और रोजगार पाने की बजाय रोजगार उत्पन्न करने वाले बनें। यदि हम ऐसा करते हैं तो यह समाज कल्याण व देश की उन्नति में बहुत बड़ा कदम होगा। उन्होंने कहा कि अपने ज्ञान व कौशल के बल पर विद्यार्थी समाज का कल्याण करें और देश की तरक्की में अपना योगदान दें। उन्होंने खुशी जताई कि समारोह में डिग्री लेने वालों में बेटियों की संख्या ज्यादा है व पदक लेने वालों में बेटियों की संख्या 75 प्रतिशत से ज्यादा है। इसके लिए उन्होंने उपलब्धि प्राप्त बेटियों, उनके परिजनों व शिक्षकों को बधाई दी और कहा कि यह केवल हरियाणा ही नहीं बल्कि देश के विकास व समाज में महिलाओं की बढ़ती भूमिका का प्रमाण है।

### केस की पेनड्राइव, कुछ दस्तावेज और 33 लाख रुपए ले गई ईडी

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर ईडी ने छापेमारी की। यह जांच करीब 10 घंटे तक चली। टीम के जाने के बाद बघेल ने कहा कि, 32-33 लाख रुपए और दस्तावेज टीम ले गई है। इसमें मंतूराम केस की पेनड्राइव भी है। करीब सुबह 8 बजे भूपेश और उनके बेटे चैतन्य के भिलाई-3 पदुमनगर स्थित घर पर चार गाड़ियों में ईडी की टीम पहुंची थी। दोपहर में कार्रवाई के बीच नोट गिनने और सोना जांचने की मशीनें भी मंगाई गई। इस बीच ईडी की कार पर बाहर कुछ लोगों ने पथराव कर दिया। कार्यकर्ताओं और पुलिस की झड़प भी हुई। मंगलवार को कांग्रेस प्रदेशभर में ईडी की कार्रवाई के विरोध में भाजपा और ईडी का पुतला दहन करेगी। 2100 करोड़ रुपए के शराब घोटाले में चैतन्य से जुड़े कई ठिकानों समेत 14 जगहों पर छापे पड़े हैं।



**उत्तर रेलवे**

शुद्धिपत्र

संदर्भ : निविदा सूचना संख्या 97/2024-2025 दिनांक 17.02.2025 क्र.सं. 02
निविदा संख्या 77259006RGC खुलने की तिथि 19.03.2025

उपरोक्त संदर्भित निविदा की कुछ निविदा शर्तों को संशोधित किया गया है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है।

नोट: उपरोक्त संदर्भित निविदा में यह पहला शुद्धिपत्र है।

दिनांक:– 06.03.2025 754/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा **84 BNSS, 2023** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **माइकल पुत्रः अयप्पा, पताः** मकान नं. 229, एच–1, ब्लॉक, मदनगिरी अम्बेडकर नगर, दिल्ली, **FIR No. 186/2014, U/s 379/411/34 IPC,** थानाः आई.पी. एस्टेट, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **माइकल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **माइकल** फरार हो गया हैं या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 186/2014, U/s 379/411/34 IPC,** थानाः आई.पी. एस्टेट, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **माइकल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री प्रीति
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03 (सैंट्रेल)
कमरा नं. 150, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/2758/CD/2025
(Court Matter)

**सुरक्षा के लिए गृह मंत्री अमित शाह तक पहुंच गई चिट्ठी**

**टीपू सुल्तान के दरबारी मीर सादिक से की तुलना**

# अभिनेत्री रश्मिका मंदाना को कांग्रेस विधायक ने सबक सिखाने की दी धमकी, फिर सफाई दी

कांग्रेस विधायक ने बेंगलुरु में आयोजित होने वाले फिल्म समारोह में शामिल होने का निमंत्रण ठुकराने और खुद को हैदराबाद का निवासी बताने के लिए अभिनेत्री की आलोचना की थी

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

अभिनेत्री रश्मिका मंदाना के खुद को 'कर्नाटक के बजाय हैदराबाद से' बताने के मुद्दे ने सियासी रूप ले लिया है। कर्नाटक के सत्तारूढ़ पार्टी के विधायक रवि कुमार गौड़ा (गनीगा) और कन्नड़ कार्यकर्ता टी.ए. नारायण गौड़ा ने इस पर जमकर निशाना साधा। हालांकि रवि कुमार गौड़ा ने अब अपने बयान पर सफाई दी है। उन्होंने कहा कि 'सबक सिखाउंगा' कहने का मेरा मतलब हमला करना नहीं था। मेरा मतलब था कि वो हमारी भूमि और भाषा का सम्मान करें। वहीं कोडवा राष्ट्रीय परिषद (सीएनसी) ने अभिनेत्री का समर्थन करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री और प्रदेश के गृह मंत्री से उनकी सुरक्षा की मांग की है। सीएनसी ने इसके लिए अमित शाह को पत्र भी लिखा है। कांग्रेस विधायक ने कहा कि मेरा मतलब जीवन में सबक सिखाने से था।

### रश्मिका के लिए मांगी सुरक्षा

इधर कोडवा राष्ट्रीय परिषद ने भी अभिनेत्री का समर्थन करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और प्रदेश के गृह मंत्री जी. परमेश्वर से उनकी सुरक्षा की अपील की है। सीएनसी के अध्यक्ष एन.यू. नचप्पा ने शाह और परमेश्वर को लिखे पत्र में आरोप लगाया कि रश्मिका को एक विधायक द्वारा धमकाया।

**सीएनसी ने की सुरक्षा की मांग**



### कन्नड़ कार्यकर्ता ने रश्मिका को बताया मीर सादिक

वहीं, कर्नाटक रक्षणा वेदिके के संयोजक टीए नारायण गौड़ा ने भी कहा कि रश्मिका कोडागु से ताल्लुक रखती हैं और मूल रूप से कन्नडिगा हैं, लेकिन वह खुद को तेलुगु और आंध्र प्रदेश की बेटी बताती हैं। उन्होंने कहा, आप (रश्मिका) यहीं पली-बढ़ी हैं। अगर आप अलग-अलग भाषाओं की फिल्मों में मौका मिलने के बाद कन्नड़ राज्य को भूल जाती हैं, तो हमें लगता है कि आप किस तरह की 'मीर सादिक' हैं।

## खबर संक्षेप



### हॉकी इंडिया ने की 12 करोड़ रुपए इनामी राशि की घोषणा

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने अपने सातवें वार्षिक पुरस्कारों के लिए 12 करोड़ रुपए की रिकॉर्ड पुरस्कार राशि की घोषणा की जिसके लिए आठ श्रेणियों में 32 खिलाड़ियों को नामित किया गया है। वार्षिक पुरस्कार कार्यक्रम शनिवार को यहां आयोजित किया जाएगा जिसमें 2024 सत्र में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार समारोह के प्रमुख आकर्षणों में से एक प्रतिष्ठित बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार है जो वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए दिया जाएगा। यह सर्वश्रेष्ठ पुरुष और सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी को दिया जाएगा। युवा खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया जाएगा। जुगराज सिंह पुरस्कार वर्ष के उभरते हुए सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी जबकि असुंता लाकड़ा पुरस्कार वर्ष की उभरती हुई महिला खिलाड़ी को दिया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न भूमिकाओं में व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिए भी पुरस्कार दिए जाएंगे।

### रोहित ने मैच हमारी पहुंच से दूर किया



**दुबई।** न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनर ने स्वीकार किया कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की असाधारण पारी ने चैंपियन्स ट्रॉफी के फाइनल में दोनों टीमों के बीच अंतर पैदा किया। रोहित ने 83 गेंद में 76 रन की शानदार पारी खेली जिससे भारत ने रविवार को यहां 252 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए करीबी जीत दर्ज की। सेंटनर ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'मुझे लगता है कि रोहित शर्मा ने जिस तरह से खेला उससे मैच हमारी पहुंच से दूर हो गया। भारत ने दुबई की परिस्थितियों को अच्छी तरह समझा और अच्छा क्रिकेट खेला। मुझे लगता है कि यह कड़वा-मीठा अंत रहा।'

### शुभंकर 37वें, अहलावत संयुक्त 42वें स्थान पर रहे

**जोहानिसबर्ग।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा और वीर अहलावत जोबर्ग ओपन में क्रमशः संयुक्त 37वें और संयुक्त 42वें स्थान पर रहे। पहले दो राउंड में 66 और 65 का कार्ड खेलने वाले शुभंकर अंतिम दो राउंड में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। उन्होंने इन दो राउंड में 74 और 72 का स्कोर बनाया जिससे वह नीचे खिसक गए। दूसरे राउंड में 63 का शानदार स्कोर बनाकर कट में जगह बनाने वाले अहलावत ने अंतिम दो राउंड में 72 और 70 का कार्ड खेला। स्कॉटलैंड के कैलम हिल ने तीन खिलाड़ियों के बीच खेले गए प्लेऑफ में दक्षिण अफ्रीका के जैक्स क्रूस्विज्क (66) और शॉन नॉरिस (70) को हराकर खिताब जीता।



### आकर्षण का केंद्र होंगी 3 बार की पैरालंपिक चैंपियन वेनेसा

**नई दिल्ली।** तीन बार की पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता और गत विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की लंबी कूद की खिलाड़ी वेनेसा लोव मंगलवार से यहां शुरू हो रही विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में आकर्षण का केंद्र होंगी। चौंतीस साल की वेनेसा ने 2016 रियो खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के बाद 2021 टोक्यो और 2024 पेरिस पैरालंपिक की लंबी कूद टी63 स्पर्धा में भी शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने 2019 और 2024 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी टी63 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। वेनेसा 2024 पेरिस पैरालंपिक में 5.45 मीटर के प्रयास के साथ मौजूदा विश्व रिकॉर्ड धारक भी हैं। वेनेसा ने 2019 में ऑस्ट्रेलिया का रुख करने से पहले लंदन 2012 और रियो 2016 में जर्मनी का प्रतिनिधित्व किया था।



---

## प्रेस कॉन्फ्रेंस में रोहित ने कहा, 'भविष्य की कोई योजना नहीं, संन्यास नहीं लेने जा रहा'

# वनडे विश्व कप में काफी समय, भारत को बदलाव के दौर में रोहित की जरूरत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चैंपियन्स ट्रॉफी के फाइनल के बाद रविवार को रोहित शर्मा की लंबी प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दो बार ऐसा हुआ जब उनके संन्यास का मुद्दा उठा। दुबई में चैंपियन्स ट्रॉफी में विजयी अभियान के बाद जब पहली बार इस विषय पर उनसे बात की गई तो भारतीय कप्तान रोहित ने खुलकर जवाब दिया, 'भविष्य की कोई योजना नहीं है, जैसे चल रहा है, चलता रहेगा।'उन्होंने अगली बार स्वैच्छिक रूप से इसका जिक्र किया। भारतीय कप्तान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के खत्म होने से ठीक पहले कहा, 'एक और बात। मैं इस प्रारूप से संन्यास नहीं लेने जा रहा, बस यह सुनिश्चित करने के लिए बोला कि आगे कोई अफवाह नहीं फैले।' रोहित का बयान बहुत ही महत्वपूर्ण था क्योंकि जोर 'इस प्रारूप' पर था जो कि 50 ओवर का क्रिकेट है।

रोहित ने पिछले साल वेस्टइंडीज और अमेरिका में टी20 विश्व कप जीतने के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस प्रारूप को अलविदा कह दिया था और टेस्ट क्रिकेट में उनके भविष्य को लेकर सवाल बने हुए हैं क्योंकि भारतीय टीम इस साल गर्मियों में इंग्लैंड का दौरा करेगी। भारतीय कप्तान ने महत्वाकांक्षाओं को जोरदार और स्पष्ट रूप से व्यक्त किया और 2027 विश्व कप को लेकर उनके कुछ अधूरे सपने हैं जिसकी मेजबानी दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया करेंगे।



### रन बनते तक संन्यास नहीं

'वनडे प्रारूप' पर जोर देकर रोहित ने अपने इरादे स्पष्ट कर दिए हैं। जब तक वह रन बना रहे हैं, उम्र कोई बाधा नहीं बनेगी। हालांकि अगले एकदिवसीय विश्व कप तक वह 40 के करीब होंगे। वनडे अब भी उनका पसंदीदा प्रारूप है लेकिन रोहित ने कभी ऐसा नहीं कहा कि वह टेस्ट मैच नहीं खेलना चाहते। असल में ऑस्ट्रेलिया दौरे और उससे पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला को छोड़कर वह टीम के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट बल्लेबाज रहे हैं। जसप्रीत बुमराह ने टेस्ट कप्तान के रूप में अपनी काबिलियत दिखाई है लेकिन रोहित अब भी भारतीय ड्रेसिंग रूम में सबसे सम्मानित नेतृत्वकर्ता हैं।

### बुमराह फिट नहीं, गिल परिपक्व नहीं

बुमराह की फिटनेस संबंधी चिंताओं और चयनकर्ताओं के शुभमन गिल को कुछ और समय के लिए उप कप्तान की भूमिका में रखने की प्राथमिकता के कारण रोहित टीम की अगुआई जारी रखने के लिए आदर्श उम्मीदवार बने हुए हैं क्योंकि टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है। रोहित के लंबे समय से साथी विराट कोहली ने चैंपियन्स ट्रॉफी के फाइनल के बाद कहा कि टीम के मुख्य खिलाड़ी अगले आठ साल तक खेलने के लिए तैयार हैं लेकिन यह उनका कर्तव्य है कि जब भी वह अलविदा कहें तो भारतीय क्रिकेट को अच्छे हाथों में सौंपें।

## पाकिस्तान मेजबान, पुरस्कार वितरण समारोह में नहीं बुलाने पर परेशान

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड दुबई में टूर्नामेंट के समापन समारोह के दौरान अपने सीईओ और चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट के निदेशक सुमैर अहमद सैयद को नजरअंदाज करने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के सामने अपना विरोध दर्ज करेगा। पीसीबी के एक सूत्र ने सोमवार को कहा कि आईसीसी ने इस संबंध में जो स्पष्टीकरण दिया है उससे बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी संतुष्ट नहीं हैं। सूत्र ने कहा, 'आईसीसी ने स्पष्ट किया है कि उसने मोहसिन नकवी के मंच पर आने की तैयारी कर ली थी, इसलिए जब वह फाइनल में नहीं आए तो उसने अपनी योजना बदल दी।' पीसीबी ने इस स्पष्टीकरण को खारिज कर दिया है और कहा है कि आईसीसी ने टूर्नामेंट के दौरान मेजबान देश के रूप में पाकिस्तान की स्थिति के संबंध में कई गलतियां की थीं।



### लोगो में नाम नहीं, भारत का बजा राष्ट्रगान

भारत और बांग्लादेश के बीच खेले गए मैच के सीधे प्रसारण में चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का लोगो बदलना और लाहौर में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच खेले गए मैच में भारतीय राष्ट्रगान बजाना शामिल था। आईसीसी ने दावा किया कि प्लेलिस्ट में गड़बड़ी के कारण त्रुटि को ठीक करने से पहले कुछ सेकंड के लिए भारतीय राष्ट्रगान बज गया था।

### क्या पाकिस्तान मेजबान था?



पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने भी एक्स पर एक वीडियो डालकर कहा, 'भारत ने चैम्पियंस ट्रॉफी जीती लेकिन पीसीबी का कोई प्रतिनिधि फाइनल के बाद नहीं था। पाकिस्तान मेजबान था। मेरी यह समझ में नहीं आया कि पीसीबी से कोई वहां क्यों नहीं था।'

---

## सुकांत, नितेश ने स्पेनिश पैरा बैडमिंटन में जीते स्वर्ण पदक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पेरिस पैरालंपिक चैंपियन कुमार नितेश और सुकांत कदम ने भारत को स्पेन के विटोरिया में स्पेनिश पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल 2025 (दो) में क्रमशः एसएल3 और एसएल4 वर्गों में स्वर्ण पदक दिलाए।

नितेश ने एसएल3 वर्ग के फाइनल में जापान के डेसुके फुजिहारा पर 21-19, 21-19 से जीत दर्ज की जबकि सुकांत ने रविवार को एसएल4 वर्ग में हमवतन भारतीय तरुण को 21-13, 21-10 से हराया। एसएच6 वर्ग में नित्याश्रे ने



पोलैंड के स्जमिगेल को फाइनल में हराकर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। पुरुष युगल में नितेश कुमार और तरुण ने भारत के जगदीश दिल्ली और नवीन शिवकुमार को 21-14, 23-25, 22-20 से हराया। मिश्रित युगल स्पर्धाओं में भी भारत ने अच्छा प्रदर्शन किया। कृष्णा नागर और नित्याश्रे ने इंग्लैंड के शेफर्ड और चूंग को 21-14, 21-11 से हराकर एसएच6 श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता। नितेश कुमार ने मनीषा रामदास के साथ मिलकर एसएल3-एसयू5 श्रेणी में भारत के खाते में एक और स्वर्ण पदक डाला। उन्होंने स्वीडन के रिकड निल्सन और डेनमार्क की हेलो सोफी सागोय को 21-9, 21-15 से हराया। अल्फिया जेम्स ने महिला एकल फाइनल में स्विट्जरलैंड की इलारिया ओल्गियाती को कड़ी टक्कर दी लेकिन उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

## पांड्या का अनोखा सेलिब्रेशन, ट्रॉफी जीतना बड़ी बात नहीं

**दुबई।** चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीतकर भारतीय टीम ने इतिहास रच दिया है। इस जीत के बाद पूरी टीम ने जमकर जश्न मनाया। हालांकि इसमें हार्दिक पांड्या का सेलिब्रेशन सबसे अलग रहा। हार्दिक ने खाबी लेम के आइकॉनिक पोज की नकल उतारी। लेम एक मशहूर सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर हैं। इटली के रहने वाले खाबी लेम के टिकटॉक पर 100 मिलियन फॉलोवर हैं। खाबी टिकटॉक पर प्रॉब्लम सॉल्विंग वीडियो बनाते हैं। इसके बाद वह ऐसा चेहरा बनाते हैं जैसे कि उनके लिए यह प्रॉब्लम सॉल्व करना कोई बड़ी बात थी ही नहीं। हार्दिक पांड्या भी खाबी लेम की ही नकल उतारते हुए यह दिखाते हैं मानो उनके लिए यह ट्रॉफी जीतना कोई बड़ी बात नहीं थी।



## फूलमाली का अर्धशतक बेकार मुंबई ने गुजरात को हराया

**लखनऊ (भाषा)।** गुजरात जायंट्स की टीम भारती फूलमाली (61 रन) के शानदार अर्धशतक के बावजूद सोमवार को यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के रोमांचक मैच में मुंबई इंडियंस से नौ रन से हार गई। मुंबई इंडियंस के अब तालिका में दिल्ली कैपिटल्स के बराबर 10 अंक हैं लेकिन नेट रन रेट के कारण दूसरे स्थान पर बनी हुई है। मुंबई इंडियंस को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से एक और मैच खेलना है जिससे उसका लक्ष्य शीर्ष पर रहकर सीधे फाइनल के लिए क्वालीफाई करने का होगा। दिल्ली कैपिटल्स के साथ ये दोनों टीमें पहले ही प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर चुकी थीं और मुकाबला शीर्ष स्थान के लिए था। गुजरात जायंट्स के आठ मैच में आठ अंक हैं जिससे वह तालिका में तीसरे स्थान पर रहेगी। कप्तान हरमनप्रीत कौर (54 रन) की शानदार अर्धशतकीय पारी से मुंबई इंडियंस ने छह विकेट पर 179 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। पर गुजरात जायंट्स की टीम निचले क्रम की बल्लेबाज भारती फूलमाली (61 रन) ने अर्धशतक जड़कर मैच रोमांचक बना दिया, हालांकि उनकी पारी के बावजूद टीम नौ विकेट पर 170 रन ही बना सकी। मुंबई इंडियंस की अमेलिया केर और हेली मैथ्यूज ने तीन तीन खिलाड़ियों को आउट किया।

## मोटेरा के जख्मों पर दुबई में मरहम लगाकर राहुल ने बदली अपनी और टीम की तकदीर




एजेंसी ▶▶| दुबई

आस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में विजयी छक्का जड़ने वाले केएल राहुल ही थे और न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में संकटमोचक की भूमिका निभाकर भारत को चैम्पियंस ट्रॉफी जिताने में उनका योगदान अनदेखा नहीं किया जा सकता।

यह वही केएल राहुल हैं जिन्होंने 19 नवंबर 2023 को आस्ट्रेलिया के हाथों वनडे विश्व कप फाइनल में भारत की हार के बाद सबसे ज्यादा लानत मलामत झेली थी। जब लगातार दस जीत के साथ फाइनल में पहुंची भारतीय टीम अहमदाबाद में आखिरी मुकाबले में आस्ट्रेलिया के खिलाफ 240 रन पर आउट हो गई और 107 गेंद में 66 रन बनाने पर राहुल आलोचकों का कोपभाजन बने। टी20 विश्व कप के लिए भारत की टीम में भी उन्हें जगह नहीं मिली। मोटेरा के उस फाइनल के सत्रह महीने बाद जब दुबई में चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराकर भारत ने तीसरी बार खिताब जीता तो अंत तक डटे रहे राहुल को जिस तरह कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और हार्दिक पंड्या ने गले से लगाया, उसने साबित कर दिया कि इस जीत में उनकी क्या अहमियत है।

---

### ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप

## चोट-फॉर्म से जूझ रहे शटलरों के सामने होगी कठिन चुनौती




एजेंसी ▶▶| बर्मिंघम

चोटों, स्वास्थ्य संबंधित परेशानियों और खराब फॉर्म से जूझ रहे भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों को मंगलवार से यहां शुरू हो रही ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

प्रकाश पादुकोण की 1980 में ऐतिहासिक जीत और 2001 में पुलेला गोपीचंद की जीत के बाद से कोई भी भारतीय प्रतिष्ठित ऑल इंग्लैंड खिताब जीतने में कामयाब नहीं हुआ है। ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप के बाद बैडमिंटन का सबसे प्रतिष्ठित ताज है। पिछले दो दशकों में भारतीय बैडमिंटन ने नई ऊंचाइयों को छुआ है जिसमें पीवी सिंधु, साइना नेहवाल और किदांबी श्रीकांत जैसे सितारों ने प्रमुख खिताब जीते हैं। हालांकि, विश्व मंच पर अपनी कई सफलताओं के बावजूद कोई भी ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप जीतने में सफल नहीं हो पाया है। साइना और लक्ष्य सेन 2015 और 2022 में उपविजेता रहे जबकि त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी लगातार चरण में सेमीफाइनल में पहुंची।

### चुनौतियों से जूझ रहे भारतीय खिलाड़ी

हर साल, भारतीय दल इस ऐतिहासिक खिताब पर अपनी नजरें गड़ाए रहता है और हर बार उन्हें असफलता मिली है। इस साल चुनौती और भी बड़ी होगी क्योंकि भारत के शीर्ष खिलाड़ी चोट की चिंताओं और अनिरंतर फॉर्म सहित कई कठिनाइयों के साथ बर्मिंघम पहुंचेंगे। पेरिस ओलंपिक में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद भारतीय खिलाड़ियों को 2025 में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए संघर्ष करना पड़ा। सिंधू को चोटों की समस्या का सामना करना पड़ा, एचएस प्रणय चिकनगुनिया से धीरे-धीरे उबरे, लक्ष्य सेन खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी अपने पिता की मृत्यु से उबर रहे हैं जिनका पिछले महीने निधन हो गया था। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू को हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण पिछले महीने एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप से हटना पड़ा था।

## शराब और तंबाकू के एड पर लगाएं रोक

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य मंत्रालय ने आईपीएल को 22 मार्च से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के दौरान 'सरोगेट' विज्ञापनों सहित सभी प्रकार के तंबाकू और शराब के प्रचार पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक अतुल गोयल ने आईपीएल अध्यक्ष अरुण धूमल को लिखे पत्र में कहा कि क्रिकेट खिलाड़ी भारत के युवाओं के लिए आदर्श हैं। उन्हें प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी प्रकार के तंबाकू या शराब के विज्ञापन से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। गोयल ने लिखा, ''आईपीएल को सरोगेट विज्ञापनों सहित तंबाकू और शराब से जुड़े सभी प्रकार के विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगाने वाले नियमों को सख्ती से लागू करना चाहिए।'

## कैपिटल्स की कप्तानी के लिए अक्षर-राहुल के बीच मुकाबला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑलराउंडर अक्षर पटेल और सीनियर विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल आगामी इंडियन प्रीमियर लीग सत्र में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी के लिए दो दावेदार हैं जिसमें गुजरात के खिलाड़ी का पलड़ा थोड़ा भारी है।

ऐसा माना जा रहा है कि चैंपियंस ट्रॉफी के खत्म होने का इंतजार करने के बाद फ्रेंचाइजी के अधिकारी अगले कुछ दिनों में अपने नए कप्तान के नाम की घोषणा करेंगे। दिल्ली कैपिटल्स अपने पहले दो मैच के लिए विशाखापत्तनम जाने से पहले दिल्ली में एक छोटा ट्रेनिंग कम अभ्यास शिविर लगाएगी। अक्षर, राहुल, कुलदीप यादव, दक्षिण अफ्रीका के ट्रिस्टन स्टब्स, ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी जेक फ्रेजर मैकगर्क और मिशेल स्टार्क 17 और 18 मार्च को




विशाखापत्तनम में इकट्ठा होंगे। राहुल हो सकता है कि एक या दो मैच में नहीं खेलें क्योंकि उनकी पत्नी अथिया शेट्टी गर्भवती हैं और यह उनके पहले बच्चे के जन्म की संभावित तारीख पर निर्भर करेगा। कैपिटल्स के साथ अपने सातवें सत्र में 31 वर्षीय अक्षर राहुल की तुलना में टीम का नेतृत्व करने के लिए अधिक संभावित उम्मीदवार दिखते हैं।

## सीनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप फाइनल में हरियाणा का सामना झारखंड से

**पंचकुला। (भाषा)** हरियाणा और झारखंड सोमवार को हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अपने सेमीफाइनल मैच जीतने के बाद डिवीजन ए फाइनल में एक दूसरे से भिड़ेंगे। हरियाणा ने पहले सेमीफाइनल में मिजोरम को 4-0 से हराया जिसमें सोनम (41वें मिनट), मोनिका (42वें मिनट), मनीषा (47वें मिनट) और कप्तान रानी (57वें मिनट) ने एक-एक गोल किया। दूसरे सेमीफाइनल मैच में झारखंड ने निर्धारित समय में गोल रहित रहने के बाद शूटआउट में महाराष्ट्र को 3-2 से हराया। रजनी केरकेट्टा, कप्तान अलबेला रानी टोप्पो और शम्मी बारा ने शूटआउट में झारखंड के लिए गोल किए जबकि काजल सदाशिव अटपडकर और प्रीति ने महाराष्ट्र के लिए गोल किया। फाइनल बुधवार को होगा।

---

### लगातार दूसरी बार आईपीएल के लिए खुद को अनुपलब्ध रखा

## ब्रूक ने दिल्ली के साथ अनुबंध तोड़ा, लगेगा प्रतिबंध

एजेंसी ▶▶| लंदन

इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने 22 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग से पहले दिल्ली कैपिटल्स के साथ अपना अनुबंध समाप्त कर दिया है जिसके लिए उन पर इस टूर्नामेंट में खेलने पर दो साल का प्रतिबंध लग सकता है।

यह लगातार दूसरा सत्र है जबकि इंग्लैंड के इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने आईपीएल के लिए खुद को अनुपलब्ध रखा है। इसके लिए उन्होंने फ्रैंचाइज़ी और उसके समर्थकों से माफ़ी मांगी। ब्रूक ने सोशल मीडिया पर




लिखा, 'मैंने आईपीएल के अगले सत्र से हटने का बहुत मुश्किल फैसला किया है। मैं दिल्ली कैपिटल्स और उनके समर्थकों से बिना शर्त माफी मांगता हूं। यह इंग्लैंड क्रिकेट के लिए वास्तव में महत्वपूर्ण समय है और मैं आगामी श्रृंखला की तैयारी के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध होना चाहता हूं। इसके लिए मुझे अपने अब तक के कॅरियर के सबसे व्यस्त दौर के बाद तरोताजा होने के लिए समय चाहिए। मैं जानता हूं कि हर कोई इसे नहीं समझेगा और मैं उनसे इसकी उम्मीद भी नहीं करता हूं, लेकिन मुझे वह करना होगा जो मुझे लगता है कि सही है और अपने देश के लिए खेलना मेरी प्राथमिकता है और मेरा पूरा ध्यान इसी पर है।' ब्रूक ने अपनी दादी के निधन के कारण आईपीएल के पिछले सत्र से भी नाम वापस ले लिया था।

### दो साल के प्रतिबंध का नियम

भारतीय क्रिकेट बोर्ड के आईपीएल से जुड़े नियमों के अनुसार अगर कोई विदेशी खिलाड़ी नीलामी में चुने जाने के बाद अनफिट नहीं होने की स्थिति में इस टूर्नामेंट में नहीं खेलता है तो उस पर आईपीएल में खेलने पर दो साल का प्रतिबंध लगाया जा सकता है। बीसीसीआई के पिछले साल टीमों के साथ साझा किए गए दस्तावेज़ के अनुसार, 'कोई भी (विदेशी) खिलाड़ी जो नीलामी के लिए पंजीकरण करता है और नीलामी में चुने जाने के बाद सत्र की शुरुआत से पहले खुद को अनुपलब्ध घोषित करता है तो उसे दो सत्र के लिए आईपीएल और आईपीएल नीलामी में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा।'

पीएम मोदी का मॉरीशस दौरा

# भारतीय उच्चायुक्त का दावा- रुपे, यूपीआई समेत कई महत्वपूर्ण समझौते होंगे मॉरीशस के नागरिकों को भारत में डिजिटल भुगतान करने की मिलेगी सुविधा

एजेंसी ▶▶ पोर्ट लुइस

भारत और मॉरीशस के बीच आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी की दो दिवसीय सरकारी यात्रा के दौरान कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। यह जानकारी मॉरीशस में भारत के उच्चायुक्त अनुराग श्रीवास्तव ने दी है। भारतीय उच्चायुक्त ने कहा कि इस यात्रा के दौरान रुपे कार्ड और यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) को मॉरीशस में लॉन्च किया जाएगा। इससे दोनों देशों के बीच आर्थिक जुड़ाव और बढ़ेगा, खासकर पर्यटन और चिकित्सा यात्राओं में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि रुपे और यूपीआई से भारतीय पर्यटकों को मॉरीशस में और मॉरीशस के नागरिकों को भारत में आसानी से डिजिटल भुगतान करने की सुविधा मिलेगी। यह उन लोगों के लिए भी उपयोगी होगा जो भारत में चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए जाते हैं।

द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए होगी चर्चा

दोनों के बीच 851.13 मिलियन अमेरिकी डॉलर का व्यापार


फाइल फोटो

### व्यापारिक संबंध होंगे और मजबूत

भारत और मॉरीशस ने 2021 में व्यापक आर्थिक सहयोग और भागीदारी समझौते (सीईसीपीए) पर हस्ताक्षर किए थे, जो भारत का अफ्रीका के किसी भी देश के साथ पहला व्यापार समझौता था। पीएम की इस यात्रा के दौरान व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए नए व्यापार समझौतों पर भी चर्चा होगी। बता दें, साल 2023-24 में दोनों देशों के बीच कुल व्यापार 851.13 मिलियन अमेरिकी डॉलर का हुआ। जिसमें से भारत से मॉरीशस 778.03 मिलियन डॉलर का निर्यात रहा वहीं, मॉरीशस से भारत को 73.10 मिलियन डॉलर का निर्यात किया गया।

### मॉरीशस खेल उद्योग में निवेश कर रहा

*मॉरीशस के पीएम नवीन रामगुलाम देश के कुल ऋण को जीडीपी के 83% से घटाकर 60% तक लाने की योजना बना रहे हैं। इसके लिए वे विकास भागीदारों, वैश्विक संस्थानों और मित्र देशों के साथ सहयोग कर रहे हैं। इसके अलावा, मॉरीशस अपने अर्थव्यवस्था में विविधता लाने के लिए नए क्षेत्रों जैसे खेल उद्योग में भी निवेश कर रहा है।*

### एमएसएमई सेक्टर को समर्थन देने पर चर्चा



अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि पीएम मोदी की इस यात्रा के दौरान कई मुद्दों पर समझौता होने की संभावना है। जिसमें द्विपक्षीय व्यापार और निवेश बढ़ाने के लिए समझौता, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय अपराधों से निपटने के लिए सहयोग, इसके साथ छोटे और मध्यम उद्यमों (एसएमई) को समर्थन देना और मानव संसाधन और कुशल श्रमिकों के आदान-प्रदान पर चर्चा भी होनी है।

### महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे

श्रीवास्तव ने बताया कि पीएम मोदी मॉरीशस में भारतीय सहायता से निर्मित दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। जिसमें पहला सरकारी सेवाओं के कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने के लिए- सिविल सर्विस कॉलेज प्रोजेक्ट और दूसरा स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए एरिया हेल्थ सेंटर प्रोजेक्ट शामिल है। पीएम मोदी मॉरीशस में सर शिव सागर गुलाम की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। इसके अलावा, वे गंगा तालाब भी जाएंगे, जो मॉरीशस के हिंदू समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है। यह यात्रा पीएम मोदी की पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी, जब से नवीन रामगुलाम सरकार ने पिछले नवंबर में कार्यभार संभाला है।

## खबर संक्षेप

### इंटरनेशनल ड्रग तस्कर शॉन भिंडर गिरफ्तार



**तरनतारन।** तरनतारन पुलिस ने अंतराष्ट्रीय ड्रग माफिया शहनाज सिंह उर्फ शॉन भिंडर को गिरफ्तार किया है, जिसकी तलाश अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई को भी काफी समय से थी। शहनाज सिंह ड्रग तस्करी करने वाले गिरोह का मुख्य सरगना था, जो कोलंबिया से अमेरिका और कनाडा में कोकीन की तस्करी करता था। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि अमेरिका में अपने साथियों की गिरफ्तारी के बाद शहनाज सिंह भारत भाग गया था, लेकिन पंजाब पुलिस ने उसका पीछा कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

### नेपाल में फिर से उठी राजशाही की मांग



**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र शाह कड़ी सुरक्षा के बीच पोखरा से काठमांडू पहुंचे। जैसे ही वे त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उतरे, राजशाही समर्थक राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं सहित सैकड़ों लोगों ने उनके पक्ष में नारे लगाए। भीड़ ने तख्तियां ले रखी थीं, जिन पर लिखा था 'हमें अपना राजा वापस चाहिए', 'गणतांत्रिक प्रणाली को समाप्त करो और राजशाही को पुनः स्थापित करो', 'राजा और देश हमारे प्राणों से भी अधिक प्रिय हैं।'

## खत्म हुआ जस्टिन ट्रूडो का दौर, मार्क कार्नी बने कनाडा के नए पीएम

# भारत के लिए खुशखबर, अब सुधरेंगे संबंध वे रिश्ते मजबूत करने की कर चुके हैं पैरवी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बैंक ऑफ कनाडा और बैंक ऑफ इंग्लैंड के पूर्व गवर्नर मार्क कार्नी मार्क कार्नी को रविवार देर रात कनाडा का नया पीएम चुन लिया गया है। पार्टी ने सोमवार को अपने ऐलान में कहा कि कार्नी पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो की जगह लेंगे। लिबरल पार्टी के अध्यक्ष सचित मेहरा ने लिबरल नेतृत्व की दौड़ में ब्रिटेन और कनाडा के पूर्व केंद्रीय बैंक प्रमुख मार्क कार्नी की जीत की घोषणा की। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कार्नी को कुल 131,674 वोट मिले जोकि कुल मतों का लगभग 85.9% है।

उन्होंने पूर्व वित्त मंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड और पूर्व सरकारी सदन नेता करीना गोल्ड और पूर्व संसद सदस्य फ्रैंक बेलिस को मात दी। क्रिस्टिया फ्रीलैंड को 11,134 वोट मिले, करीना गोल्ड को 4,785 वोट मिले और फ्रैंक बेलिस को 4,038 वोट मिले। जस्टिन ट्रूडो ने अपने कार्यकाल के दौरान भारत के साथ संबंधों में खटास लाने के लिए कोई असर नहीं छोड़ी। लेकिन मार्क कार्नी इसे बेहतर बना सकते हैं। ऐसा माना जा रहा है कि भारत और कनाडा के संबंध एक बार फिर से सुधरेंगे क्योंकि कार्नी वहीं शख्स हैं, जिन्होंने हाल ही में कहा था कि भारत के साथ रिश्ते फिर से मजबूत करने चाहिए।

### कनाडा किसी भी तरह अमेरिका का हिस्सा नहीं होगा

**खास बातें**

- कार्नी को कुल 131,674 वोट मिले जो कुल मतों का 85.9% है
- कार्नी एक बैंकर और अर्थशास्त्री हैं




पीएम चुने जाने के बाद मार्क कार्नी ने अपने भाषण में ट्रंप की नीतियों की जमकर आलोचना की। कार्नी ने कहा कि कोई है जो हमारी अर्थव्यवस्था को कमजोर करने की कोशिश कर रहा है। जैसा कि हम जानते हैं, डोनाल्ड ट्रंप ने हम जो बनाते हैं, जो बेचते हैं और जिस तरह से हम अपना जीवन यापन करते हैं, उस पर अनुचित टैरिफ लगाए हैं। वह कनाडाई परिवारों, मजदूरों और व्यवसायों पर हमला कर रहा है और हम उसे सफल नहीं होने देंगे। कनाडा तब तक जवाबी टैरिफ लगाए रखेगा जब तक अमेरिका की ओर से उसे सम्मान नहीं मिलता। कनाडा को अमेरिका का 51 वां राज्य बनाने के ट्रंप के बयान पर कार्नी ने कहा कि हमने इसे दुनिया का सबसे महान देश बनाया है और अब हमारे पड़ोसी हमें हड़पना चाहते हैं। ऐसा बिल्कुल नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि अमेरिकी हमारे संसाधन, पानी, हमारी जमीन, हमारा देश चाहते हैं। इसके बारे में सोचें, अगर वे सफल हो गए, तो वे हमारे जीवन जीने के तरीके को खत्म कर देंगे। अमेरिका एक पिघलने वाला बर्तन है और कनाडा एक मोजेक है। अमेरिका कनाडा नहीं है, कनाडा कभी भी किसी भी तरह, आकार या रूप में अमेरिका का हिस्सा नहीं होगा।

### ट्रूडो ने छोड़ा पद



जस्टिन ट्रूडो ने लिबरल पार्टी के लीडर का पद छोड़ दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर लिखा कि मैं लिबरल पार्टी के नेता के रूप में उसी आशा और कड़ी मेहनत के साथ विदा ले रहा हूँ, जैसा कि मैंने शुरू में किया था। इस पार्टी और इस देश के लिए काफी उम्मीदें हैं। उन लाखों कनाडाई लोगों की वजह से जो हर दिन साबित करते हैं कि बेहतर हमेशा संभव है। बता दें कि ट्रूडो ने जनवरी में ही पार्टी को देश के नया पीएम चुनने को कह दिया था।

### 2012 में ठुकराया था वित्त मंत्री का पद

नॉर्थवेस्ट टेरिटरीज कनाडा में जन्मे मार्क कार्नी का बचपन एडमंटन में बीता। उन्होंने अमेरिका के हार्वर्ड यूनिवर्सिटी से अर्थशास्त्र की पढ़ाई की। इसके उन्होंने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से मास्टर की डिग्री हासिल की फिर 1995 में अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधि हासिल की। साल 2008 में उन्हें बैंक ऑफ कनाडा का गवर्नर नियुक्त किया गया। साल 2010 में दुनिया की मशहूर मैगजीन टाइम ने उन्हें विश्व के 25 सबसे प्रभावशाली नेताओं में एक बताया। इसके अलावा साल 2012 में यूरोमनी मैगजीन ने उन्हें 'सेंट्रल बैंक गवर्नर ऑफ द ईयर' घोषित किया। साल 2013 में वह बैंक ऑफ इंग्लैंड के भी गवर्नर बने थे। हाल ही में उन्हें संयुक्त राष्ट्र के जलवायु कार्रवाई और वित्त पर विशेष दूत जैसे महत्वपूर्ण पद संभाल चुके हैं। वो ब्रुकफील्ड एसेट मैनेजमेंट में ट्रांजिशन इन्वेस्टिंग के पद पर भी रह चुके हैं। उन्हें 2012 में ही तत्कालीन पीएम स्टीफन हार्पर ने वित्त मंत्री बनने का मौका दिया था। लेकिन उन्होंने इस प्रस्ताव को नकार दिया था।

## पोर्ट लुइस पहुंचा इंफाल युद्धपोत

# कल मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में भाग लेगा



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

इस सप्ताह 12 मार्च को आयोजित किए जाने वाले मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में भाग लेने के लिए भारतीय नौसेना का इंफाल युद्धपोत सोमवार को पोर्ट लुइस पहुंचा। उसके साथ सशस्त्र सेनाओं का दस्ता, नौसेना का बैंड और हेलिकॉप्टर भी शामिल है। यह सभी मॉरीशस के चैंप्स डी मार्स में आयोजित किए जाने वाले राष्ट्रीय दिवस से जुड़े फ्लाईपास्ट में शामिल होंगे। नौसेना ने सोमवार को बताया कि मॉरीशस की राजधानी पोर्ट लुइस में नौसैन्य युद्धपोत की यह पहली बंदरगाह की यात्रा है। भारत की तरफ से मुख्य अतिथि के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस समारोह में शिरकत करेंगे। इस वर्ष मॉरीशस का 57 वां राष्ट्रीय दिवस समारोह आयोजित किया जा रहा है।

### 14 मार्च तक होगा पोर्ट लुइस का पड़ाव

नौसेना ने कहा कि इंफाल युद्धपोत मॉरीशस में 10 से 14 मार्च तक रहेगा। जिसमें वह वहां पर आयोजित की जाने वाले विभिन्न गतिविधियों में भाग लेगा। इनमें प्रशिक्षण से लेकर सांस्कृतिक आदान-प्रदान, अंतर प्रशिक्षण से जुड़ी यात्राएं, खेलकूद कार्यक्रम और सामुदायिक भागीदारी मुख्य रूप से शामिल हैं। यह गतिविधियों दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों और समुद्री सुरक्षा सहयोग को मजबूती प्रदान करेंगी। इंफाल की इस यात्रा के दौरान वह एक संयुक्त विशिष्ट आर्थिक जोन निगरानी और मॉरीशस की नौसेना के साथ युद्धाभ्यास में भी शामिल होगा। नौसैन्य युद्धपोत की यह तमाम गतिविधियां भारत की पड़ोस सबसे पहले और सागर विजन पर आधारित हैं। करीब एक दशक पहले 2015 में इसकी अद्भुत मिसाल पेश करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने मॉरीशस के राष्ट्रीय तटरक्षक बल में भारत में निर्मित बारकुड़ा जहाज को कमीशन किया था। यह हिंद महासागर क्षेत्र के अपने मित्र राष्ट्रों की सुरक्षा, स्थिरता को बढ़ावा देने की भारत की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

### 2023 में कमीशन हुआ इंफाल

इंफाल युद्धपोत भारतीय नौसेना में दिसंबर 2023 में कमीशन हुआ था। यह बल की प्रोजेक्ट 15-बी (विशाखापट्टनम श्रेणी) का तीसरा विध्वंसक युद्धपोत है। इसमें स्टेट ऑफ द आर्ट हथियार, सेंसर और अन्य घातक सैन्य उपकरण लगे हुए हैं। यह युद्धपोत नौसेना में ही नहीं बल्कि दुनिया में तकनीकी रूप से बेहद उन्नत जंगी युद्धपोतों में शामिल है।

## बर्फ से बने शिवलिंग की पूजा



**लाहौर स्पिति।** हिमाचल प्रदेश के लाहौर स्पिति जिले के मदगरण गांव में शिवलिंग की पूजा करते श्रद्धालुगण। स्थानीय मान्यता के अनुसार यूर त्यौहार के दौरान ग्रामीण बर्फबारी के बाद 12 फीट ऊंचा बर्फ का शिवलिंग बनाकर उसकी पूजा करते हैं।

## केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा पहुंची न्यूयॉर्क

# महिलाओं और बालिकाओं के समग्र विकास की योजनाओं को करेंगी पेश

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय न्यूयॉर्क में होने वाले 69वें महिलाओं की स्थिति पर आयोग (सीएसडब्ल्यू) सत्र में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगी। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के जारी बयान के अनुसार, सत्र सोमवार को शुरू हुआ इसमें लैंगिक समानता व महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर दुनियाभर में हुई प्रगति पर बात हुई।

इस साल का सत्र खास है क्योंकि यह महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए दूरदर्शी एजेंडे बीजिंग घोषणापत्र और कार्रवाई मंच के 30 साल पूरे होने के साथ मनाया जा रहा है। इस वर्ष का सत्र 10 से 21 मार्च तक चलेगा। अन्नपूर्णा देवी इस सत्र में भारत की तरफ से राष्ट्रीय वक्तव्य देंगी। इसमें वे पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं और बालिकाओं के समग्र विकास के लिए सरकार की पहल और योजनाओं को पेश करेंगी। वे इस दौरान वे बीजिंग घोषणापत्र और कार्रवाई मंच सहित संयुक्त राष्ट्र के 2030 सतत विकास एजेंडे को लागू करने की रफ्तार को तेज करने और इसके लिए संसाधनों को सुनिश्चित करने पर होने वाली अहम बातचीत में भी शामिल होंगी।



न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लक्सन पांच दिवसीय यात्रा पर आएंगे भारत

# पीएम मोदी के साथ करेंगे मुलाकात, द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर होगी विस्तृत चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लक्सन पांच दिवसीय (16-20 मार्च) आधिकारिक यात्रा पर भारत आएंगे। इस दौरान उनके साथ एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आएगा, जिसमें मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी, व्यवसाय, मीडिया और न्यूजीलैंड में भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्य शामिल होंगे। पीएम के तौर पर क्रिस्टोफर लक्सन की यह पहली भारत यात्रा होगी। वे 20 मार्च को वेलिंगटन लौटने से पहले नई दिल्ली और मुंबई का दौरा करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार अपनी यात्रा के दौरान पीएम लक्सन 17 मार्च को पीएम नरेंद्र मोदी के साथ भारत-न्यूजीलैंड संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करेंगे। पीएम मोदी अतिथि के सम्मान में दोपहर के भोजन का आयोजन करेंगे। उसी दिन उनका राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात का कार्यक्रम है।



### 19-20 मार्च को मुंबई का करेंगे दौरा

पीएम लक्सन 17 मार्च को नई दिल्ली में 10वें रायसीना डायलॉग 2025 के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और मुख्य भाषण देंगे। वे 19-20 मार्च को मुंबई का दौरा करेंगे, जहां वे भारतीय व्यापार जगत के नेताओं और विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार पीएम लक्सन की यात्रा भारत-न्यूजीलैंड के बीच दीर्घकालिक और स्थायी संबंधों को रेखांकित करती है। यह सभी क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने और हमारे लोगों के बीच घनिष्ठ संबंधों को गहरा करने के लिए दोनों देशों की निरंतर प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

## गुलमर्ग में फैशन शो कराना पड़ा भारी

# आयोजकों ने मांगी माफी, सोशल मीडिया से वीडियो कर दिए डिलीट

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में आउटडोर फैशन शो आयोजित करने वाले आयोजकों को भारी पड़ा गया। हंगामे और भारी विरोध के बाद फैशन डिजाइनर शिवन और नरेश ने माफी मांग ली है। डिजाइनरों को कहना है कि रमजान के दौरान फैशन शो आयोजित किए जाने से लोगों को ठेस पहुंची है, उसके लिए हमें गहरा खेद है। हमारा एकमात्र मकसद क्रिएटिविटी का जश्न मनाना था। डिजाइनर जोड़ी शिवम और नरेश द्वारा आयोजित एले इंडिया फैशन शो में मॉडल बर्फ से ढके रैंप पर चलते हुए दिखाई दिए। ये वीडियो एले ने अपने इंस्टाग्राम थ्रेड्स अकाउंट पर पोस्ट



### सीएम अबदुल्ला ने दिए जांच के आदेश

कई कश्मीरी राजनीतिक नेताओं और सोशल मीडिया पर लोगों ने इस घटना को अश्लील बताया, क्योंकि यह रमजान के महीने के दौरान हुई। इस विवाद पर सीएम उमर अब्दुल्ला के कार्यालय ने कहा कि आयोजकों पर गुस्सा करते हुए आदेश दिया कि 24 घंटे के अंदर एक रिपोर्ट पेश की जाए, जिसके आधार पर इस मामले में कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले सोमवार को जम्मू-कश्मीर विधानसभा में गुलमर्ग में फैशन शो को लेकर हंगामा हुआ।

## 23 मार्च तक किर्गिस्तान के तोकमोक में आयोजित किया जाएगा

# भारत-किर्गिस्तान की सेनाओं के बीच शुरू हुआ 'खंजर-12' युद्धाभ्यास

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से चिंताजनक बने हुए वैश्विक माहौल के मध्य भारत और किर्गिस्तान की सेनाओं के बीच सोमवार से खंजर-12 नामक संयुक्त युद्धाभ्यास की शुरुआत हो गई है। इसमें दोनों देशों के विशेष बल (एसएफ) भाग ले रहे हैं। भारतीय सैन्य दल की अगुवाई पैराशूट रेजिमेंट (एसएफ) कर रही है। जबकि किर्गिस्तान की सेना का नेतृत्व किर्गिस स्कॉर्पियन ब्रिगेड कर रही है। सेना ने 10 मार्च को जारी एक बयान में बताया कि खंजर युद्धाभ्यास 10 से 23 मार्च तक किर्गिस्तान के तोकमोक में आयोजित किया जाएगा। इसका उद्देश्य भारत और किर्गिस्तान की सेनाओं के बीच संयुक्त राष्ट्र संघ के आदेश के तहत अंतर संचालनीयता को बढ़ाना, शहरी युद्ध परिदृश्य और अत्यधिक ऊंचाई वाले मुश्किल हालात में अभियान चलाने पर ध्यान केंद्रित करना, आतंकवाद रोधी गतिविधियों और विशेष बलों से जुड़ी घात लगाकर हमला करने वाले युद्ध कौशल यानी स्नाइपिंग में अपनी क्षमता को सुदृढ़ करने, चुनौतीपूर्ण इमारतों में प्रवेश और जंगलों में चलाए जाने वाले अभियान मुख्य हैं। युद्धाभ्यास से एक ओर दोनों सेनाओं के बीच सैन्य सहयोग और अंतर संचालनीयता बढ़ेगी। वही, दूसरी ओर एक दूसरे की अच्छी आदतों का आदान-प्रदान किया जा सकेगा।

### इस वर्ष युद्धाभ्यास का है 12वां संस्करण




इस वर्ष खंजर-12 युद्धाभ्यास का 12वां संस्करण आयोजित किया जा रहा है। वास्तविक रूप से इसका 2011 में शुरुआत की गई थी। जिसके बाद यह लगातार संयुक्त अभ्यास के रूप में विकसित होते हुए क्रमवार रूप से एक साल भारत में और एक साल किर्गिस्तान में आयोजित किया जा रहा है। इसका पिछला 11वां संस्करण पिछले साल जनवरी 2024 में भारत में आयोजित किया गया था। युद्धाभ्यास के जटिल चरण के साथ दोनों पक्षों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान को भी बढ़ावा मिलेगा। इसमें किर्गिस्तान द्वारा आयोजित किया जाने वाला नवरोज का त्यौहार भी शामिल है। युद्धाभ्यास से भारत और किर्गिस्तान के द्विपक्षीय और सामरिक संबंधों को काफी बढ़ावा मिलेगा। साथ ही अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद और चरमपंथ की दोनों देशों की साझा चिंता का भी संयुक्त रूप से अवलोकन करने में मदद मिलेगी। इसके अलावा क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और स्थिरता को लेकर बनी हुई दोनों की प्रतिबद्धता भी प्रदर्शित होगी।

### संपन्न हुआ धर्म गार्डियन युद्धाभ्यास

*उधर, इन सबके बीच भारत और जापान की सेनाओं के बीच बीते 24 फरवरी से चल रहा संयुक्त युद्धाभ्यास धर्म गार्डियन सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है। इस बार इसका छठा संस्करण जापान के पूर्वी फुजी प्रशिक्षण क्षेत्र में आयोजित किया गया था। सेना ने बताया कि यह युद्धाभ्यास बीते 9 मार्च को खत्म हुआ है। जिसमें समापन समारोह में जापान की सेल्फ डिफेंस फोर्स के कमांडिंग जनरल लेफ्टिनेंट जनरल टोरिउमी सेजी शामिल हुए। अपने संबोधन में उन्होंने संयुक्त युद्धाभ्यास के आयोजन पर संतुष्टि प्रकट की और कहा कि इससे दोनों देशों के रक्षा संबंधों को और अधिक मजबूती मिलेगी।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109